
फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 163 प्रभात जयपुर, शनिवार 13 जनवरी, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Filth Foraging Wildlife** Many tigers have begun foraying into human-dominated insufficiently protected forests, where they must contend with the pressures of sharing space with human communities. **Biodiversity Boost** The forest carbon potential has been a highly controversial topic




# क्या राहुल गांधी ने 2024 के चुनाव होने से पहले ही हार मान ली है?

## क्योंकि, कांग्रेस नेतृत्व ने सुनील कानूनगोलू से लोकसभा के बजाय हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर फोकस करने को कहा है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जनवरी। क्या राहुल गांधी एण्ड कंपनी ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव शुरु होने से पूर्व ही पराजय स्वीकार कर ली है?

कांग्रेस पार्टी की दशा से अवगत करवाने वाले एक दिलचस्प घटनाक्रम में पार्टी के मुख्य रणनीतिकार एवं राहुल गांधी के चहेते सुनील कानुनगोलू को कहा गया है कि वह लोकसभा चुनावों पर फोकस ना कर हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीतने पर अपना ध्यान केन्द्रित करें क्योंकि राहुल इन्हीं दो राज्यों में सक्रिय रहेंगे।

सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस में फण्ड्स की पहले ही कमी है, फिर भी राहुल की छवि एवं ब्रैण्ड नेम में ओर इजाफा करने को लेकर उनकी न्याय यात्रा के लिए एक मोटी रकम का प्रावधान किया गया है।

- सूत्रों का कहना है कि, कांग्रेस पहले से ही फंड की कमी से जूझ रही है और जो कुछ भी बचा हुआ फंड है उसका बड़ा भाग राहुल गांधी की न्याय यात्रा को दे दिया गया है।
- सूत्रों ने कहा कि, भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मुख्य उद्देश्य राहुल गांधी की ''ब्रैण्ड इमेज'' बनाना है।
- लोकसभा चुनाव के लिए ऑल इंडिया सर्वे कराने सभी राज्यों में टीम तैनात करने, निजी कम्पनियों की सेवाएं लेने के लिए कांग्रेस के पास पैसा नहीं है।
- ऐसा लगता है कि, कांग्रेस जान गई है कि, लोकसभा चुनाव में जीतने की संभावना तो ना के बराबर है तो फिर सर्वे पर पैसा क्यों बरबाद किया जाए।

उन्होंने आगे बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए देश भर में सर्वे कराना, इसके लिए विभिन्न राज्यों में टीमों के गठन और लोगों को हायर करने में भारी धनराशि की जरुरत होती है और ऐसे मौके पर कांग्रेस ये खर्चे वहन नहीं कर सकती, जबकि वह स्वयं क्राउड फंडिंग के माध्यम से धन एकत्रित करने में वयस्त है। क्राउड फंडिंग के लिए कांग्रेस द्वारा दिए गए लिंक को लेकर भी विवाद है। बताया जाता है कि इस लिंक के माध्यम से कांग्रेस को दिए जाने वाले चंदे की राशि भाजपा को ट्रांसफर हो गई थी।

जहां तक चुनावों की बात है, तो राहुल गांधी कानुनगोलू पर निर्भर रहते आए हैं क्योंकि राजस्थान को लेकर उनके द्वारा किया गया सर्वे सटीक रहा था। तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस को मिली जीत का श्रेय भी उन्हें ही दिया जाता है।

लेकिन, अब ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस को यह आभास हो गया है कि उसकी हालत पतली है तथा उसकी जीत की संभावना ना के बराबर है, इसलिए पार्टी के अधिकांश फण्ड को जब राहुल गांधी और उनकी यात्रा पर ही खर्च करना चाहिए। सर्वे व अन्य संबंधित गतिविधियों पर धन क्यों खर्च किया जाए?

कांग्रेस पार्टी के लिए आने वाले दिन संशयात्मक प्रतीत होते हैं।

## 9 राज्यों के पार्टी समन्वयकों से वार्ता की खड़गे ने

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जनवरी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को अपनी पार्टी के गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र, गोवा, दमन व दीव और दादरा व नगर हवेली समन्वयकों से चुनावों को लेकर चर्चा की।

- लोकसभा चुनाव की तैयारी में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। शुक्रवार को उन्होंने राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, छत्तीसगढ़, गोवा, दमन दीव एवं दादरा नगर हवेली के पार्टी समन्वयकों से चुनाव तैयारी पर चर्चा की।

उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारी के मद्देनजर कांग्रेस की प्रगति के बारे में समन्वयकों के विचार जाने।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'आम जनता सभी 25 सीटों पर कमल खिलाएगी'

## मुख्यमंत्री भजन लाल ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित बैठक में दावा किया




*लोकसभा चुनावों से संबंधित कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा के लिए आयोजित भाजपा की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल सहित प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह तथा केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह और अनेक वरिष्ठ नेता शामिल हुए।*

जयपुर, 12 जनवरी (का.सं.)। भाजपा ने लोक सभा चुनाव की तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। इसके लिए आज दिल्ली रोड स्थित एक रिसोर्ट में लोक सभा से संबंधित कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा हुई । इस चर्चा में प्रदेश की कोर कमेटी, प्रदेश के पदाधिकारी, मंत्री, प्रमुख नेता मौजूद थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बैठक में कहा कि, भाजपा की सरकार सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए आयी है और हम डबल इंजन की सरकार के ज़रिये प्रदेश की जनता को निश्चित रूप से मोदी जी की दी हुई गारंटी पूरा कर रहे हैं । हमने आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प पत्र में किए हुए वादों में से एक महीने में ही लगभग 10 गारंटीयों को पूरा करने का काम किया है। जिनमें 450 रुपए में सिलेंडर ,पेपर लीक अपराधियों के लिए एसआईटी,गैंगस्टरों के उन्मूलन के लिये एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स, सीबीआई को जाँच की अनुमति, श्री अन्नपूर्णा रसोई, भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरैंस आदि शामिल हैं। वास्तव में अब जनता को यह लगा है कि भाजपा की यह सरकार सेवक सरकार है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीकी प्रेरणा से हम विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी ज़बरदस्त तरीक़े से आगे बढ़ रहे हैं।

- यह बैठक दिल्ली रोड स्थित रिसॉर्ट में हुई जिसमें लोकसभा चुनाव से संबंधित योजना पर चर्चा हुई। बैठक में भाजपा की प्रदेश कोर कमेटी के पदाधिकारी, प्रमुख नेता व मंत्री शामिल हुए।
- मुख्यमंत्री शर्मा ने दावा किया कि, प्रदेश सरकार ने भाजपा के घोषणा पत्र में दी गई दस गारंटियों को एक महीने में पूरा कर दिया है। जनता भी समझ गई है कि भाजपा सेवा करने के लिए सत्ता में आई है।

राजस्थान विकसित भारत संकल्प यात्रा ने क़रीबन 1 करोड़ से भी अधिक लोगों से संपर्क कर उनकी समस्याओं को हल किया है एवं विभिन्न केंद्रीय योजनाओं से उन सभी को जोड़ा है।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता का आशीर्वाद विधानसभा में भाजपा को मिला और अब आमजन भाजपा को 25 लोक सभा सीटों में से 25 सीटें जिताकर और 2024 में मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाकर देश की सेवा का मौक़ा देंगी।

बैठक के कुल छह सत्र हुए। जिनमें संगठन स्तर पर गतिविधियां, मोदी सरकार के कामों को घर-घर पहुंचाने, राजस्थान सरकार की मोदी की गारंटी स्कीम्स को चुनाव पूर्व लागू करने के अलावा राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या चलो अभियान विषयों पर गहनता से चर्चा हुई।

अयोध्या चलो अभियान में भाजपा द्वारा हर विधानसभा से 2000 से 2500 हजार लोगों को अयोध्या ले जाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई है। बैठक में विकसित संकल्प यात्रा को बूथ स्तर पर ले जाने एवं मोदी की गारंटी वाली योजनाओं के बारे में बूथ स्तर पर प्रचार करने के बारे में भी चर्चा की गई। इसके लिए, सभी विधायको, सांसदों, पार्टी प्रदेश पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

निजी कारणों के चलते पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे, व्यस्तता के चलते डिप्टी सीएम दीया कुमारी बैठक में नहीं आ सकीं।

बैठक में 22 जनवरी को मंदिर में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'क्या शंकराचार्य को भी हिन्दू विरोधी कहा जाएगा'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जनवरी। अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में कांग्रेस के शामिल नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी ने इसे 'हिन्दू -विरोधी' करार दिया है। कांग्रेस ने इसके जवाब में कहा, कि जब शंकराचार्यगण ने इस समारोह में उपस्थित नहीं होने का निर्णय लिया है तो उसने भी समारोह में नहीं जाने का फैसला किया है। शंकराचार्यों ने कहा है कि यह समारोह संहिताओं में निर्दिष्ट दिशा निर्देशों के विरुद्ध किया जा रहा है। कांग्रेस सोशल मीडिया की

- राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में नहीं जाने पर भाजपा द्वारा हिन्दू विरोधी करार दिए जाने पर कांग्रेस ने सवाल किया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक में कांग्रेस की जीत से बना माहौल तेलंगाना के बाद आंध्र में भी असर दिखा रहा है

## कांग्रेस के आंतरिक सर्वे बता रहे हैं कि, लोकसभा चुनावों में भी कांग्रेस को इन राज्यों से अच्छी बढ़त मिल सकती है

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जनवरी। कर्नाटक एक बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। गत वर्ष प्रतिकूल संयोंगों के बावजूद जिस तरह विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत हुई उसका असर पड़ोसी राज्यों, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भी नज़र आ रहा है। कांग्रेस पार्टी के अंदरुनी सर्वे संकेत दे रहे हैं कि, ज़मीनी स्तर पर राजनीतिक समीकरणों में जो राजनीतिक बदलाव किए गए हैं उसके आधार पर इन राज्यों में पार्टी की स्थिति अच्छी हो सकती है और लोकसभा सीट स्तर पर सत्ता विरोधी भावनाएं भी पार्टी को लाभ पहुँचा सकती हैं।

- कर्नाटक में अगर कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव वाला प्रदर्शन दोहराया तो यहां पार्टी 10 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीत रही है और इससे ज्यादा भी जीत सकती है।
- भाजपा, जो गत चुनाव में कर्नाटक की 28 लोकसभी सीटों में से 25 पर विजयी रही थी, यह बात जानती है।
- कर्नाटक, जो दक्षिण भारत में भाजपा का एक मात्र गढ़ है, को अपने पास रखने के लिए भाजपा कांग्रेस और अपने सांसदों के खिलाफ व्याप्त ''एंटी इन्कम्बैंसी'' को मात देने के लिए प्रत्याशी बदलने का जांचा परखा फॉर्मूला अपना सकती है।

कांग्रेस का 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रदर्शन, पिछले आम चुनावों की तुलना में बेहतर हो सकता है, जब भाजपा ने 28 में से 25 सीटें जीती थीं। वैसे भी, यदि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन देखा जाए तो कहा जा सकता है कि, लोकसभा चुनावों में उसे ''डबल डिजिट'' में सीटें मिल सकती हैं। जिसका नुकसान, स्पष्ट रुप से भाजपा को ही होगा।

नवीनतम निजी सर्वे के अनुसार, जो कांग्रेस ने करवाया है, कांग्रेस दस से अधिक सीटें जीत सकती है। और यदि ऐसा हुआ, तो पूरी संभावना है कि कांग्रेस भाजपा की सीटें ही लेगी।

भाजपा भी यह बात समझ रही है और दक्षिण भारत में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए कर्नाटक पर ही पूरा फोकस कर रही है। कहा जा रहा है कि, भाजपा, ''एंटी इन्कम्बैंसी'' को बेअसर करने और कांग्रेस के अभियान को मात देने के लिए प्रत्याशी बदलने का जांचा परखा फॉर्मूला अपनाएगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'श्रृंगेरी और द्वारका पीठ के शंकराचार्यों ने राम मंदिर ''प्राण प्रतिष्ठा'' का स्वागत किया'

## विश्व हिन्दू परिषद के वर्किंग प्रैसिडैंट आलोक कुमार ने दावा किया

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जनवरी। चार में से दो शंकराचार्यों, जो कि सनातन हिन्दू धर्म के सर्वश्रेष्ठ गुरु माने जाते हैं, ने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समारोह से संबंधित आपत्तियों पर अपना रुख कथित तौर पर नर्म कर लिया है। लेकिन सभी चार शंकराचार्यों के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होने, इस भव्य आयोजन की चमक कुछ फीकी पड़ सकती है।

हालांकि, चारों धर्मगुरुओं ने कठोर आपत्तियाँ दर्ज की हैं, लेकिन विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष, आलोक कुमार के अनुसार, द्वारका और श्रृंगेरी के शंकराचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह का स्वागत किया है। पुरी के शंकराचार्य भी समारोह के पक्ष में हैं और सभी शंकराचार्य उचित समय पर रामलला के दर्शन करने अयोध्या जायेंगे।

- गत कुछ दिनों से चारों शंकराचार्यों द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का विरोध किए जाने को लेकर भारी विवाद चल रहा है।
- शंकराचार्य को सनातन हिन्दू धर्म का सर्वोच्च गुरू माना जाता है और राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में इनका शामिल नहीं होना भाजपा व आर.एस.एस. के लिए भारी शर्मिंदगी का कारण बना हुआ है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 2024 का सबसे बड़ा खतरा है ए.आई. द्वारा चुनाव नतीजों से छेड़छाड़

## वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की ''ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट'' के अनुसार आर्टिफिशल इंटैलिजैंस जलवायु परिवर्तन, युद्ध और आर्थिक मंदी से भी बड़ा खतरा है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जनवरी। चुनावों के इस बम्पर साल में, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत, सबसे पुराना लोकतंत्र अमेरिका तथा रूस, दक्षिण अफ्रीका, मैक्सिको व ताइवान चुनावों के एक ऐतिहासिक वर्ष की शुरुआत कर रहे हैं। इन छह देशों में दुनिया की लगभग आधी आबादी रहती है। ''द वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम'' (डब्ल्यु.ई.एफ.) की ''ग्लोबल रिस्क्स रिपोर्ट 2024'' के अनुसार, जलवायु परिवर्तन से पूर्व भारत सहित इन देशों के समक्ष ऑर्टिफिशियल इन्टैलीजैंस (ए.आई.) द्वारा चुनावों में व्यवधान उत्पन्न किए जाने और दुष्प्रचार व गलत जानकारी से समाज का ध्रुवीकरण किए जाने का सबसे बड़ा जोखिम है।

- वर्ष 2024 में विश्व के कई बड़े देशों में चुनाव होने जा रहे हैं, जिनमें सबसे पुराना लोकतंत्र अमेरिका, सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत शामिल है, इसके अलावा रूस, दक्षिण अफ्रीका, मैक्सिको और ताईवान में भी चुनाव होने हैं। इन 6 देशों में विश्व की आधी आबादी रहती है।
- रिपोर्ट के अनुसार, ए.आई. (आर्टिफिशल इन्टैलीजैंस) गलत एवं विकृत जानकारी फैला कर समाज में ध्रुवीकरण कर रहा है।
- रिपोर्ट तैयार करने के लिए सितम्बर 2023 में विश्व भर के 1400 ग्लोबल रिस्क एक्सपर्ट्स, नीति निर्माताओं और इण्डस्ट्री लीडर्स से चर्चा की गई थी।

रिपोर्ट में अगले दो वर्षों से ए.आई. जनित दुष्प्रचार व गलत जानकारी तथा सामाजिक ध्रुवीकरण को लेकर पड़ने वाले प्रभावों को 10 शीर्ष जोखिमों में शुमार किया गया है।

रिपोर्ट को सहलेखिका एवं यूरोप की कन्सलटैंसी फर्म ''मार्श मैक्लैनन'' की चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर करौलिना लिंट कहती हैं कि ''वोटर्स की आबादी से एक बड़े तबके को प्रभावित करने के लिए ए.आई. ऐसे मॉडल्स तैयार कर सकता है जिन्हें हमने पहले कभी नहीं देखा।''

उन्होंने सी.एन.बी.सी. को बताया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

हमें शांति के लिए उतनी ही बहादुरी से लड़ना चाहिए, जितना हम युद्ध में लड़ते हैं। - लाल बहादुर शास्त्री

# डेंगू से बचाव की आशा की किरण है एंटीडेंगू मच्छर

दुनिया के देशों के लिए इसे शुभ समाचार माना जा सकता है कि डेंगू से बचाव के लिए इस साल डेंगू मच्छर का खात्मा करने वाले एंटीडेंगू मच्छर को दुनिया के करीब 14 देषों में छोड़े जाने का निर्णय किया गया है। देश दुनिया में डेंगू के मामलें तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। वैज्ञानिकों द्वारा प्रयोगशाला में एंटीडेंगू मच्छर का सफल प्रयोग किया जा चुका है और ब्राजील में बड़ा केन्द्र बनाते हुए बोल्वाशिया मच्छर का उत्पादन आरंभ कर दिया गया है। हांलाकि किन किन 14 देशों में एंटी डेंगू मच्छरों को छोड़ा जाएगा यह निर्णय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अभी किया जाना है। पर एक बात साफ हो चुकी है कि डेंगू पर समय रहते रोक अभियान चलाया जाना आवश्यक है। क्योंकि डेंगू अब किसी देष की सीमा में बंधा नहीं रह गया है। एक मोटे अनुमान के अनुसार दुनिया के 129 देशों या यों कहें कि दुनिया की आधी आबादी क्षेत्र में डेंगू अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। देश दुनिया की सरकारों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सामने डेंगू बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। दरअसल डेंगू की गंभीरता को देखते हुए ही गैर सरकारी वर्ल्ड मास्कीटों प्रोग्राम के तहत एंटीडेंगू मच्छर विकसित किया गया है। 2023 में इंडोनेशिया में इनका प्रयोग किया जा चुका है और इनके प्रभाव से 95 प्रतिशत तक सकारात्मक प्रभाव देखा गया है। हांलाकि 2011 में आस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में लगातार चार बरसाती सीजन में एंटीडेंगू मच्छर का प्रयोग किया गया और दावा किया गया कि वहां चार बरसातों में एक भी डेंगू का मामला सामने नहीं आया।

दरअसल वैज्ञानिकों ने इन मंच्छर में एक बैक्टिरिया वोल्वाशिया पापीएंटिस डाला गया है। वैज्ञानिकों का दावा है कि इससे बीमारी वाले मच्छरों को वायरस फैलाने से रोकने में सफल होंगे। अब तक के परीक्षणों में यह खरे भी उतरे हैं। डेंगू की भयावहता को इसी से समझा जा सकता है कि 16 मई को भारत में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाने लगा है। इस दिवस के आयोजन के माध्यम से लोगों में अवेयरनेस जागृत की जाती है। दरअसल डेंगू एडीज एजिप्टी प्रजाती की मादा मच्छर के कारण तेजी से फैलता है। हांलाकि यह सक्रामक नहीं है पर प्रभावित व्यक्ति से मच्छरों के माध्यम से फैलने की संभावना रहती है। बरसात के दिनों में यह मच्छर तेजी से फैलता है। जमा पानी और गंदगी आदि में डेंगू मच्छर तेजी से बढ़ते हैं। जुलाई से सितंबर, अक्टूबर तक डेंगू का प्रकोप अधिक रहता है। खास यह कि शुरुआती दो तीन दिन तक तो जांच में पता ही नहीं चलता है। माना यह जाता है कि डेंगू में 3 से 7 दिन अधिक गंभीर होते हैं। प्लेटरेट्स में तेजी से गिरावट होती है। हांलाकि डेंगू के कारण मौत तुलनात्मक रुप से कम है पर डेंगू का प्रभाव क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में एंटीडेंगू मच्छर शुभ संकेत माने जा सकते हैं।

**एक मोटे अनुमान के अनुसार दुनिया के 129 देशों या यों कहें कि दुनिया की आधी आबादी क्षेत्र में डेंगू अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। देष दुनिया की सरकारों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सामने डेंगू बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। दरअसल डेंगू की गंभीरता को देखते हुए ही गैर सरकारी वर्ल्ड मास्कीटों प्रोग्राम के तहत एंटीडेंगू मच्छर विकसित किया गया है। 2023 में इंडोनेशिया में इनका प्रयोग किया जा चुका है और इनके प्रभाव से 95 प्रतिशत तक सकारात्मक प्रभाव देखा गया है।**


यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन की पिछले साल जारी रिपोर्ट अतिशयोक्तिपूर्ण माने तब भी इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि डेंगू आज और आने वाले समय के लिए दुनिया के देशों के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। दुनिया के 129 देष डेंगू की गिरफ्त में आ चुके हैं तो इससे भी मतभेद नहीं हो सकता कि दुनिया के देशों में होने वाली बीमारियों में से 70 फीसदी बीमारी का केन्द्र एशिया महाद्वीप बना हुआ है। डेंगू दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से दुनिया के देशों को अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। ड्ब्लूएचओ की ही माने तो आज दुनिया की आधी अबादी डेंगू संभावित क्षेत्र के दायरें में आ गई है। डेंगू की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि गत साल पेरु के अधिकांश इलाकों में डेंगू के कारण इमरजेंसी लगाई जा चुकी है तो अमेरिका जैसा विकसित देश भी इसके दायरें से बाहर नहीं है। अमेरिका, अफ्रीका, एशिया के 100 से ज्यादा देश सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में हैं। दरअसल डेंगू एडीज प्रजाति के मच्छर से फैलता है। डेंगू के मच्छर के बारे में यह माना जाता है कि नमी बाले क्षेत्र खासतौर से पानी एकत्रित होने वाले स्थानों पर यह तेजी से फैलता है। सुबह के समय यह अधिक सक्रिय रहता है। यह भी माना जाता है कि डेंगू होने का दो तीन दिन के बुखार में जांच के दौरान तो पता ही नहीं चलता वहीं तीन चार दिन तक लगातार बुखार के बाद जांच कराने पर डेंगू का पता चलता है। यह भी सही है कि डेंगूं से प्रभावित लोग एक से दो सप्ताह में ठीक भी हो जाते हैं। पर कमजोर इम्यूनिटी वाले या डेंगू के गंभीर होने की स्थिति में तेजी से प्लेटरेट्स कम होने लगती हैं और यहां तक कि शरीर के दूसरे ओरगन्स को प्रभावित कर मौत का कारण भी बन जाते है।

देश दुनिया के लोगों को कोरोना ने बहुत कुछ सिखाया है। घर की चार दीवारी में कैद होने से लेकर सब कुछ बंद होने के हालातों से दो चार हो चुके हैं। अपनों को अपने सामने ही जाते हुए देखा है तो प्लेग को छोड़ दिया जाये तो संभवत: यह पहला मौका होगा जब सब कुछ चाहते हुए भी कोरोना काल में अपनों को अंतिम विदाई तक भी सही ढंग से दे नही पाये हैं। कोरोना की त्रासदी से अभी उभर भी नहीं पाये कि जानलेवा बीमारियों के नित नए वेरियंट सामने आ रहे हैं। इनके पीछे पिछड़ों देशों के सामने गरीबी एक कारण है तो दूसरी और जलवायु परिवर्तन के कारण डेंगू जैसे रोग तेजी से फैल रहे हैं। अत्यधिक बारिश, बाढ़, अत्यधिक गर्मी, अत्यधिक सर्दी यहां तक की बेमौसम की बरसात जैसे हालात और आए दिन आने वाले समुद्री तूफान चिंता के कारण बनते जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के चार अरब लोग डेंगू संभावित क्षेत्र में है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैश्विक कार्यक्रम प्रमुख डॉ. रमन वेलायुधन का मानना है कि 2000 की तुलना में 2022 तक डेंगू से प्रभावित लोगों का आंकड़े में आठ गुणा तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। यदि हम हमारे देश भारत की ही बात करें तो 2018 में 101192 मामलें सामने आये थे वहीं 2023 में नवंबर तक डेंगू के 234427 मामले सामने आएं। यदि 2020 के साल को छोड़ दिया जाए तो भारत में डेंगू के मामलें लगातार बढ़ ही रह हैं। कमोबेस यही हालात दुनिया के दूसरे देशों में देखने को मिल रहा है।

आशा की जानी चाहिए कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जल्दी ही एंटी डेंगू मच्छर छोड़े जाने के औपचारिक दिशा निर्देश जारी कर दिए जाएंगे। मच्छर जनित रोगों में जिस तेजी से डेंगू ने पांव पसारें हैं उससे बचाव के लिए एंटीडेंगू मच्छर का सफल प्रयोग आने वाले दिनों में राहत भरा होगा। डेंगू के ईलाज और बचाव पर अरबों रुपये की व्यय होने वाली राशि में से कुछ राशि का उपयोग यदि एंटीडेंगू मच्छर तैयार कर उन्हें फैलाने और रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में किया जाना चाहिए। देश में 16 मई को मनाये जाने वाला एंटी डेंगू डे भी अधिक जोर शोर से मनाने के साथ ही जन जागरुकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए ताकि डेंगू जैसे तेजी से बढ़ रही बीमारी से राहत मिल सके।

**- अतिथि सम्पादक**
**डॉ. राजेन्द प्रसाद शर्मा**

# ''मकर संक्रांति सूर्य संवत्सर का सबसे पावन महत्वपूर्ण दिन''



डॉ. जे. के. गर्ग

**सूर्य** को भारत के ऋषि मुनियों ने निर्विवाद रूप सेजड चेतन की आत्मा माना है। भारतीय काल चक्र सूर्य की गति के मुताबिक ही चलता है। सूर्य का संक्रमन लगातार काल प्रवाह का परिचायक है। भारत में सोर संवत्सर को राष्ट्रिय मान्यता प्रदान की गई है वहीं सोर संवत्सर का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण दिन मकर संक्रान्ति को माना गया है। संक्रांति का मतलब है सूर्य का एक राशी से दुसरी राशी में गमन करना। मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि को छोड़ मकर राशि के अंदर प्रवेश करता है। इसी वजह से इस संक्रांति को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक इस दिन सूर्य अपने पुत्र शनि की राशि में प्रवेश करते हैं, वैसे तो ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य व शनि में शत्रुता बताई गई है

लेकिन इस दिन पिता सूर्यस्वयं अपने पुत्र शनि के घर जाते हैं तो इस दिन को पिता पुत्र के तालमेल और प्रेम मिलाप के दिन और पिता पुत्र में नए संबंधों की शुरुआत के दिन के रूप में भी देखा गया है। पुराणों के अनुसार भगवान राम के पूर्वज एवं मां गंगा को धरती पर लाने वाले राजा भगीरथ ने इसी दिन अपने पूर्वजों का तिल से तर्पण किया था और तर्पण के बाद गंगा इसी दिन सागर में समा गई थी और इसलिए इस दिन गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन विशाल धार्मिक मेला भरता है। मकर संक्रान्ति के पावन दिन पर लाखों नर नारी गंगासागर में स्नान करके पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं।मकर संक्रांति के दिन ही दिन भगवान विष्णु ने असुरों का संहार करके असुरों के सिर को मंदार पर्वत पर दबा कर युद्ध समाप्ति की घोषणा कर दी थी। इसलिए मकर संक्रांति को बुराई पर अच्छाइयों और असत्य पर सत्य के रूप में मनाते हैं। मकर संक्रांति को नकारात्मकता को समाप्त कर सकारात्मक ऊर्जा की शुरुआत के रूप में भी मनाया जाता है। इस साल मकर संक्रांति 14 और 15 जनवरी को मनाई जाएगी। सोर संवत्सर में मकर संक्रांति में सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण तक का सफर अत्यंत महत्वपूर्ण है। मान्यता के मुताबिक सनातन धर्मी हिन्दू सूर्य के उत्तरायण काल में ही शुभ कार्य करते हैं। सूर्य जब मकर, कुंभ, वृष, मीन, मेष और मिथुन राशि में रहता है तब इसे उत्तरायण कहते हैं। वहीं, जब सूर्य बाकी राशियों सिंह, कन्या, कर्क, तुला, वृश्चिक और धनु राशि में रहता है, तब इसे दक्षिणायन कहते हैं। शास्त्रों के अनुसार उत्तरायण देवताओं का दिन तथा दक्षिणायन देवताओं की रात होती है। जितने समय में पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक चक्कर लगाती है उसी अवधि को सौर वर्ष कहते हैं। पृथ्वी का गोलाई में सूर्य के चारों ओर घूमना क्रान्ति चक्र कहलाता है। इस परिधि चक्र को बाँटकर बारह राशियाँ बनी हैं। सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करना संक्रान्ति कहलाता है। मकर संक्रांति के दिन यज्ञ में दिया हव्य को ग्रहण करने के लिए देवता धरती पर अवतरित होते हैं। मकर संक्रांति का त्यौहार सम्पूर्ण सृष्टि के लिए ऊर्जा के स्त्रोत भगवान सूर्य की आराधना के रूप में मनाया जाता है। उत्तरायण में इसी मार्ग से पुण्यात्माएँ शरीर छोड़कर स्वर्ग आदि लोकों में प्रवेश करती हैं। सनातन धर्म की मान्यताओं के मुताबिक इस दिन पुण्य, दान, जप तथा धार्मिक अनुष्ठानों का अत्याधिक महत्त्व है और इस दिन किये गये दान पुन्य से उन्हें सौ गुणा ज्यादा फल प्राप्त होता है। ऐसा माना जाता है कि सूर्य के उत्तरायण में आने पर सूर्य की किरणें पृथ्वी पर पूरी तरह से पड़ती है और यह प्रथ्वी प्रकाशमय हो जाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार 21-22 दिसंबर केआसपास से ही दिन का बढ़ना शुरू होता हैं। इसलिए वास्तविक शीतकालीन संक्रांति 21 दिसंबर या 22 दिसंबर जब उष्णकटिबंधीय रवि मकर राशि में प्रवेश करती है इसलिए वास्तविक उत्तरायण 21 दिसंबर कोहोता है। यही मकर संक्रांति की वास्तविक तारीख भी थी। एक हजार साल पहले मकर संक्रांति 31 दिसंबर को मनाया गया था वर्तमान समय में साधारणतया 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनाई जाती है। वैज्ञानिक गणनाओं के अनुसार पांच हजार साल बाद मकर संक्रांति का पर्व फरवरी के अंत तक हो सकता है, जबकि 9000 वर्षों बाद में यह जून में आ जाएगा।

खगोलीय अवधारणा के मुताबिक सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करनेको मकर संक्रांति कहा जाता है। दरअसल हर साल सूर्य का धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश 20 मिनट की देरी से होता है। इस तरह हर तीन साल के बाद सूर्य एक घंटे बाद और हर 72 साल एक दिन की देरी से मकर राशि में प्रवेश करता है। इस तरह 2080 के बाद मकर संक्रांति 16 जनवरी को पड़ेगी। इसी संदर्भ यह उल्लेखनीय है कि राजा हर्षवर्धन के समय में यह पर्व 24 दिसंबर को पड़ा था। मुगल बादशाह अकबर के शासन काल में 10 जनवरी को मकरसंक्रांति थी। शिवाजी के जीवन काल में यह त्योहार 11 जनवरी कोपड़ा था। मकर संक्रांति के दिन भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों यथा प्रयाग, हरिद्वार, वाराणसी, कुरुक्षेत्र, गंगासागर पुष्कर आदि में पवित्र नदियों गंगा, यमुना आदि में करोडों लोग डुबकी लगा कर स्नान करते हैं। ऐसा माना जाता है कि वरुण देवता इन दिनों में यहां आते हैं। यह भी माना जाता है कि उत्तरायण में देवता मनुष्य द्वारा किए गए हवन,यज्ञ आदि को शीघ्रता से ग्रहण करते हैं। अथर्ववेद में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि दीर्घायु और स्वस्थ रहने के लिए सूर्योदय से पूर्व ही स्नान शुभ होता है। ऋग्वेद में ऐसा लिखा है कि है सूर्योदय से पूर्व ही स्नान करने से भास्कर देव हमारे वात, पित्त और कफ से पैदा होने वाले रोगों को समाप्त करते हैं। मकर संक्रांति माघ माह में आती है। संस्कृत मेंमघ शब्द से माघ निकला है। मघ शब्द का अर्थ होता है धन,सोना-चांदी,कपड़ा,आभूषण आदिइसलिए इन वस्तुओं के दान आदि के लिए ही माघ माह उपयुक्त है। ईसी वजह से मकर संक्रांति को माघी संक्रांति भी कहते है। मकर संक्रांति को देश में कई अन्य नामों से भी जाना जाता है जैसे तिल संक्रांति, खिचड़ी संक्रांति एवं माघ संक्रांति। खेतों में गेहूं और धान की लहलहाती फसल किसानों की मेहनत का परिणाम होती है लेकिन यह सब ईश्वर और प्रकृति के आशीर्वाद से संभव होता है।मकर संक्रांति से प्राप्त सुखी जीवन के नुस्खेमकर संक्रान्ति का पर्व हमे अपनी जिन्दगी को सुखी और खुशहाल बनाने के बारे में अप्रत्यक्ष रूप के अंदर अनेको सीख भी देता है। सूर्य आकाशमें बहुत ऊँचाई पर है इसीलिये हमे भी जीवन के अंदर कुछ बड़ा काम करने के लिये हमकोऊची और बड़ी सोच रखनी होगी। सूर्य कीरोशनी से प्राप्त उजाला हमको सीख देता है कि ज्ञान से प्राप्त की गई सोच से हमारी सोच के अंदर स्पष्ट नजरिया उत्पन्न होता है जो हमें सफलता दिलाता है। संक्रांति के बाद मौसम मे बदलाव आता है और हमारे खान पान मे भी हम बदलाव करते है इससे सीख मिलती है कि परिस्थिति में आए परिवर्तन के अनुसार हमें अपने अपने को ढाल लेना चाहिये। परिवर्तन को स्वीकार करना लाजमी और फायदेमंद होता है। अपनी लीडरशिप क्षमता को कामयाब बनाने के लिये हमारी बोली में मिठास और विनम्रता का होना जरूरी है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक मकर संक्रांति के दिन दिन सूर्य अपने पुत्र शनि की राशि में प्रवेश करते हैं, वैसे तो ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य व शनि में शत्रुता बताई गई है लेकिन इस दिन पिता सूर्य स्वयं अपने पुत्र शनि के घर जाते हैं तो इस दिन को पिता पुत्र के तालमेल और प्रेम मिलाप के दिन के दिन व पिता पुत्र में गुजरे दुश्मनी पूर्ण संबंधों की बजाय नये प्रेममय रिश्तों की शुरुआत होती है। इससे हमको यह सीख मिलती है कि हमें अपने जीवन मे आपसी रिश्तों को मजबूत बनाये रखना चाहिए यही सबसे बड़ी पूंजी होती है। शुभ कामो की शुरुआत करने मे देरी नहीं करें। जीवन के अंदर जीत हार को अनावश्यक महत्व नहीं दें याद रखे एक असफलता दुसरी सफलता का दरवाजे खोलती है। सिर्फ सोचने से कुछ भी प्राप्त नहीं होगा आपको अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिये मेहनत करनी पड़ेगी।

**- डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज**

# कलेक्टर ने हरित संगम पर्यावरण मेले का अवलोकन किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने शुक्रवार को अमृता देवी पर्यावरण नागरिक (अपना) संस्थान एवं नगर परिषद भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की अखिल भारतीय योजना के अंतर्गत चित्रकूट धाम में आयोजित पांच दिवसीय हरित संगम पर्यावरण मेले का अवलोकन किया।

जिला कलेक्टर ने मेले में प्लांट लवर सोसाइटी द्वारा लगाई गई विभिन्न प्रजातियों के दस हजार से अधिक पुष्पों की प्रदर्शनी देखकर अपनी प्रसन्नता जताई। इस दौरान नगर परिषद सभापति राकेश पाठक, जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह सहित अपना संस्थान के पदाधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने मेले में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लगाई लगी विभिन्न स्टॉल्स का भी अवलोकन किया।

- **विभिन्न प्रजातियों के पुष्पों की प्रदर्शनी देखकर कलेक्टर ने प्रसन्नता जताई**
- **'पर्यावरण के प्रति इस मुहिम को जिले के अन्य क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा'**

मेहता ने कहा कि जिले में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिलेवासी प्रतिबद्ध है। जिला कलेक्टर ने कहा कि फ्लावर्स प्रदर्शनी को देख उन्हें बड़ी प्रसन्नता हुई। इसके लिए उन्होंने आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति इस मुहिम को जिले के अन्य क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा तथा जिले का सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा।



जिला कलेक्टर नमित मेहता ने हरित संगम पर्यावरण मेले का अवलोकन किया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 13 जनवरी 2024**

**पौष मास शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, विक्रम सम्वत 2080, श्रवण नक्षत्र दिन 12.44 तक, व्रजयोग दिन 10.13 तक, कौलव कतरण दिन 11.11 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 4.35 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।**

**ग्रह स्थिति - सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मकर मंगल-धनु, बुध-धनु, गुरु-मेष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में संचार करेगा।**

**आज रज्जब मास आरम्भ होगा।**

**श्रेष्ठ चौघडिया - शुभ 8.40 से 9.58 तक, चर - 12.35 से 1.54 तक, लाभ-अमृत 1.54 से 4.31 तक।**

**राहुकाल - 9.00 से 10.30 तक, सूर्योदय 7.22 सूर्यास्त 5.49**

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी। कार्य शीघ्रता-सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा सम्भव है।

**मिथुन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। परिवार में वाद-विवाद बड सकते हैं। आज आवश्यक कार्यों में विलंब हो सकता है।

**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक सुविधाएं बडेगी। नौकरी पैशा व्यक्तियों को भाग-दौड से राहत मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
घर-परिवार में अथितियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बडेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**धनु**
व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। आज व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
मन में असंतोष और भय बना रहेगा। अर्नगल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मीन**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता-सुगमता से बनने लगेंगे।

# वर्क फ्रॉम होम बनाम वर्क फ्रॉम ऑफिस



अविनाश जोशी

**घर** से काम करने कि संस्कृति ने विश्व को एक नई जीवन शैली एवं दैनिक कार्य प्रणाली में आमूल चूल परिवर्तन की सहूलियत प्रदान की। हर प्राणी ने अपनी जिंदगी को जीने के नए नए तरीके निकाल लिए। भारतीय परिवार व्यवस्था को प्रारंभ में यह व्यवस्था खूब पसंद आई लेकिन धीरे धीरे वर्क लाइफ बैलेंस की दिक्कत जीवन शैली एवं दिनचर्या को बिगाड़ने लगी। कुछ लोग घर में काम करके समय की अव्यवस्था के कारण चिंतित और तनावग्रस्त होने लगे कुछ लोगों के लिए घर में काम करना उनके प्रदर्शन को प्रभावित करने का जरिया बन गया। इन फायदों और नुकसानों को ध्यान में रखते हुए, एक व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत स्थिति, काम के प्रकार और परिवार से संबंधित फैसले लेने की जरूरत होती है। वैसे अगर देखा जाए तो अधिक फ्लेक्सिबिलिटी के कारण काम-जीवन संतुलन सुधरता है। कार्यालय के संभावित दिक्कतों से बचने में भी मदद मिलती है।

कोरोना महामारी के समय, भारत में वर्क फ्रॉम होम का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ गया था। लेकिन आज यह मुख्यधारा का एक हिस्सा बन चुकी है। देश ने 2020 में मार्च माह से लॉकडाउन लगा दिया था, जिससे कई कंपनियां और सरकारी विभाग अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए आदेश दिए थे। कोरोना के दौरान वर्क फ्रॉम होम के कुछ महत्वपूर्ण फायदे थे, जिनमें स्वास्थ्य और सुरक्षा की देखभाल, यातायात की रोकथाम, और सामाजिक दूरी के लिए एक सुरक्षित विकल्प शामिल था। यह न केवल कर्मचारियों के लिए सुरक्षित रहने का माध्यम था, बल्कि कंपनियों ने भी इसे अपनाकर कार्यकर्ताओं की उत्पादकता बनाए रखने का प्रयास किया। यह मॉडल एक बेहद महत्वपूर्ण मॉडल के तौर पे अत्यंत सफल रहा। शुरुआत में, घर से काम बहुत मुश्किल था क्योंकि हम इससे परिचित नहीं थे। फोन पर समन्वय स्थापित करना चुनौतीपूर्ण था लेकिन अंतत: हमने इसे स्वीकार कर लिया।

कोरोना के समय वर्क फ्रॉम होम के दौरान कुछ चुनौतियां भी थीं, जैसे कि वर्क लाइफ बेलेंस , दूरस्थ काम करते समय लापरवाही का सामना करना, और टेक्नोलॉजी का सम्पूर्ण ज्ञान साथ में नए नए गेजेट्स एवम सॉफ्टवेयर्स को प्रयोग करने के लिए ट्रेनिंग एवम जानकारी प्राप्त करना। कोरोना के समय वर्क फ्रॉम होम ने एक नया अध्याय खोला और कई लोगों ने इसके लाभ उठाए। हालांकि, यह सभी कंपनियों और व्यक्तियों के लिए समान रूप से सफल नहीं रहा, क्योंकि व्यक्तिगत तथा व्यावसायिक परिस्थितियों का अंतर होता है। वर्तमान में भारत में वर्क फ्रॉम होम की लोकप्रियता में बड़ी वृद्धि हुई। वैश्विक स्वास्थ्य संकट के कारण, भारत सरकार ने लॉकडाउन और सामाजिक दूरी के प्रतिबंध के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों के लिए वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा दिया। वर्क फ्रॉम होम संस्कृति से समय और यातायात की बचत का बड़ा महत्व है घर से काम करके यातायात में बचत होती है जिससे समय और धन की बचत होती है। काम करने का घर पर ही काम करने से काम करने के माहौल में आराम मिलता है जो काम के प्रदर्शन को सुधारता है। घर से काम करने से परिवार और काम के बीच सही संतुलन बना रहता है। घर से काम करने से यातायात और दफ्तर के शोर-शराबे से राहत मिलती है।

अगर वर्क फ्रॉम होम नियमित जिंदगी का हिस्सा बन जाए तो शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लंबे समय तक बैठे रहने से समस्याएं हो सकती हैं। सामाजिक इंटरैक्शन की कमी हो सकती है, जो आक्रोश, अकेलापन, या तनाव का कारण बन सकती है। काम की विशेषताएं और अवसरों का अभाव हो सकता है। घर में काम करते समय व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन के बीच सीमा समझदारी की आवश्यकता होती है। यहा पर ध्यान देने कि बात यह है की वर्क फ्रॉम होम के फायदे और नुकसान व्यक्तिगत अनुभव और संस्थानाधीन काम की विशेषताओं पर निर्भर कर सकते हैं। इसलिए, यह आपके पसंद और समस्याओं के अनुसार भिन्न हो सकते हैं।

वर्क फ्रॉम होम करने से, कर्मचारियों को ऑफिस में सामाजिक संपर्क करने का अवसर कम हो सकता है, जिससे टीम सहयोग और समन्वय में असुविधा हो सकती है। कुछ कर्मचारियों को ऑफिस में विशेष उपकरणों और संसाधनों का लाभ नहीं मिलता, जो उनकी कार्य की गुणवत्ता और कार्य परिणाम पर असर डाल सकता है। कुछ लोग वर्क फ्रॉम होम करते समय घर के कारण तनाव महसूस कर सकते हैं और कार्य पर लक्षितता में कमी हो सकती है।

वर्क फ्रॉम होम का प्रारंभ द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जर्मनी में किया गया था। इसके बाद, अमेरिका में भी इसका प्रचलन बढ़ा और 1970 से यहा भी इसका प्रचलन आम हो गया। हालांकि, इसका बढ़ता हुआ प्रयोग और प्रसार आमतौर पर 2010 के दशक में होने लगा था। और फिर कोविड-19 महामारी के समय जब लॉकडाउन लगाया गया, वर्क फ्रॉम होम का अनुप्रयोग व्यापक रूप से बढ़ गया था और इसे एक नई राह मिली। वर्क फ्रॉम होम की प्रारंभिक अवधि का निर्धारण थोड़ा मुश्किल है क्योंकि यह विभिन्न कंपनियों और स्थानों के लिए अलग-अलग रूप से शुरू हुआ था। लेकिन, वर्क फ्रॉम होम का प्रचलन तेजी से बढ़ा है जब से कंप्यूटर, इंटरनेट और टेलीकम्यूनिकेशन के तकनीकी उन्नितयों ने दूरस्थ काम करने को संभव बनाया। वर्क फ्रॉम होम का अधिकांश प्रचलन और उपयोग 21वीं सदी के प्रारंभ में शुरू होने का अनुमान है। विशेष रूप से टेक्नोलॉजी, बैंकिंग, आउटसोर्सिंग और आईटी उद्योगों में वर्क फ्रॉम होम का प्रचलन देखने को मिलता है। जिसमें विभिन्न कंपनियों ने कर्मियों को गृह से काम करने की अनुमति देनी शुरू की।कोरोना महामारी के समय, भारत में वर्क फ्रॉम होम का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ गया था। देश ने 2020 में मार्च माह से लॉकडाउन लगा दिया था, जिससे कई कंपनियां और सरकारी विभाग अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए आदेश दिए थे।

कोरोना के दौरान वर्क फ्रॉम होम के कुछ महत्वपूर्ण फायदे शामिल थे, जिनमें स्वास्थ्य और सुरक्षा की देखभाल, यातायात की रोकथाम, और सामाजिक दूरी के लिए एक सुरक्षित विकल्प शामिल था। यह न केवल कर्मचारियों के लिए सुरक्षित रहने का माध्यम था, बल्कि कंपनियों ने भी इसे अपनाकर कार्यकर्ताओं की उत्पादकता बनाए रखने का प्रयास किया।

कोरोना के समय वर्क फ्रॉम होम के दौरान कुछ चुनौतियां भी थीं, जैसे कि काम-जीवन संतुलन में कठिनाइयां, दूरस्थ काम करते समय लापरवाही का सामना करना, और टेक्नोलॉजी की उपलब्धियों और सुरक्षा के लिए नई नीतियों का पालन करना। लोग अब जूम कॉल्स, वीपीएन, एनीडेस्क जैसी तकनीकों से अवगत हुए हैं। इससे हम घरों में बैठकर काम कर पाते हैं। इन्होंने हमें भविष्य में भी घरों में रहकर काम करने की सुविधा प्रदान की है।

लॉकडाउन पूरी तरह हटने के बाद विश्व में हाइब्रिड मोड का प्रचलन आम हो गया है। जिसमें हम सप्ताह में दो दिन कार्यालय जाएंगे और अन्य दिनों में घर से काम करेंगे। इससे हमें दफ्तर की जगह का किराया बचाने में भी मदद मिलेगी। इस अवधारणा से कर्मचारियों को स्थाई रूप से राहत महसूस हो रही है। वैसे अब हम दुनिया के किसी भी कोने से कर्मचारी को नियुक्त कर सकते हैं। अब हमारे सामने कार्यस्थल पर उपस्थित होने और उसी शहर में निवास जैसी बाधा नहीं है। नया साल प्रारंभ हो गया हैं वहीं पुराना साल काफी कुछ देकर गया। कई यादों के साथ ही इस बीते हुए साल ने लोगों की जीवनशैली में बड़ा बदलाव किया। साल 2023 के अंत तक एक बार फिर कोरोना के संभावित खतरे और संक्रमण के बारे में दबी जुबान से बाते होनी चालू हो गई है। पूर्व में लॉकडाउन और पाबंदियों के कारण कार्यालयों में वर्क फ्रॉम होम कल्चर आया। कर्मचारियों ने ऑफिस जाना छोड़ कर घर से ही काम करना शुरू किया। कोरोना संकट के बीच वर्क फ्रॉम होम कल्चर ने लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव किया। लोगों का आदतें और दिनचर्या काफी हद तक बदल गई। खानपान से लेकर रहन सहन के तौर-तरीकों ने कार्यशैली को बदला। एक बार फिर एहतियात के तौर पे वर्क फ्रॉम संस्कृति अपना के हम कोरोना के संभावित संक्रमण से बच सकते है।

**- अविनाश जोशी,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक।**

# ‘पहले राजस्थान को रेलवे का औसत बजट 682 करोड़ मिलता था, अब मोदी सरकार 9532 करोड़ दे रही’

**जयपुर** (कासं)। केन्द्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को जयपुर पहुंचे। उन्होंने जयपुर स्टेशन के पुनर्विकास कार्य और सांगानेर स्टेशन का निरीक्षण किया। साथ ही सांगानेर स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में विकसित करने की घोषणा की।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रात: 9 बजे 717 करोड़ रुपए की लागत से किए जा रहे जयपुर स्टेशन के पुनर्विकास कार्य कि प्रगति की समीक्षा की और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने विकास प्रोजेक्ट को तय समय में पूरा करने को कहा। जयपुर स्टेशन द्वितीय प्रवेश द्वार पर प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मोदी सरकार रेलवे एवं रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प करने के लिए कृतसंकल्प है। स्टेशनों को विश्व स्तरीय बनाने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के 9 स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है। इन स्टेशनों पर अंडरग्राउंड पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, आगमन प्रस्थान की अलग व्यवस्था, सभी यात्री सुविधाओं सहित स्थानीय लोक संस्कृति को ध्यान में रखते हुए हैरिटेज लुक दिया जाएगा। इन स्टेशनों पर सभी लाइनों के



केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को सांगानेर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

ऊपर प्लेटफार्म को जोड़ते हुए रूफ प्लाजा बनाया जाएगा, जो न केवल रेल यात्रियों के लिए बल्कि शहर के दोनों ओर के लोगों को जोड़ने के लिए सिटी सेंटर के रूप में विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले रेलवे के क्षेत्र में राजस्थान की बहुत उपेक्षा की गई है। जहां 2014 से पहले राजस्थान में रेलवे के लिए औसत बजट 682 करोड़ रुपए रखा जाता था, वह अब मोदी सरकार के कार्यकाल में बढ़कर 9532 करोड़ हो गया है। राजस्थान में नवनिर्मित भाजपा सरकार के बाद डबल इंजन की सरकार से राजस्थान में रेलवे में अभूतपूर्व विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल से मेरी रेलवे के विकास के लिए विस्तृत चर्चा हुई है, रेल के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

राजस्थान में लंबे समय से लंबित चल रही परियोजनाओं को वर्तमान सरकार ने स्वीकृत कर विकास में अहम योगदान दिया है। इनमे आबू रोड–तरंगा हिल, पुष्कर–मेड़ता नई लाइन, मारवाड़ जंक्शन–मावली जंक्शन आमान परिवर्तन कार्य शामिल हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रत्येक माह में एक बार मुख्यमंत्री एवं सांसदों से बैठक कर रेल के विकास के लिए कार्य करूंगा। राज्य सरकार के चीफ सेक्रेटरी एवं रेलवे महाप्रबंधक के समन्वय से रेलवे परियोजनाओं की आवधिक समीक्षा के लिए कमेटी बनाई जायेगी। उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस का गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर ठहराव की भी घोषणा की।

- सांगानेर स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में विकसित करने तथा वंदे भारत एक्सप्रेस का गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर ठहराव की घोषणा की
- ‘राजस्थान में आबू रोड-तरंगा हिल, पुष्कर-मेड़ता नई लाइन, मारवाड़ जंक्शन-मावली जंक्शन आमान परिवर्तन कार्य को सरकार ने स्वीकृत कर दिया है’

शशि किरण ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री सांगानेर स्टेशन पर भी निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं सांसद रामचरण बोहरा के विशेष आग्रह एवं प्रयासों से सांगानेर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन में शामिल किया गया है। सांगानेर स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत नई बिल्डिंग के साथ द्वितीय प्रवेश द्वार, रिटायरिंग रूम, उच्च स्तर प्लेटफार्म, प्लेटफार्म शेल्टर, कोच इंडिकेशन बोर्ड, दिव्यांग अनुकूल सुविधाएं, बेहतर व उत्कृष्ट साज–सज्जा, पार्किंग सुविधा सहित सौंदर्य कृत सर्कुलेटिंग एरिया आदि कार्य किए जाएंगे। इसी के साथ उन्होंने शिकारपुरा फाटक पर ओवरब्रिज, सांगानेर ओवर ब्रिज एवं अंडरपास की भी घोषणा की। सांगानेर स्थित विश्व प्रसिद्ध सांगानेरी ब्लॉक प्रिंट उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सांगानेर में बिजनेस हब विकसित करने के लिए भी कार्य किया जाएगा। अश्विनी वैष्णव के साथ निरीक्षण के दौरान सांसद जयपुर रामचरण बोहरा, विधायक–सिविल लाइंस गोपाल शर्मा, महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे अमिताभ, मंडल रेल प्रबंधक– जयपुर विकास पुरवार, रेलवे के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष भी शामिल थे।

## कुलदीप रांका ने कार्यभार ग्रहण किया



कार्यभार संभालने के बाद आई.ए.एस कुलदीप रांका ने अंबेडकर भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ विभाग की समीक्षा बैठक ली।

**जयपुर**, (का.सं.)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी कुलदीप रांका ने शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का कार्यभार ग्रहण किया।

कार्यग्रहण के बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अंबेडकर भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने 100 दिवसीय कार्य योजना की जानकारी ली और उन पर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी को एकजुट होकर एक टीम भावना के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक वंचित वर्ग तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। जगजीत सिंह मोंगा, निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता ने विभाग में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों एवं वित्तीय स्थिति के बारे में अवगत कराया। विभाग के योजना प्रभारी अधिकारियों ने विभिन्न विभागीय योजनाओ की जानकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव को दी।

## नौकरी देने वाले बने, मांगने वाले नहीं : वासुदेव देवनानी

**जयपुर**, (का.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने युवा पीढ़ी का आव्हान किया है कि वे नौकरी देने वाले बने, नौकरी मांगने वाले नहीं बने। उन्होंने कहा कि सभी मिल जुलकर विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करें। स्वयं का विश्लेषण करे और राष्ट्र के विकास में भागीदार बने।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी शुक्रवार को यहां जगतपुरा स्थित विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। देवनानी ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र–छात्राओं को उपाधियां और मेडल प्रदान किये। देवनानी ने दीप प्रज्ज्ज्वलित कर दीक्षान्त समारोह का शुभारम्भ किया।

देवनानी ने कहा कि युवा पीढ़ी को स्वरोजगार शुरू करने की सोच बनानी होगी। उन्होंने युवाओं का



विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी शुक्रवार को विवेकानन्द ग्लोबल विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षान्त समारोह में शामिल हुए।

आहवान किया कि वे देश की अर्थव्यवस्था में भागीदार बने। देवनानी ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद की जयंती है और इस दिन विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह का आयोजन सराहनीय पहला है। उन्होंने कहा स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श है। युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद की जीवनी को पढ़ना चाहिए, ताकि उससे नित्य ऊर्जा का संचार हो सके।

## अश्विनी वैष्णव का भाजपा प्रदेश कार्यालय में स्वागत

**जयपुर**। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार दोपहर भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की। मौजूद सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का फूलमाला पहनाकर और भाजपा का पटका ओढ़ाकर स्वागत किया। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक विजन बनाकर अमृत भारत स्टेशन योजना 2023 में लॉन्च की गई थी। इस योजना के तहत देशभर के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास बनाने का काम चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राजस्थान के लिए 9500 करोड़ का रेलवे बजट पास किया था। इसी के तहत प्रदेश के 83 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन योजना के तहत वर्ल्ड क्लास बनाने का काम चल रहा है। जिसमें से करीब 25–30 रेलवे स्टेशनों का काम पूरा कर लिया गया है।

## इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड को वाइब्रेंट गुजरात में मिला अच्छा रेस्पॉन्स

**जयपुर**। भारत की प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड (आईएनए सोलर) को गांधीनगर में हो रहे वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 9–13 जनवरी में अच्छा रेस्पॉन्स मिला। कंपनी के चेयरमैन मनीष गुप्ता ने बताया कि इस समिट में देश विदेश से आये हुये डेवेलपर्स, इन्डस्ट्रीअलिस्ट, एन्डयूजर एवं निवेशकों का जोरदार समर्थन मिला। साथ ही गुप्ता ने बताया कि इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड 2017 से देश के ग्रीन एनर्जी के टारगेट को प्राप्त करने के लिए अपनी भागीदारी करते हुए राजस्थान की सबसे बड़ी सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग की स्थपना की और आज सोलर राजस्थान ही नहीं अपितु पुरे देश में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए देश की पॉलिसी के साथ एनर्जी सिक्योरिटी में अपनी भागीदारी सुनिश्त कर रहा है।

मैनेजिंग डायरेक्टर विकास जैन ने बताया कि वर्तमान में कंपनी की दोनों इकाइयों की संयुक्त उत्पादन क्षमता सालाना 750 मेगावाट है। जिसको अगले



भारत की प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड ( आईएनए सोलर ) ने गांधीनगर, गुजरात में हो रहे वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में भाग लिया।

आने वाले वर्षो में निर्माण क्षमता को 2000 मेगावाट तक बढ़ाया जाएगा और साथ ही 1000 मेगावाट सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग की यूनिट लगाएगी। कंपनी बहुत जल्द सोलर पैनल का निर्माण शुरू कर देगी जिससे की आईएनए सोलर ब्रांड के 600 वाट तक के सोलर पैनल बाजार में उपलब्ध होना शुरू हो जाएंगे।

आईएनए सोलर विभिन्न आकारों में उच्च दक्षता के सोलर पैनल, बैटरी और इनवर्टर के निर्माण का व्यवसाय करती हैं। कंपनी के सभी प्रोडक्ट्स नेशनल एवं इंटरनेशनल मानकों से मान्यता प्राप्त हैं। आईएनए सोलर देश की विभिन्न योजनाओ जैसे जल जीवन मिशन , कुसुम रेसिडेंटइल रूफ टॉप सोलर, बीएसएनएल एवं सोलर पार्क में अपनी भागीदारी दे रहा है।

## अजिताभ शर्मा ने संभाला पदभार



**जयपुर**, (का.सं.)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1996 बैच के अधिकारी अजिताभ शर्मा ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव का कार्यभार ग्रहण किया।

कार्यभार ग्रहण के बाद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास को लेकर राज्य सरकार की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की विशिष्ट शासन सचिव नेहा गिरि, आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया एवं कार्यभार ग्रहण की बधाई दी।

## युवा अधिवक्ता दिवस का आयोजन

**जयपुर**, (का.सं.)। स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के अवसर पर राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में अधिवक्ता परिषद् हाईकोर्ट ईकाई, जयपुर द्वारा “वर्तमान परिपेक्ष्य में युवा अधिवक्ताओं की भूमिका एवम उनसे अपेक्षाएं” विषय पर श्री सतीश चंद्र सभागार में युवा अधिवक्ता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढंड, विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव सुराणा उपस्थित रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत सरकार के डिप्टी सालिसिटर जनरल एवं अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य बसंत सिंह छाबा रहे। सभी वक्ताओं ने कार्यक्रम के विषय “वर्तमान परिपेक्ष्य में युवा अधिवक्ताओं की भूमिका एवम उनसे अपेक्षाएं” पर प्रकाश डाला और युवा अधिवक्ताओं का मार्गदर्शन किया।बअ न्यायमूर्ति अनूप कुमार एक यूथ क्लब का प्रसंग बताते हुए बताया कि जब तक आप मन से अपने आप को युवा मानते हो तब तक आप युवा हो, कार्यक्रम का संचालन राजेश चौधरी द्वारा किया गया और कार्यक्रम में सेकडो युवा अधिवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में ईकाई अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने धन्यवाद देते हुए सभी कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ताओं से पांच संकल्प साथ लेकर जाने की बात कही जिसमे प्लास्टिक उपयोग नही करने, परिवार के साथ सप्ताह मे कम से कम एक बार भोजन व सामूहिक पूजा करने, अपने विरासत एवं संस्कृति पर गर्व करने, सामाजिक समरसता का भाव सदैव मन में रखने एवं सभी को नागरिक कर्तव्य का पालन करने का आग्रह किया।

## श्री राम के रंग में रंगा हेरिटेज फेस्ट

**जयपुर**। आज पूरा भारत भगवान् राम के स्वागत की तैयारियां कर रहा है। हमारे देश का जनमानस भगवान् के दर्शन को उत्साहित है। सम्पूर्ण देश प्रभु राम की भक्ति के सागर में डूब गया है, जगतपुरा जयपुर का हरे कृष्ण मूवमेंट भी श्री राम के स्वागत की तैयारियों में पूरे ज़ोर शोर से लग गया है। सबसे ख़ास बात यह है कि पहली बार हरे कृष्ण मूवमेंट हेरिटेज फेस्ट प्रभु श्री राम के रंग में रंग गया है।

## जल्द ही तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए लाइसेंस लेना होगा : खर्रा

**जयपुर**, (का.सं.)। शहरी विकास आवास और स्थानीय स्वशासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि वह एलएसजी विभाग के निदेशक को राज्य स्तर पर एक अधिसूचना जारी करने का निर्देश देंगे ताकि विक्रेता तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए लाइसेंस ले सकें। वे शुक्रवार को तंबाकू नियंत्रण, तंबाकू विक्रेता लाइसेंसिंग और डब्ल्यूएचओ एफसीटीसी 5.3 पर दो दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम एसआरकेपीएस द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट टीबी एंड लंग डिजीज (द यूनियन) के सहयोग से आयोजित किया गया था।

## देश की अर्थव्यवस्था में सी.ए. की अहम भूमिका : भजनलाल शर्मा

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत आज विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसमें देश के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का महत्वपूर्ण योगदान है। देश की अर्थव्यवस्था को गति और दिशा देने में सीए का महत्व

- ‘आईसीएआई सीए का सबसे बड़ा पेशेवर निकाय, देश के विकास में अहम भूमिका’
- ‘प्रदेश के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने मनवाया विश्वभर में अपनी प्रतिभा का लोहा’

सर्वविदित है। जिस तरह चिकित्सक नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, वैसे ही सीए देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। मुख्यमंत्री जयपुर में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस “वेदा” को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने देश–दुनिया से आए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को नववर्ष, युवा दिवस, लोहड़ी एवं मकर सक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीए अपने वित्तीय ज्ञान और कौशल का उपयोग कर देश के आर्थिक विकास और स्थिरता में महत्ती भूमिका निभा रहे हैं। इस कॉन्फ्रेंस में होने वाला विमर्श राज्य



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस “वेदा” में स्वागत किया गया।

व देशहित में सकारात्मक भूमिका निभाएगा। टेक्नोलॉजी एवं लेखांकन में नए बदलावों से पैदा होने वाली चुनौतियों का सामना करने और आपसी ज्ञान को साझा करने हेतु ऐसे सम्मेलन बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने कॉन्फ्रेंस प्रतिभागियों से प्रदेश हित में वित्तीय प्रबंधन के रोडमेप से संबंधित सुझाव देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि आईसीएआई (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) चार्टर्ड अकाउंटेंसी को नियम अनुरूप चलाने में बेहद अहम जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहा है। ये गौरव का विषय है कि आईसीएआई 11.50 लाख से अधिक सदस्यों और छात्रों के साथ दुनिया में सीए का सबसे बड़ा पेशेवर निकाय है। भारत में करीब 4 लाख और राजस्थान में करीब 30 हजार सीए देश सेवा के काम में लगे हुए हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने हाल में सीए परीक्षा में पास हुए सभी युवाओं और विशेष रूप से राजस्थान से इस परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मधुर जैन, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले टिकेन्द्र कुमार सिंघल, ऋषि मलहोत्रा और मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले विनय मंगतानी, मानसी गुप्ता और तुषार जैन को भी बधाई दी।

शर्मा ने उन्हें सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने विश्वभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आप अपनी मेहनत व शिक्षा के बल पर इस मुकाम पर पहुंचे हैं। आपका कर्तव्य है कि आप देशहित में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सीए अर्थव्यवस्था एवं वित्तीय प्रदर्शन में सुधार संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव देने के साथ–साथ कर कानूनों के प्रति जागरूकता और अनुपालना सुनिश्चित करते हैं। व्यवसाय के अतिरिक्त आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की स्थापना और समीक्षा भी सीए ही करते हैं।

## श्रेया गुहा ने संभाला पदभार

**जयपुर**। श्रेया गुहा ने आज शासन सचिवालय में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया। गुहा ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की पालना में युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। विभाग नवाचारों के द्वारा युवाओं को यातायात नियमों के लिए सजग बनाए। गुहा कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थीं।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**खोया पाया**

मेरा स्कूल विधान (विजयलक्ष्मी पब्लिक शिक्षण संस्था) (एवं रजिस्ट्रेशन (विजयलक्ष्मी पब्लिक स्कूल शिक्षण, संस्था) जयपुर कहीं खो गये। मिलने पर सूचित करें। मो. 7792048344

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल सईद अहमद पुत्र सादिक अहमद निवासी 29-बी, तत्कालेश्वरपुरी, हीदा की मोरी, जयपुर की पुत्री पिंकी उर्फ राशिदा पत्नी शमशाद निवासी-95 दरबार नगर, उन सूरत सिटी, सूरत, गुजरात उनके कहे में नहीं है और वह पिछले कुछ वर्षो से मेरे मुवक्किल को डरा धमका कर रूपये ऐठने का काम कर रही है और वह गलत लोगों की संगत में है वह आए दिन मेरे मुवक्किल व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ जयपुर आकर बदसलूकी व झगडा करती है जिस कारण मेरे मुवक्किल ने अपनी उक्त पुत्री पिंकी उर्फ राशिदा को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से एवं अपने परिवार से बेदखल कर दिया है जो कोई व्यक्ति पिंकी उर्फ राशिदा से किसी भी तरह का संव्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा कृपया सूचित रहे।
दिनांक-12.01.2024 (फारूक अहमद) एडवोकेट
मो.नं. 9829277089

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुक्दमा नम्बर 04/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री महाराज सिंह पुत्र श्री तोप सिंह निवासी ग्राम रोनीजाजाट, पोस्ट-शहदका, तहसील लक्ष्मणगढ जिला अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास फूलदेवी जनसेवा निधि धर्मार्थ ट्रस्ट, रोनीजाजाट तहसील लक्ष्मणगढ जिला अलवर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 10.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 14.03.2024
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**
(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)
(राजस्व-द्वितीय प्रकोष्ठ)
क्रमांक-एफ-6( )उपा. राज.-द्वितीय(सा.प्र.)/ननिज/2023/506 दिनांक- 12.01.2024
**सार्वजनिक सूचना**
मूल भूखण्ड संख्या ए-67, मोती डूंगरी योजना, जयपुर का अर्बन इम्प्रूवमेंट बोर्ड, जयपुर द्वारा श्री राधाकृष्ण शर्मा के नाम से क्षेत्रफल 1567.2 वर्गगज भूमि का आवंटन/पट्टा जारी किया गया था। दिनांक 11.10.1968 को नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या ए-67, मोती डूंगरी, जयपुर जिसका कुल क्षेत्रफल 1567.2 वर्गगज को दो भागों में विभाजित क्षेत्रफल 684 वर्गगज एवं क्षेत्रफल 883 वर्गगज श्री राधाकृष्ण के नाम से उपविभाजन पत्र जारी किया गया। दिनांक 31.12.1968 को श्री राधा किशन शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का एक भाग श्री कन्हैयालाल कक्कड को बेचान किया गया। दिनांक 11.02.1970 को नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या ए-67-बी, मोती डूंगरी, जयपुर श्री के.एल. कक्कड के नाम से नाम हस्तान्तरण जारी किया गया। दिनांक 08.04.2002 को श्री कन्हैया लाल कक्कड द्वारा भूखण्ड संख्या ए-67-बी, विजय पथ, तिलक नगर, जयपुर क्षेत्रफल 630 वर्गगज की वसीयत अपनी पत्नी श्रीमती अनुराधा कक्कड के पक्ष में निष्पादित की गई एवं श्रीमती अनुराधा कक्कड की मृत्यु उपरान्त उक्त भूखण्ड की वसीयत श्री शैलेश कक्कड एवं श्रीमती वन्दना कक्कड के पक्ष में निष्पादित की गई। श्री के.एल. कक्कड की मृत्यु उपरान्त दिनांक 08.07.2016 को नगर निगम, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या ए-67-बी, मोती डूंगरी योजना, जयपुर क्षेत्रफल 623.33 वर्गगज श्रीमती अनुराधा कक्कड के नाम से नाम हस्तान्तरण जारी किया गया। श्रीमती अनुराधा कक्कड की मृत्यु उपरान्त दिनांक 22.08.2023 को श्रीमती मोनिका खन्ना पत्नी श्री अरुण चंद खन्ना पुत्री स्व. श्री कन्हैया लाल कक्कड द्वारा भूखण्ड संख्या ए-67-बी, मोती डूंगरी योजना, विजय पथ, तिलक नगर, जयपुर क्षेत्रफल 623.33 वर्गगज में से अपना 1/2 हिस्सा अपने भाई श्री शैलेश कक्कड पुत्र स्व. श्री कन्हैया लाल कक्कड के पक्ष में हकत्याग किया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, नाम हस्तान्तरण पत्र, रजिस्टर्ड विल, मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा श्री शैलेश कक्कड पुत्र स्व. श्री कन्हैया लाल कक्कड एवं श्रीमती वन्दना कक्कड पत्नी श्री शैलेश कक्कड के पक्ष में क्षेत्रफल 623.33 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। इस नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त राजस्व-द्वितीय) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त (राजस्व-द्वितीय), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर 9/2024
चूंकि श्रीमती नीरजा पाटनी ग्रोवर पत्नि श्री डॉ. चंद्र कुमार ग्रोवर, निवासी 8/250, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) 302023 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत अनुभूति चैरिटेबल ट्रस्ट फाउण्डेशन 8/250, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) 302023 सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन–पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है. में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन–पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।
आज दिनांक 12.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 18.03.2024
आकाश रंजन ( आर.ए.एस )
सहायक आयुक्त (प्रथम), देव स्थान विभाग, जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैं दयाराम सैनी पुत्र रोशन लाल सैनी जाति माली निवासी मेला का चौराहा राजगढ तहसील राजगढ (अलवर) का निवासी हूँ। आधार कार्ड व पैनकार्ड में मेरा नाम दयाराम दर्ज है तथा मेरी अंकतालिका में दयाराम सैनी दर्ज है। मेरा नाम दयाराम सैनी की जगह भविष्य में दयाराम समझा जावें।

मैंने मेरा नाम अशोक कुमार से बदलकर अशोक कुमार वर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे अशोक कुमार वर्मा के नाम से जाना जावें। प्रथम नियुक्ति पद अध्यापक-राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, लदेरा, दूदू, जयपुर। वर्तमान पद वरिष्ठ अध्यापक-राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खवारानीजी, जमवारामगढ जयपुर।

मैंने मेरा नाम Akshta Lamoria से बदलकर Akshita Lamoria रख लिया है। भविष्य में मुझे Akshita Lamoria के नाम से जाना जाएगा। पता- पुत्री अमर सिंह लामोरिया, 112, ऑफिसर्स कैम्पस एक्सटेंशन, सिरसी रोड, जयपुर

मैंने मेरा नाम Anisa Lamoria से बदलकर Anisha Lamoria रख लिया है। भविष्य में मुझे Anisha Lamoria के नाम से जाना जाएगा। पता- पुत्री अमर सिंह लामोरिया, 112, ऑफिसर्स कैम्पस एक्सटेंशन, सिरसी रोड, जयपुर

I Hemchand Sharma S/o Kalyan Sahay Sharma R/o Village Post-Toda, Tehsil-Laxmangarh, District-Alwar, State-Rajasthan-321607, have changed my name to Hemant Mishra

I have changed my name from Abhay Singh to Abhay Singh Bhati for all purposes R/o Flat No. 310IIIrd floor Bajrang Bali Tower Central Spine Vidhyadhar Nagar, Jaipur

# पी.एन.बी. बैंक में नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर नकदी लूटी

## नकाबपोश बदमाश फायरिंग कर 23 हजार पांच सौ रुपए लूट ले गये

**भरतपुर, (निसं)।** उद्योग नगर थाना क्षेत्र के रीको एरिया में स्थित पीएनबी बैंक में नकापोश बदमाश फायरिंग कर 23 हजार पांच सौ रुपए लूट ले गये पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर एसपी मृदुल कच्छावा भी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने घटना की जानकारी ली।

दोपहर 2.30 बजे के आसपास बाइक सवार तीन बदमाश पीएनबी बैंक के पास आये जहां दो बदमाशों ने अंदर प्रवेश किया और एक बाहर खड़ा रहा। पांच से सात मिनट दोनों बदमाश पर्ची के बहाने अंदर बैठे रहे। जिसमें एक बदमाश ने मफलर और दूसरे ने हेलमेट पहन रखा था। इनमें से एक बदमाश कैशियर के पास गया और हवाई फायरिंग की जो बैंक की छत में लगा। अंदर जो व्यक्ति थे उन्हें हथियार के बल पर एक कोने में खड़ा कर दिया जिसके बाद बदमाश 23 हजार पांच सौ रुपए की लूट करके भाग गये। घटना




उद्योग नगर थाना क्षेत्र का पीएनबी बैंक जहां बदमाशों ने की लूट की घटना को अंजाम दिया।

की सूचना मिलते ही जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा मौके पर पहुंचे हैं और उन्होंने बैंक कर्मियों के साथ अंदर मौजूद लोगों से चर्चा की। इस घटना को लेकर एसपी ने निर्देश देकर पुलिस की टीम गठित की और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही हैं। वहीं डॉग स्क्वायड के माध्यम से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

- **घटना की सूचना मिलने पर एसपी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली**

इस घटना को लेकर पूर्व मंत्री एवं भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा है कि सरकार का अपराधियों पर कोई नियत्रंण नहीं है केवल मंत्री लम्बी चौड़ी बयानबाजी कर कानून व्यवस्था को नियत्रंण में रखने की बातें अवश्य करते हैं, जबकि जिले में ही नहीं बल्कि प्रदेश में आये दिन लूट, फायरिंग, रैप, हत्या जैसी घटनाऐं हो रही हैं। डॉ. गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम इसी क्षेत्र के होने के बावजूद भी आपराधिक घटनाओं पर लगाम नहीं लग रही है और अपराधियों को पुलिस व कानून का कोई भय नहीं है।

# शक्कर में मिलाकर यूरिया खाद खिलाया, तीन गौवंश की मौत

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी नगर थाना क्षेत्र के ढाणी भरगडान में शुक्रवार को तीन गोवंश को शक्कर में यूरिया मिलाकर खिला देने से उनकी मौत हो गई। गोवंश की मौत होने की सूचना पर आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है।

हरिराम गुर्जर ने बताया कि ग्रामीणों ने सूचना दी की ढाणी भरगडान के पास एक खेत में तीन गोवंश तड़प रहे हैं। जिसकी सूचना पर वह मौके पर पहुंचे तो दो गाय व एक सांड पड़े हुए थे। इस दौरान आसपास देखा तो एक कट्टे के ऊपर यूरिया खाद में शक्कर मिली हुई रखी थी, जिसके खाने से तीनों गोवंश की यह हालत हुई है। इसके बाद पुलिस व पशु चिकित्सा विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया। पशु चिकित्सा डॉ. मांगीलाल ने बताया कि यूरिया खाद

- **ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की**
- **पुलिस व पशु चिकित्सा विभाग की टीम को बुलाया**

खेतों में फसल की पैदावार बढ़ाने व कीटों को नष्ट करने के लिए उपयोग में लिया जाता है, जो जहर ही माना जाता है। किसी व्यक्ति द्वारा इन तीनों गोवंश को यूरिया खाद में शक्कर मिलाकर खिलाया गया है, जिसके चलते जहरीले पदार्थ के सेवन के होने से इन तीनों गोवंश की मौत हो गई। गोवंश की मौत को लेकर उनका पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, जिसको लोग अपने घरों में रखकर पालन पोषण भी किया जा रहा है, लेकिन इस प्रकार की घटना होने से क्षेत्र के लोगों में रोष पनप रहा है। इस दौरान उन्होंने पुलिस से इस जन्घय अपराध करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है। थानाधिकारी गोपाल सिंह ने बताया कि गोवंश की मौत को लेकर मामले की गहनता से जांच की जा रही है। वहीं आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। यदि इस मामले में कोई व्यक्ति शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर डॉ. जितेंद्र सैनी, पूर्व सरपंच हजारीलाल गुर्जर, अशोक कुमार, रामकिशन, मदनलाल, तेजाराम, संजीव कुमार, अशोक गराटी, लीलाराम, लूणाराम, रामनिवास, विजय भरगड़ सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## नाबालिग को बहलाकर ले जाने का आरोप

**सादुलपुर, (निसं)।** हमीरवास थाने के निवासी 15 वर्षीय बालिका के मोबाइल फोन पर पबजी गेम खेलने के दौरान एक युवक के बातचीत होने पर आरोपी के खिलाफ बालिका के बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप का मामला हमीरवास थाने में दर्ज हुआ है। हमीरवास थानान्तर्गत गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में मामला दर्ज करवाया है कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री काफी दिनों से मोबाईल गेम (पबजी) खेला करती थी, जिसमें उसकी देवा (पूना) नाम के लड़के के साथ कांटेक्ट हो गया तथा उसने धीरे-धीरे उसकी पुत्री के मोबाईल नंबर पर भी बातचीत करनी शुरू कर दी। जब उन्हें इसके बारे में पता चला तो उसने अपनी पुत्री को समझाने की काशिश की, परन्तु उसकी पुत्री फिर भी आरोपी देवा से लगातार बात करती रही। 10 जनवरी को घर के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे, अगले दिन सुबह जब वे उठे तो उन्होंने देखा कि उसकी पुत्री उनके घर से गायब थी। जिसके बाद उन्होंने अपने पड़ोसियों व गांव के लोगों से पूछा परन्तु उसकी पुत्री का कहीं कोई अता पता नहीं लगा। दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि उन्हें शक है कि आरोपी देवा उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उसकी पूत्री के पास भी मोबाईल फोन है जो कि वह कभी चालू और कभी बंद कर रही है।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी के दो केस दर्ज

**जोधपुर, (कासं)।** बच्चों के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए जाने के मामले थम नहीं रहे हैं। इस संबंध प्रतापनगर पुलिस ने केस दर्ज किए हैं। एक व्यक्ति को इसमें नामजद किया गया है। आरोपी को फिलहाल गिरफ्तार नहीं किया गया है।

प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि 22 और 24 जुलाई 2022 को प्रताप नगर के ज्वाला विहार के एक व्यक्ति के द्वारा पोर्नोग्राफी के दो सीडीज सोशल मीडिया पर अपलोड की गई थी। जिसमें किसी बच्चे के साथ महिला की अशिष्टता दिखाई गई है। दिल्ली साइबर क्राइम ब्रांच से इसकी पड़ताल के बाद अब प्रताप नगर थाने में केस दर्ज करवाया गया है। केस थानाधिकारी द्वारा दर्ज करवाया गया है।

अग्रिम जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार कमिश्नरेट क्षेत्र में कई थानों में इससे पहले भी चाइल्ड पोर्नोग्राफी के केस दर्ज हो रखे हैं।

## वीडियो वायरल करने वाले गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** गुलाबपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला का अश्लील वीडियो बना वायरल करने वाले 2 आरोपियों की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शंभुगढ़ थाना क्षेत्र के पप्पूलाल व कैलाश भील ने नशे की लत और भय व्याप्त करने की नियत से वारदात को अंजाम दिया था। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व एक महिला को अर्धनग्न कर उसके साथ मारपीट कर वीडियो बनाकर व्हाट्सएप पर वायरल किया गया था, जिसमें थाना शंभूगढ़ में प्रकरण दर्ज था, जिसमें अनुसंधान थाना अधिकारी गुलाबपुरा द्वारा किया गया है। प्रकरण में पूर्व में एक आरोपी पप्पूलाल भील को गिरफ्तार किया जा चुका था व अब एक और आरोपी कैलाश भील को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी शंभुगढ़ थाना क्षेत्र के हैं।

# कैंसर मरीज की मौत पर अस्पताल में परिजनों ने हंगामा किया

**जोधपुर, (कासं)।** कैसर के मरीज की मौत के बाद परिजनों ने मथुरादास माथुर अस्पताल में हंगामा कर दिया। परिजनों ने तबीयत खराब होने पर उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां आक्सीजन पर रखा था।

शुक्रवार तड़के अस्पताल में लाइट चले जाने से आक्सीजन की सप्लाई बंद हो गई, जिसके बाद मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मरीज परिवार में इकलौता बेटा था। मामले की जानकारी पर हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित कई अन्य अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे।

- **परिजनों ने तबीयत खराब होने पर उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां आक्सीजन पर रखा था**
- **शुक्रवार तड़के अस्पताल में लाइट चले जाने से आक्सीजन की सप्लाई बंद हो गई थी, जिससे मरीज की मौत हो गई**
- **परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है, मरीज परिवार में इकलौता बेटा था**

जोधपुर पश्चिम एसीपी नरेंद्र दायमा ने बताया कि ओसियां के पली निवासी गोपाल भाटी पुत्र पारसराम भाटी को लंग्स कैंसर की फर्स्ट स्टेज की परेशानी थी। उसे गुरुवार शाम को एमडीएम के ट्रोमा सेंटर के रेडजोन वार्ड में वेंटिलेटर पर रखा था। शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे लाइट चली गई, जिससे वेंटिलेटर डाउन हो गया। परिजनों का कहना है कि नर्सिंग स्टाफ मौके पर मौजूद था। उन्होंने आक्सीजन सिलेंडर भी मंगवाए थे लेकिन वे खाली निकले। परिजनों का आरोप है कि वार्ड के सीनियर मेल नर्स और डॉक्टर दोनों मौके से गायब थे।

हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित ने बताया कि मरीज की हालत गंभीर थी। वह लंग्स कैंसर से पीड़ित था। रात को भर्ती होने के बाद उसे ऑक्सीजन पर रखा गया था। लाइट जाने से वेंटिलेटर बंद होने पर उसे ऑक्सीजन प्वाइंटर पर स्विच ओवर किया गया था, लेकिन मौत हो गई। परिजनों की शिकायत पर डॉ. गणपत चौधरी के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई गई है, जिसकी भी गलती सामने आएगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


## राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

क्रमांक- सं.संक्षिप्त वि.स. 10 से 11/परीक्षा/सहायक आचार्य/संस्कृत शिक्षा/EP-I/2023-24 दिनांक- 12.01.2024

आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के लिए 02 विज्ञापनों के तहत ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त विज्ञापनों के तहत विज्ञापित पदों की शैक्षणिक योग्यता सेवावार पदों की संख्या वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया, आयु सीमा व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध पृथक पृथक विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। इन विज्ञापनों के तहत विज्ञप्ति पदों हेतु विभाग के नाम, पद नाम, विज्ञापन संख्या, पदों की संख्या, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पद का नाम | विज्ञापन संख्या | पदों की संख्या | आवेदन अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संस्कृत शिक्षा विभाग | सहायक आचार्य (विभिन्न 15 विषय) | 10/2023-24 | 200 | 22.01.2024 से 21.02.2024 |
| 2 | कृषि विभाग | सहायक सांख्यिकी अधिकारी | 11/2023-24 | 10 | 25.01.2024 से 24.02.2024 |

**अन्य बिन्दु व सूचना**-एकबारीय पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त इस परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.-0145-2635212 एवं 2635200 पर संपर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।

DIPR/C/180/2024 राम निवास मेहता, सचिव


# डूंगरपुर में दो शावकों के साथ पैंथर दिखी

**डूंगरपुर, (निसं)।** वन रेंज के झाकोल गांव में शुक्रवार को दो शावकों के साथ पैंथर फैमिली दिखाई दी। पैंथर की दहाड़ सुनकर चरवाहा डर गया तो उसने पत्थर उठा लिया। जिसके बाद पैंथर अपने शावकों के साथ नजदीक के एक माइंस में घुस गई। पैंथर फैमिली दिखने के बाद लोगों में डर का माहौल है। वन विभाग और पुलिस पैंथर के मूवमेंट पर नजर रखे हुए है।

सदर थाना क्षेत्र के झाकोल गांव में माइंस एरिया के पास पैंथर दिखाई दिया। गांव के कुछ बच्चे पशुओं को चरा रहे थे। उसी समय दो पैंथर अपने दो शावकों के साथ दिखे। पैंथर गुर्राने लगे जिस पर बच्चे डर गए, लेकिन चरवाहे बच्चों ने पत्थर उठा लिया। जिस पर पैंथर अपने शावकों के साथ पास की माइंस में जाकर घुस गए। पैंथर की खबर सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए। हाथों में पत्थर, लट्ठ लेकर लोग

- **चरवाहे पर हमले का प्रयास किया, पत्थर लेकर दौड़ा**
- **पैंथर अपने शावकों के साथ नजदीक के एक माइंस में घुस गई**

माइंस एरिया के पास पहुंचे।

वहीं सूचना पर सदर थाना पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंच गई। इसके बाद लोगों के बताए अनुसार पुलिस और वन अधिकारी माइंस के पत्थरों तक पहुंचे और पैंथर की मूवमेंट को ट्रेक कर रहे हैं। लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में आए दिन पैंथर दिखाई देता है। कई बार पैंथर पशुओं का शिकार भी करते हैं।

# करोड़ों के माल से भरा कंटेनर लूट मामले में दो बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** खेरवाड़ा हाइवे पर चालक को धमका कर दो करोड़ अड़तीस लाख के माल से भरा कंटेनर लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से लूटा गया कंटेनर व वारदात में प्रयुक्त वाहन बरामद किया। जिला पुलिस अधीक्षक ने मामले का खुलासा करने वाली टीम को उच्चाधिकारियों से इनाम दिलाने की घोषणा की।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित काला पुत्र मलुक मेव बागोडीया निवासी वार्ड नौ जहानपुर पंचायत समिति मालपुर थाना गोवन्दिगढ़ अलवर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मैं बोम्बे एक्पोर्ट कार्गो केरियर प्राईवेट लिमीटेड मुम्बई से ट्रक चालक की नौकरी रकता हूं। कंपनी आर्डर के अनुसार 10 जनवरी रात में ट्रक कंटेनर में एक्सपोर्ट कपड़ा माल भरा हुआ लेकर खलासी अफसर पुत्र

- **2.38 करोड़ के माल सहित कंटेनर व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की**
- **एसपी ने पुलिस टीम को इनाम दिलाने की घोषणा की**

आलमदिन निवासी अलीपुरा तिगरा थाना व तहसील फिरोजपुर जिरका नुह हरियाणा के साथ लेकर नोएडा दिल्ली से द्रोणागीरी मुम्बई जाने के लिए रवाना हुआ था। 11 जनवरी सांय खेरवाड़ा टोल नाके से पहले पहुंचने पर बाइक सवार दो व्यक्ति ने ट्रक के आगे बाईक खड़ी कर दी। मुझे व खलासी को धमकाते हुए ट्रक से नीचे उतार दिया तथा ट्रक की चाबी लेकर ट्रक कंटेनर माल सहित लूट ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर गठित दल ने कार्यवाही करते हुए वारदात से 12 घंटे में कागदर हाइवे पर बाइक सवार अशोक कुमार व विकेश उर्फ विकास को घेरा डालकर दबोच लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने कंटेनर लूट की वारदात कबूलते हुए सुरक्षित स्थान पर खड़ा होने की जानकारी दी।

इस पर पुलिस दल ने लूटा गया कंटेनर जब्त कर दोनों आरोपी अशोक पुत्र धनेश्वर भगोरा निवासी हिडवा फला आमझरा बिच्छीवाड़ा डूंगरपुर तथा विवेक पुत्र बाबुलाल फेरा मीणा निवासी देवल खास फला फेरा गडहा थाना सादर डूंगरपुर को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात में प्रयुत्त बाइक बरामद की। उक्त मामले का खुलासा करने में एएसआई दिग्विजयसिंह व कांस्टेबल रणधीरसिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा


CAD सर्किल के पास कोटा

एफ 11/नीलामी/2024/1164 दिनांक 12.01.2024

### ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का अवसर

नगर विकास न्यास द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से पंडित मदन मोहन मालवीय योजना खेडा जगपुरा झालावाड़ रोड में रिसोर्ट हेतु भूखंड संख्या-आर-6 को नीलाम किया जा रहा है। उक्त भूखंड एन.एच. 12 पर स्थित है एवं न्यास की फार्म हाउस योजना, आर.टी.ओ. ऑफिस, रीको संस्थान एवं औद्योगिक क्षेत्र के समीप स्थित है। ई-ऑक्शन दिनांक 05.02.2024 प्रात: 11.00 बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 07.02.2024 को दोपहर 2:00 बजे समाप्त हो जायेगा (अन्तिम 5 मिनट में स्वत: बोली विस्तार नहीं होने की स्थिति में) नियम/शर्ते एवं अन्य जानकारी urban.rajasthan.gov.in/uitkota एवं udhonline.rajasthan.gov.in/ कार्यालय समय में न्यास में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। दूरभाष 0744-2500539/ (Helpline For Online Support-01412560211) पर सम्पर्क करें।

भूखंड संख्या आर-6 का क्षेत्रफल ( 13250.79 वर्गमीटर )
प्रारम्भिक नीलामी दर-9000/-प्र.व.मी.
आरक्षित दर-3500/-प्र.व.मी.
धरोहर राशि-2385500/-




सचिव


# "अंतर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव" में स्थानीय धुनों पर झूमे देसी-विदेशी पर्यटक

**बीकानेर, (निसं)।** अंतराष्ट्रीय ऊंट उत्सव के तहत शुक्रवार को बीकानेर कार्निवल का आयोजन किया गया। कार्निवल की शुरूआत लक्ष्मी निवास पैलेस से हुई। संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया, आईजी ओमप्रकाश, जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल और

- **कार्निवल में विभिन्न झांकियों के साथ राजस्थानी वेशभूषा में विविध संस्कृतियों का प्रदर्शन**

पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम की उपस्थिति में कार्निवल रवाना हुआ।

गुब्बारे उड़ाकर कार्यकम का शुभारंभ किया गया। कार्निवल में राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चों एवं विंटेज कारों में बैठे देशी-विदेशी पर्यटक भी स्थानीय लोक धुन पर थिरकते नजर आए। छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पारम्परिक नृत्य कर राजस्थान की बहुरंगी संस्कृति को साकार किया। इस दौरान झांकियों के साथ, स्थानीय कलाकारों ने घूमर, एनसीजेडसीसी प्रयागराज द्वारा कालबेलिया, पंजाब के दल द्वारा भंगड़ा, फाग घूमर, हरियाणा सहित अन्य नृत्यों ने पर्यटकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। ऊंटों पर सवार रोबीले तथा ऊंट गाड़ों पर राजस्थानी लोक जीवन और बीकानेर की



कार्निवल में राधा-कृष्ण के रूप में सजे बच्चों एवं विंटेज कारों में बैठे देशी-विदेशी पर्यटक स्थानीय लोक धुन पर थिरकते नजर आए।

ग्रामीण संस्कृति साकार हुई।

कार्निवल में ऊंट सवारी रोबिले, राजस्थानी वेशभूषा में सजी-धजी स्कूल एवं कॉलेज छात्राएं और कैमल कार्ट की विभिन्न झांकियों के साथ राजस्थानी वेशभूषा में विविध संस्कृतियों का प्रदर्शन किया गया। कार्निवल यहां से रवाना होकर करणी सिंह स्टेडियम से होते हुए तीर्थभ सर्किल पर सम्पन्न हुआ। रास्ते में शहरवासियों ने पलक पावड़ बिछाकर भी कार्निवल का अभिनंदन किया। पर्यटकों द्वारा इन लम्हों की तस्वीरें ली गई वहीं वे कलाकारों के साथ सेल्फी लेने में भी आमजन मशगूल दिखे।

ऊंट उत्सव के दूसरे दिन प्रात: 10 से दोपहर 3 बजे तक राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र में ऊंट नृत्य, ऊंट फर कटिंग, ऊंट सज्जा और ऊंट दौड़ प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं दोपहर चार से सात बजे तक डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में मिस मरवण, मिस्टर बीकाणा, ढोला-मारू, सहित अन्य प्रतियोगिता के साथ बीकानेर फैशन शो का आयोजन होगा। सायं सात बजे से डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में फोक नाइट सन्स ऑफ सॉयल आयोजित होगी। इसमें राजस्थानी लोक कलाकारों सहित विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी।


## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा


CAD सर्किल के पास कोटा

एफ 11/नीलामी/2024/1163 दिनांक 12.01.2024

### ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का अवसर

नगर विकास न्यास द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से पंडित मदन मोहन मालवीय योजना खेडा जगपुरा झालावाड़ रोड में रिसोर्ट हेतु भूखंड संख्या-आर-5 को नीलाम किया जा रहा है। उक्त भूखंड एन.एच. 12 पर स्थित है एवं न्यास की फार्म हाउस योजना, आर.टी.ओ. ऑफिस, रीको संस्थान एवं औद्योगिक क्षेत्र के समीप स्थित है। ई-ऑक्शन दिनांक 31.01.2024 प्रात: 11.00 बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 02.02.2024 को दोपहर 2:00 बजे समाप्त हो जायेगा (अन्तिम 5 मिनट में स्वत: बोली विस्तार नहीं होने की स्थिति में) नियम/शर्ते एवं अन्य जानकारी urban.rajasthan.gov.in/uitkota एवं udhonline.rajasthan.gov.in/ कार्यालय समय में न्यास में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। दूरभाष 0744-2500539/ (Helpline For Online Support-01412560211) पर सम्पर्क करें।

भूखंड संख्या आर-5 का क्षेत्रफल ( 16124.84 वर्गमीटर )
प्रारम्भिक नीलामी दर-11000/-प्र.व.मी.
आरक्षित दर-3500/-प्र.व.मी.
धरोहर राशि-3547500/-




सचिव

# गुजरात की विशेषज्ञताओं का लाभ उठाकर राजस्थान 'ग्रीन एनर्जी हब' बनेगा : नागर

## ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने की गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल से चर्चा

**जयपुर ( कासं )।** राजस्थान ऊर्जा के क्षेत्र में गुजरात की विशेषज्ञताओं का लाभ उठाएगा। इसके लिए अधिकारियों एवं विशेषज्ञों का एक दल जल्द ही गुजरात के दौरे पर भेजा जाएगा। यह दल एनर्जी सेक्टर में निवेश एवं उत्पादन को बढ़ावा देने वाली गुजरात सरकार की नीतियों का अध्ययन करेगा और राजस्थान के परिप्रेक्ष्य में इन्हें लागू करने की संभावनाओं को तलाशेगा।



**राजस्थान के ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने गुरूवार देर रात गांधीनगर में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल से मुलाकात की।**

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में भाग लेने गए प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने गुरूवार देर रात को गांधीनगर में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल से मुलाकात कर इस संबंध में गहन विचार-विमर्श किया। इस दौरान गुजरात के मुख्य सचिव राजकुमार, वहां की प्रमुख शासन सचिव ऊर्जा ममता वर्मा तथा गुजरात ऊर्जा विकास निगम लि. के प्रबंध निदेशक जयप्रकाश शिवहरे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री ने बताया कि देश की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में गुजरात की 16 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। कच्छ में 30 हजार मेगावाट की क्षमता वाला दुनिया का सबसे बड़ा हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा पार्क स्थापित किया जा रहा है। इसका क्षेत्रफल सिंगापुर के बराबर होगा। यह 20 मिलियन उपभोक्ताओं की बिजली की आवश्यकताओं को पूरा कर सकेगा।

पटेल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सोलर, विंड और हाइड्रो एनर्जी के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए विगत करीब 22 वर्षों से लगातार नीतिगत निर्णय किए गए, जिसके कारण गुजरात क्लीन एवं ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में निवेश के लिए ग्लोबल कंपनियों की पहली पसंद बना हुआ है और एनर्जी सरप्लस स्टेट है।

■ प्रदेश के अधिकारी व विशेषज्ञों का दल जल्द ही करेगा गुजरात का दौरा

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री नागर ने ग्रीन एनर्जी हब के रूप में विकसित करने के लिए गुजरात की नीतिगत पहल का स्वागत करते हुए कहा कि राजस्थान और गुजरात के बीच भौगोलिक रूप से कई प्रकार की समानताएं हैं। प्रदेश का एक बड़ा भाग मरूस्थल होने के कारण राजस्थान में सोलर एनर्जी के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं।

उन्होंने पीएम कुसुम योजना में सोलर पम्प तथा रूफटॉप सोलर योजना में रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने पर भी बल दिया। नागर ने जल को ऊंचाई पर लिफ्ट करके प्रेशर के माध्यम हाइड्रो बिजली प्राप्त करने के गुजरात के अनुभव को राजस्थान में भी लागू करने में गहरी दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने कहा कि इससे पीक आवर्स में किसानों की बिजली की मांग को पूरी किया जाना सम्भव है।

नागर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश पर अपने तीन दिवसीय गुजरात दौरे में उन्होंने इस सेक्टर की कई दिग्गज कंपनियों के प्रमुखों एवं शीर्ष प्रबंधन से सार्थक चर्चा की है। जल्द ही इनके आशानुकूल परिणाम आने की उम्मीद है।

## अंगदान की ऑनलाइन रजिस्ट्री में प्रदेश नंबर-वन

**जयपुर ।** नेशनल ऑर्गन एण्ड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन के पोर्टल पर अंगदान की शपथ लेकर ऑनलाइन रजिस्ट्री करवाने में राजस्थान पहले स्थान पर पहुंच गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में अंगदान की शपथ लेकर नोटो की वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्री करवाने का आव्हान किया गया था। राजस्थान ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में इस दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को बधाई दी है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में आमजन को अंगदान की ऑनलाइन शपथ लेने के लिए प्रेरित कर रहे है। नेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट कार्यक्रम के स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ. एसएन धौलपुरिया ने बताया कि शुक्रवार शाम तक 24 हजार 869 ऑनलाइन रजिस्ट्री के साथ राजस्थान पहले स्थान पर आ गया। देशभर में लगभग 1 लाख 25 हजार लोगों ने अब तक ऑनलाइन रजिस्ट्री करवाई है।

# 'आर.जी.एच.एस. योजना में नहीं मिल रहा लाभ'

## 'पिछले 6 माह से न दवाईयां मिल रही और ना ही निजी अस्पतालों में उपचार'

**जयपुर** (कासं)। राज्य सरकार की ओर से राज्य कर्मचारियों और अधिकारियों तथा पेंशनरो के लिए संचालित आरजीएचएस योजना में पिछले छह महीने से न दवाईयाँ मिल रही और न ही अनुमोदित निजी चिकित्सालयों में उपचार की सुविधा प्राप्त हो रही हैं। वहीं कर्मचारियों एवं अधिकारियों के खाते से प्रति माह आरजीएचएस के नाम से हजारो रूपये की कटौती कर राजकोष भरा जा रहा है।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड ने बताया कि राज्य में नई सरकार के गठन के बाद भी आज तक गत 6 माह पूर्व जैसी स्थिति बनी हुई है। जिसके कारण राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों में काफी रोष व्याप्त हो रहा है। पेंशनरों की स्थिति ऐसी है कि जीवन भर सरकार की सेवा करने के पश्चात वृद्वावस्था में जीवन रक्षक दवाईयाँ भी आरजीएचएस योजना के तहत अनुबंधित दुकानों पर नहीं दी जा रही है। जिसके कारण पेंशनरों को प्रतिमाह हजारों रूपये खर्च दवाईयाँ खरीदनी पड़ रही है।

राठौड ने विज्ञिप्त जारी कर मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री से आग्रह किया है कि तत्काल आरजीएचएस योजना के तहत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों के नि:शल्क उपचार की सुविधा बहाल की जावे। ताकि उन्हें उपचार में अनावश्यक व्यय का भार नहीं उठाना पडे।

## शिविर में 250 यूनिट रक्तदान

**जयपुर ।** स्वामी विवेकानन्द जंयती के उपलक्ष्य में एनएमओ जयपुर एवं जार्ड के तत्वावधान में एसएमएस मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। डॉ. अनुज पारीक ने बताया की स्वामी विवेकानन्द जंयती पर ब्लड डोनेशन केम्प लगाया गया। इसमें एसएमएस के रेजिडेंट और एमबीबीएस के छात्रों ने 250 यूनिट ब्लड डोनेट किया। कार्यक्रम में भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें एमबीबीएस के छात्रों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यकम में विद्या भारती के अध्यक्ष प्रोफेसर भरत राम, विधायक गोपाल शर्मा और विधायक बालमुकंदाचार्य शामिल हुए और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान एनएमओ की ओर से डॉ. दीपक माहेश्वरी, डॉ. सुशील भाटी, डॉ. गिरधर गोयल, डॉ. राजकुमार हर्षवाल, डॉ. विकास एवं जार्ड की ओर से डॉ. राजेश, डॉ. भरत, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. सुभाष, डॉ. मुकेश और डॉ. सीताराम ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# 'सहकार से समृद्धि के नवाचारों से समितियों को सुदृढ़ किया जाए'

**जयपुर ।** शासन सचिव सहकारिता शुचि त्यागी एवं रजिस्ट्रार सहकारिता, अर्चना सिंह ने शुक्रवार को पद का कार्यभार संभालने के बाद विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विभाग द्वारा किए जा रहे 17 नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की। समयबद्ध तरीके से कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। त्यागी ने कस्टम हायरिंग सेन्टर्स द्वारा समितियों को हो रही आय के बारे में आकलन के निर्देश दिए। उन्होंने समितियों के जर्जर अवस्था वाले गोदामों के बारे में विस्तृत सूचना एकत्रित करने के निर्देश दिए।



**सहकारिता विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी और रजिस्ट्रार अर्चना सिंह ने शुक्रवार को पदभार संभालने के बाद अफसरों की बैठक ली।**

शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार को प्रजेन्टेशन के माध्यम से विभागीय कार्यों के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने बैंकों के क्रेडिट सेक्टर, केन्द्रीय सहकारी बैंकों में भर्ती, किसानों की खरीद प्रक्रिया, तिलम संघ, प्राथमिक भूमि विकास सहकारी बैंकों की स्थिति, प्रेस के द्वारा मुद्रण कार्य, एआईएफ, कस्टम हायरिंग सेन्टर्स, समितियों के चुनाव प्रक्रिया सहित विभिन्न बिदुंओं पर विस्तार से चर्चा की। त्यागी ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय के मिशन सहकार से समृद्धि के तहत नवाचारों के द्वारा सहकारी समितियों को सुदृढ किया जाए ताकि इन नवाचारों के माध्यम से आम जनता को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने प्रदेश की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नवाचारों में वृद्धि की जाए। रजिस्ट्रार अर्चना सिंह ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति के बारे में जानकारी ली एवं निर्देश दिए कि किसानों से संबंधित समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाए। बैठक में 100 दिवसीय कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर संयुक्त शासन सचिव, मों. अबू बक्र सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सफाईकर्मियों को स्वरोजगार से जोड़कर समर्थ बनाएं : पंवार

**जयपुर ।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने शुक्रवार को जयपुर पहुंचकर स्वायत्त शासन मुख्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को स्वरोजगार से जोड़ते हुए उनका पुर्नवास कर समर्थ बनाया जाये। जिससे वे समाज का सशक्त अभिन्न अंग बन सके। अंजना पंवार ने कहा कि कि सफाई कर्मचारियों को राज्य कर्मचारी घोषित किया जाना चाहिए और इनका वेतन संचित निधि से किया जाना चाहिए। इसके लिए वे केन्द्र व राज्य सरकार से बातचीत करेंगी। सफाई कर्मचारी आयोग का मुख्य ध्येय सफाई कर्मचारी वर्ग को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना का है। उन्होनें अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगरीय निकायों में कार्यरत स्थाई व संविदा सफाई कर्मचारियों के आई-कार्ड बनवाए जाए, जिसमें पी.एफ. नम्बर, आरजीएसएस नम्बर, एम्पलॉई आई.डी. नम्बर तथा ब्लड ग्रुप भी आवश्यक रूप से अंकित हो तथा सभी सफाई कर्मचारियों के चिकित्सा विभाग द्वारा 6 माह में एक बार कैम्प आयोजित कर ब्लड टेस्ट, ईसीजी, एक्सरे, डाईबिटीज एवं बी.पी. की जांच आवश्यक रूप से करवायी जाये। उन्होनें सफाई कर्मचारियों के उपस्थिती स्थल पर महिला एवं पुरूष सफाई कर्मचारियों के लिये अलग-अलग चेन्जिंग रूम, वॉशरूम बनाये के निर्देश दिए।

# झोटवाड़ा पुलिया व आईपीडी टावर देखने पहुंची आयुक्त

**जयपुर ।** जेडीए कमिश्नर मंजू राजपाल ने शुक्रवार को निर्माणाधीन झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड और सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर में बन रहे आईपीडी टावर का मौका निरीक्षण किया। फिलहाल दोनों प्रोजेक्ट्स कछुआ चाल चल रहे है। जेडीसी ने अधिकारियों को तमाम प्रोजेक्ट गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे करने को कहा। साथ ही जेडीए के राजस्व में बढोतरी के लिए भी अधिकारियों को लक्ष्य दिया।



**जेडीए कमिश्नर मंजू राजपाल ने शुक्रवार को सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर में बन रहे आईपीडी टावर का मौका निरीक्षण किया।**

जेडीसी ने मुख्यालय भवन स्थित चिंतन सभागार में बैठक लेकर अधिकारियों का परिचय और उनके कार्य दायित्वों की जानकारी ली। उन्होंने जेडीए द्वारा शहर में चलाए जा रहे तमाम प्रोजेक्ट्स के बारे में एक-एक करके जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी प्रोजेक्ट्स जेडीए के हाथ में है, वे समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ पूरे होने चाहिए। उन्होंने लेखाशाखा के कार्यो की जानकारी लेते हुए ऑक्शन की कार्यप्रणाली, नवीन योजनाओं के सृजन एवं राजस्व संबंधी प्रकरणों के बारे में विस्तार से जाना। उन्होंने जेडीए के राजस्व में बढोतरी हो, इसके लिए भी विशेष प्रयास करने को कहा। निदेशक वित्त को निर्देश दिए कि राजस्व अर्जित के लिए लक्ष्य निर्धारित कर, लक्ष्य पूर्ण करने की प्रभावी प्लानिंग की जाए।

उन्होंने टाउन प्लानिंग शाखा के कार्यो, कार्यक्षेत्र, मास्टर प्लान एवं नॉर्थन रिंग रोड की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मास्टर प्लान-2025 में पूर्व में जिन बिंदुओं पर कार्य नहीं हो पाया है, उन बिंदुओ में से जिस भी बिंदु पर एक वर्ष में कार्य किया जा सकता है, उन पर कार्य करने के निर्देश दिये। जिससे मास्टर प्लान-2025 का संपूर्ण लाभ आमजन को प्राप्त हो सके। उन्होंने इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। मंजू राजपाल ने जेडीए की उच्चाधिकार समिति की बैठक शीघ्र आयोजित करने के निर्देश दिये। कार्यकारी समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिये।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 1500 लाभार्थियों को एक करोड़ 70 लाख के ऋण प्रमाण पत्र बांटे

## केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा जयपुर हैरिटेज निगम के ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' शिविर में पहुंचे

**जयपुर** (कासं)। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा शुक्रवार को आदर्श नगर स्थित दशहरा मैदान में हैरिटेज नगर निगम के ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' शिविर में पहुंचे। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री उज्जवला के 51 गैस चूल्हे, स्वनिधि के 1500 लाभार्थियों को एक करोड़ 70 लाख, जीवन ज्योति बीमा के 125 व सुकन्या समृद्धि योजना के 6 लाभार्थियों को ऋण वितरण पत्र व चैक बांटे।

महापौर मुनेश गुर्जर ने समारोह में उपस्थित अतिथियों, नागरिकों, लाभार्थियों व विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों विधार्थियों व युवाओं को 2047 में विकसित एवं आत्म निर्भर भारत बनाने में योगदान के लिए शपथ दिलवाई ।

शपथ लेने के बाद अश्विनी वैष्णव, झाबर सिंह खर्रा, जयपुर सांसद बोहरा, विधायक बालमुकंदाचार्य, गोपाल शर्मा एवं अन्य सभी जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री का राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर देश के युवाओं के नाम उद्बोधन सुना।



**रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव और नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने दशहरा मैदान में आयोजित शिविर में सुकन्या योजना की लाभार्थी बच्चियों को चैक वितरित किए।**

केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश के हर नागरिक चाहे वह युवा, महिला, कारपोरेट, पत्रकार, इंजिनियर हो..विशेषकर युवाओं की सरकार व प्रशासन में सहित हर क्षेत्र में निर्णायक भूमिका होगी। इस सपने के साथ ऐसे विकसित भारत की नींव देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रखी है। वैष्णव ने कहा कि अब से 10 साल पहले तक मोबाईल फोन सैट जो लगभग हर नागरिक के हाथ में है व सबसे ज्यादा जरूरत की चीज है, के 100 प्रतिशत में से 98 प्रतिशत पूर्जे बाहर से आते थे लेकिन पिछले 10 साल में नरेन्द्र मोदी ने इतनी फैक्ट्री लगवा दी है कि अब मोबाईल के 100 में से 99 पूर्जे भारत में बन रहे है। वैष्णव ने कहा कि पहले लालकिले पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जो 21 तोपों की सलामी दी जाती थी वे तोपें भी बाहर से बन कर आती थी लेकिन अब चाहे तेजस विमान, हाईवे, रेलवे, एयरपोर्ट, गैस की पाईपलाईन, चाहे समूद्री जहाज सी-पोर्ट हो, हर क्षेत्र में देश का पूरा का पूरा चित्र बदल रहा है व कायाकल्प हो रहा है।

■ उन्होंने लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्जवला के 51 गैस चूल्हे, जीवन ज्योति बीमा के 125 और सुकन्या समृद्धि योजना के छह लाभार्थियों को चैक सौंपे

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि भारत सरकार ने जितनी भी योजनाएं जन कल्याण बनाई उनकी जानकारी आमजन तक पहुंचे व पात्र व्यक्तियों को हाथों-हाथ लाभ दिया जाये।

साथ ही आमजन को सरकारी योजनाओं के प्रति रवैया बदले व जनता के धन से चलने वाली योजनाओं के प्रति सजग हों व उनका लाभ लेकर आर्थिक रूप से संबल प्राप्त कर सकें। खर्रा ने कहा कि रेलवे मंत्री ने जिस रिंग रेलवे प्रोजेक्ट पर कार्य करने का आईडिया दिया है उस दिशा में विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर इस दिशा में कोई ठोस निर्णय लिया जायेगा।

जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि देश के विकास के लिये पहले नीतियां कमरों में बैठ कर बनती थी लेकिन अब मोदी की गांरन्टी के कारण अन्तिम छोर के व्यक्ति के बारे में फीडबैक लेकर देश कर हर क्षेत्र में विकास की योजनाएं बना कर आम जन को लाभ पहुँचाया जा रहा है।

## ट्रांसजेंडर्स को मुख्य धारा से जोड़ेगी राजस्थान पुलिस

**जयपुर ।** राजस्थान के ट्रांसज़ेंडर्स को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिये राजस्थान पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल शुरू किया है। डीसीपी जयपुर नॉर्थ राशि डोगरा डूडी के नेतृत्व में 10 जनवरी से शुरू हुए इस अभियान के तीसरे दिन शहर के शास्त्री नगर थाने में पुलिस के ट्रांसेज़ेंडर सेल के नोडल अधिकारियों और ट्रांसेज़ेंडर राइट एक्टिविस्ट की संयुक्त मीटिंग हुई। इसमें ट्रांसेज़ेंडर से समन्वयन स्थापित कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ने, उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने व शिक्षा, रोज़गार के अवसर, इनसे संबंधित कानूनी पहलुओं पर विचार किया गया। पुलिस को भी ट्रांसेज़ेंडर के अधिकार के बारे में जानकारी हो और वे ट्रांसेज़ेंडर के साथ किस तरह बर्ताव करे इस बारे में गहन मंथन किया गया। शास्त्री नगर थाने के अधिकारी किशोर सिंह के साथ जयपुर नार्थ के नोडल अधिकारियों के अलावा शहर के कई ट्रांसेज़ेंडर राइट एक्टिविस्ट भी मौजूद रहे। देश में जन्म प्रमाण पत्र पाने वाली पहली ट्रांसेज़ेंडर नूर शेखावत, ट्रांसेजेंडर प्रिया शर्मा, ट्रांसेज़ेंडर राइट एक्टिविस्ट वसुधा एनजीओ की निदेशक मोना शर्मा, राजस्थान यूनिवर्सिटी में ट्रांसेजेंडर विषय पर पीएचडी कर रहे एक मात्र स्टूडेंट शिवराज गुर्जर, सी फार संस्थान के आयुष भार्गव से पुलिस अधिकारियों की बातचीत हुई। उन्होंने नालसा जजमेंट 2014 में पास हुए ट्रांसजेंडर एक्ट एंड रूल्स पर चर्चा की।

## सार-समाचार

### जीएसटी की समस्याएं दूर करने की मांग




**जयपुर ।** मरुधरा टैक्स बार के अध्यक्ष पी.एम.चौपड़ा, आर.पी.शर्मा और सी.ए. सुधीर भांसली ने शुक्रवार को राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो और बुके देकर स्वागत किया। साथ ही केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) में पिछले 5 साल से आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया और इस बारे में मुख्यमंत्री को भेजने के लिए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के सचिव ने इस बारे में चर्चा करके सरकार को आगे भेजने के लिए आश्वासन दिया है।

### स्वायत्त शासन निदेशक ने संभाला पदभार



**जयपुर ।** स्वायत्त शासन विभाग के नव-पदस्थापित निदेशक एवं संयुक्त सचिव सुरेश कुमार ओला ने शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवृत्तमान निदेशक हृदेश कुमार शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई। नवपदस्थापित निदेशक सुरेश ओला ने कहा कि विभाग के कार्य चुनौती पूर्ण है। पूर्ण निष्ठा एवं लगन तथा कार्यो से पूर्ण पारदर्शिता रखते हुए सभी कार्यो को टीम भावना से सभी को साथ लेकर सम्पादित करेंगे। राजस्थान हमारी कर्मभूमि है, हम सम्पूर्ण प्रदेश में सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार करेंगे। ज्ञात रहे कि सुरेश ओला वर्ष 2014 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी है। ओला को नगरीय निकाय क्षेत्रों में कार्य करने का लम्बा अनुभव है। इन्होंने जयपुर स्मार्ट सिटी में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम जोधपुर में आयुक्त, जिला कलेक्टर डूंगरपुर, सवाईमाधोपुर के रूप में सफलतम कार्य किया है।

### राजकुमार सारस्वत बने चूरू जिलाध्यक्ष



**जयपुर,** (का.सं.)। राष्ट्रीय सारस्वत मंच रजि. के अध्यक्ष विमल कुमार सारस्वत ने समाजसेवी और वरिष्ठ पार्षद राजकुमार सारस्वत को चूरू जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नियुक्ति पत्र में आशा व्यक्त की है कि समाज के प्रति आपकी निष्ठा और समर्पण भाव का लाभ संगठन के साथ सम्पूर्ण समाज को मिलेगा। चूरू जिले के विभिन्न विप्र संगठनों, पार्षदों और समाज के लोगों नेबअ राजकुमार सारस्वत की नियुक्ति का स्वागत किया है। पार्षद राजकुमार सारस्वत ने बताया कि वे शीघ्र अपनी कार्यकारिणी गठित कर समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

### रेड रिबन क्विज के विजेता पुरस्कृत



**जयपुर ।** राजस्थान इंटरनेशल सेंटर में राष्ट्रीय युवा दिवस पर शुक्रवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने नेशनल रेड रिबन क्विज कॉम्पीटिशन के विजेता प्रतिभागियों को नकद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस दौरान पहला पुरस्कार मिजोरम, दूसरा तेलंगाना, तीसरा उत्तराखण्ड एवं सांत्वना पुरस्कार पुदुचैरी की टीम को मिला। कार्यक्रम में सिंह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स एक जटिल बीमारी है। बचाव ही इसका मुख्य उपचार है। उन्होंने कहा कि युवा पीढी एड्स से बचाव के लिए जागरूकता पैदा करने में अहम भूमिका निभा सकती है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि आज युवाओं के आदर्श महापुरूष स्वामी विवेकानंद की जयंती है। स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व सबके लिए प्रेरणादायी है। पुलिस महानिरीक्षक जेल विक्रम सिंह ने कहा कि जेल एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त प्रयासों से जेल सुधार गृहों, नारी निकेतन, बाल सुधार गृहों एवं नशा मुक्ति केंद्रों में एचआईवी, सिफलिस, हैपेटाइटिस, टीबी आदि रोगों की रोकथाम के लिए सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। इस दिशा में प्रदेश में 3 लाख 50 हजार से अधिक बंदियों एवं आवासियों की जांच की गई है। समारोह के दौरान राज्य की 145 जेलों, सुधार गृहों, नारी निकेतन, नशा मुक्ति केंद्रों और बाल सम्प्रेषण गृहों में सभी बंदियों के सतत सामान्य स्वास्थ्य जांच और उपचार के साथ एचआईवी, हेपेटाइटिस, टीबी एवं सिफलिस आदि रोगों की जांच परामर्श एवं उपचार सेवाओं के लिए आईएसएचटीएच (इंटीग्रेटेड एसटीआई, एचआईवी, टीबी एण्ड हेपेटाइटिस) अभियान का शुभारम्भ भी किया गया। यह अभियान 12 जनवरी से 28 फरवरी तक चलाया जाएगा।

### विवेकानंद जयंती पर 30 लोग सम्मानित

**जयपुर ।** विज्ञान भारती एवं सनराइज कृषि भूमि विकास एवं अनुसंधान जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम ''विवेकानंद दर्शन : विज्ञान एवं अध्यात्म सेतु'' का आयोजन किया गया। श्रीपिंजरापोल गोशाला के सुरभि सदन में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री, पीजीसीआईएल, भारत सरकार के स्वतंत्र डायरेक्टर रामनरेश तिवारी, आरएसएस के क्षेत्रीय बौद्दिक प्रमुख डॉ. श्रीकांत, विज्ञान भारती राजस्थान इकाई के सचिव डॉ. मेघेंद्र शर्मा व भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता के आतिथ्य में आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक मुकेश भारद्वाज ने बताया कि समारोह के दौरान उल्लेखनीय सेवाओं के लिए 30 विशिष्ठजनों शॉल ओढाकर व रामचरित मानस ग्रंथ भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सह संयोजक मोनिका गुप्ता व संगीता गौड़ ने कहा कि विवेकानंद वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले थे और उन्होंने समाज सुधारक के रूप में महान कार्य किया है जिनका सबको अनुसरण करने की जरुरत है। डॉ. अतुल गुप्ता ने सनातन धर्म में गौमाता के महत्व पर प्रकाश डाला।

### प्रदेश में आठ नए करोना संक्रमित मिले

**जयपुर ।** प्रदेश में शुक्रवार को करोना संक्रमण के आठ नये मामले सामने आए है। वहीं राज्य में पिछले चौबीस घंटों में तीन मरीज ठीक होने के साथ ही एक्टिव केस 53 रह गए है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शुक्रवार को जोधपुर और सवाई माधोपुर में 2-2 और बाड़मेर, श्रीगंगानगर, जयपुर तथा टोंक में एक-एक नया संक्रमित मिला है। वहीं राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में जगतपुरा में एक नया संक्रमित सामने आया है। राजधानी में फिलहाल 19 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। उधर प्रदेश में 53 एक्टिव मामले है।

### करियर व युवा दिवस का आयोजन

**जयपुर** (कासं)। स्टेशन रोड जयपुर स्थित यूनियन सैकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को करियर व युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गोपाल लाल केदावत ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। सौरभ शर्मा और एस.एस.नकवी ने रोजगार से संबंधित विभिन्न पाठयक्रमों के बारे में छात्रों को जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबूभाई ने रोजगार पाने के कई तौर तरीकों पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमाशंकर ने की और छात्रों का उत्साहवर्द्धन किया।



## International Brainteaser Month

People always talk about physical stimulation and keeping your body healthy, but where's the brain gym to help keep your wits sharp? Most people don't realize that engaging in mental stimulation is just as important as keeping your body in shape, but that's what International Brainteaser Month hopes to change. Everyone loves a good riddle. Brain teasers are an excellent way to keep our minds sharp and focused. There are plenty of great puzzles out there to challenge every level of thinking. For daily teasers, there are several mobile apps that offer daily reminders and challenges.

#FOREST CONSERVATION

# Biodiversity Boost

The forest carbon potential has been a highly controversial topic



*Natural forest recovery* could capture approximately 226 gigatonnes of carbon, but only if we also reduce greenhouse gas emissions, a new study shows.

The study highlights the critical importance of forest conservation, restoration, and sustainable management in moving towards *international climate and biodiversity targets*.

The researchers stress that this potential can be achieved by incentivizing community-driven efforts to promote biodiversity.

The forest carbon potential has been a highly controversial topic. Four years ago, a study published in the journal 'Science' found that the restoration of forests could capture over 200 gigatonnes (Gt) of carbon, which could drawdown approximately 30% of excess anthropogenic carbon.

While this study elevated a discussion about the role of nature in fighting climate change it also raised concerns around the adverse environmental impacts of mass tree plantations, carbon offsetting schemes and greenwashing. While some scientific studies have supported the scale of this finding, others argued that this forest carbon estimate could be up to 4 or 5 times too high.

To address this controversial topic, researchers led by the Crowther Lab at ETH Zurich joined forces to build an integrated assessment using a comprehensive range of approaches, including vast ground-sourced data and satellite datasets.

### Forest Carbon Capture

Due to ongoing deforestation, the total amount of carbon stored in forests is ~328 Gt below its natural state.

Of course, much of this land is used for extensive human development including urban and agricultural land. However, outside of those areas, researchers found that forests could capture approximately 226 Gt in regions with a low human footprint, if they were allowed to recover. Approximately 61% of this potential can be achieved by protecting existing forests, so that they can recover to maturity. The remaining 39% can be achieved by reconnecting fragmented forest landscapes through sustainable ecosystem management and restoration.

"Most of the world's forests are highly degraded. In fact, many people have never been in one of the few



old-growth forests that remain on Earth," says Lidong Mo, a lead author of the study published in the journal 'Nature.' "To restore global biodiversity, ending deforestation must be a top priority."

As such, the researchers highlighted that to achieve the full carbon potential, restoration efforts should include a natural diversity of species.


### 'A Fundamentally Social Endeavour'

The authors stress that responsible restoration is a fundamentally social endeavour. It includes countless actions such as conservation, natural regeneration, rewilding, silviculture, agroforestry, and all other community-driven efforts to promote biodiversity. It requires equitable development, driven by policies, that prioritize the rights of local communities and indigenous people.

"Restoration means directing the flow of wealth towards millions of local communities, indigenous populations and farmers, who promote biodiversity across the globe. Only when healthy biodiversity is the preferred choice for local communities will we get *long-term carbon capture* as a by-product."


The researchers conclude that ecologically responsible forest restoration does not include the conversion of other ecosystems that would not naturally contain forests.

This study brings to light the critical importance of natural, diverse forests in contributing to 30% of carbon drawdown potential. However, forests cannot be a substitute for cutting fossil fuel emissions. If emissions continue to rise, the study warns, then on-going droughts, fires and warming will threaten forests and limit their ability to absorb carbon.



# Filth Foraging Wildlife

We adore our elephant god, but through sheer neglect, we poison our elephants. In *Siliguri, West Bengal*, a wild elephant scavenges for food at an unauthorised rubbish heap. She prepares to stuff a plastic bag filled with vegetable peels into her mouth. Once ingested, the plastic can wreak havoc on its body and potentially lead to death. According to *Elephant Family*, a UK-based NGO, nine of the 13 countries that are home to *Asian elephants*, are amongst the world's worst managers of plastic waste.





Credit: Agniswar Ghoshal.



Credit: Soumen Bakshi.

● Cara Tejpal

On a small island on River Ganga, in the Malda district of West Bengal, a golden jackal licks the remains off a styrofoam plate, casually discarded by picnickers.

In the absence of efficient waste management systems, India is grappling with a mammoth garbage problem. Thousands of tonnes of untreated and unsegregated waste pollute the country's land, water and air while serving as *toxic foraging grounds* for a plethora of wild animals.

To highlight this travesty, I and my colleague at the Sanctuary Nature Foundation, Prachi Galange, conceptualised an Instagram project titled *#InOurFilth*. The project invites photographers from across India to submit images that illustrate the impact of garbage on nation's wild species. We, then, curate the submissions and post an image each week on the Instagram handle of Sanctuary Nature Foundation.

The project was born in the photo library of the Foundation. Galange, who works as the photo editor and naturalist at the Foundation, and I noticed an alarming number of images that showcase wild animals in heavily polluted surroundings. It was then that we thought of *#InOurFilth* as a public awareness campaign to draw the link between our everyday consumption and the condition of wild animals that are forced to share space with us.



Credit: Anirban Roy Chowdhury.

## Here are some images of wildlife #InOurFilth.

#NO MORE WILD

### Royal Mess



Credit: Bapat Daksha

In the buffer zone of the *Tadoba-Andhari Tiger Reserve*, a tiger cub picks up a plastic gunny bag. With several tiger reserves in India, boasting healthy tiger populations, the question that arises is, where will all of them go? Many tigers have begun foraying into human-dominated landscapes or degraded and insufficiently protected forests, where they must contend with the pressures of sharing space with human communities. This can lead to all manner of conflicts, and, as in this case, *Plastic (P) lover*, The beautiful, black-masked eye of a *little ringed plover* is pictured in contrast to a plastic water bottle, littered on the Ajay riverbed. By some estimates, a million plastic beverage bottles are sold globally, every minute. The majority of these are never recycled and will long outlive the person who purchased them.

### Single-use Sins



Credit: Mohan G.

In *Valparai*, Tamil Nadu, a *lion-tailed macaque* rips into a single-use packet filled with curry. This incredible, distinctive species is endemic to small pockets of the *Western Ghats*. It dwells in the rainforest and primary eats, or should eat, fruit. But with forests getting degraded and fragmented, and with garbage piling up, it is being forced to change its habits. Researchers say that these *macaques* are spending more time on the ground and having negative interactions with humans, including raiding homes and foraging for human food.

### Garbage Ghats



Credit: Tharini JE

This gorgeous portrait of the elusive *brown palm civet* or *Jerdon's palm civet* is marred by its awful surroundings. It was found foraging through rubbish at an informal garbage dump in the *Nilgiris district* of *Tamil Nadu*. This handsome animal is endemic to the forested tracts of the Western Ghats and is listed as 'Vulnerable' on the Red List of the International Union for Conservation of Nature. Known to be nocturnal and arboreal, it is associated with rainforest canopies and the dark of the night. To see one going through garbage in the daytime is tragic.

### Poison Parcel



Credit: Arijit Mahata.

We adore our elephant god, but through sheer neglect, we poison our elephants. In *Siliguri*, *West Bengal*, *a wild elephant* scavenges for food at an unauthorised rubbish heap. She prepares to stuff a plastic bag filled with vegetable peels into her mouth. Once ingested, the plastic can wreak havoc on its body and potentially lead to death. According to *Elephant Family*, a UK-based NGO, nine of the 13 countries that are home to *Asian elephants*, are amongst the world's worst managers of plastic waste.

### Lone Wolf



Credit: Rishikesh Lande.

"Now, this is the law of the jungle, as old and as true as the sky/And the wolf that shall keep it, may prosper, but the wolf that shall break it, must die… The jackal may follow the tiger, but, cub, when thy whiskers are grown/Remember the wolf is a hunter - go forth and get food of thine own," recites the wolf pack in Rudyard Kipling's classic, "*The Jungle Book*." But in a grassland in *Ahmednagar, Maharashtra*, the law of the jungle lies shattered. This *handsome male wolf* was photographed as it nosed through the garbage at a dumping ground, tearing open plastic bags and gingerly stepping over the rotting, leaking refuse.

### Daily Diner




Credit: Tirth Vaishnav

For small omnivorous mammals, such as the *Indian Treeshrew*, a garbage dump can serve as an all-you-can-eat buffet. They feed on food scraps, including bits of fruits, vegetables and cooked items as well as on the plethora of insects that are attracted to the site. The availability of food in the dump caused this otherwise timid creature to leave the safety of its natural habitat and even tolerate the presence of other individuals. Proximity to humans can be dangerous for wildlife. They can be attacked by stray dogs or cats and the garbage often contains unsuitable or contaminated foods, not to mention plastic, as evident from the picture.

### Pecking Order

In the rushed and dusty city of *Gurugram*, two forlorn *yellow-wattled lapwings* forage in a pile of rubbish. These birds are ground-nesters and it is difficult to imagine the life they have been forced into, by human overconsumption and neglect.

### Marmot Task



Credit: Prajwal KM.

In remote *Ladakh*, the face of a *Himalayan marmot* is obscured as it gathers nesting material that includes discarded plastic bags. A dream destination for most travel enthusiasts, *Ladakh* has suffered gravely because of unregulated tourism. Just a kilometre from Leh city lies India's *highest landfill*, where an estimated *30,000 plastic bottles* get dumped in summer months alone.

### Trashing Tigers



Credit: Santosh Nimbalkar.

In Maharashtra's *Tipeshwar Wildlife Sanctuary*, a tiger cub picks up a carelessly thrown plastic bottle. Unregulated and uninformed tourism has placed an enormous strain on natural resources. Tourists, visiting India's national parks and sanctuaries, don't realise that they can lighten their footprint, just by refusing packaged snacks and beverages and booking their stay in legitimately eco-conscious homestays and resorts.

### Mouse House



Credit: Omkar Dharwadkar.

In *Kavrem, Goa*, an adorable *long-tailed tree mouse* roosts inside a discarded polythene packet that has been caught on a bush. While this plastic palace may momentarily shield the mouse from the elements, it is a dangerous home. It could suffocate or poison its resident and eventually, go on to pollute land or water.

### Poisoned Waters



Credit: Vaidehi Gunjal.

A *checkered keelback* catches a meal in a filthy waterbody in *Dharwad*, *Karnataka*. That unmissable plastic bottle is just the tip of the iceberg. According to Niti Aayog, the government's policy think tank, 70% of India's water is contaminated, with 600 million people facing high to extreme water stress.

### Falcon Footwear



Credit: Suketukumar Purohit.

In the vast expanse of the Little *Rann of Kutch*, a *Eurasian Hobby* perches upon a lone slipper. While the Little Rann still teems with wildlife, it is increasingly threatened by unnatural changes in upstream hydrology, pressure from the salt industry and the effects of tourism.

rajeshsharma1049@gmail.com

#PARENTING

# Here's Why Toddlers Love To Pretend Clean

Here's what experts have to say about the appeal of *cleaning* to toddlers



Parents know how much toddlers *love to play pretend clean*. We see it in their own homes as our little ones waddle around from room to room, sweeping up imaginary crumbs, mopping floors that could use an actual scrub-down and wiping down any surface that they can reach with whatever fabric, they can get their hands on, be it an actual cleaning cloth or a dirty sock from the hamper.

As soon as your baby outgrows infancy, there's a high chance that this six-piece wooden toy set will make its way into your home. But what is it about playing "cleaning" (different from clean-up) that is so thrilling for young kids?

Here's what experts have to say about the *appeal of cleaning* to toddlers, how it benefits them developmentally and how parents can make this type of *pretend play* the most enriching for their child.

### Reason 1: It's in their nature to imitate

*Playing copycat* is an integral part of development. The most meaningful, significant or critical reason as to why toddlers engage in so much cleaning and other housework behaviours is because kids, just naturally, are imitators. It's how they learn. We're social beings. We learn foundational linguistic and motor skills, like speaking and jumping, through observing other people, doing it.

### Reason 2: It makes them feel good

Perhaps there's something about playing with purposeful items, as opposed to toys that are simply designed for entertainment, that accelerates their sense of independence. Realistic, hands-on toys let kids explore the world around them, and help them connect with others. Researches in *paediatric development* showed that kids undergo a huge transition between ages 2 and 3, when they start to explore their world and develop a sense of autonomy. Taking on grown-up roles and responsibilities, like pretending to do chores and imitating the behaviours of their caregivers, allow kids to model *independence*, which builds



self-esteem and confidence.

### Reason 3: The accessibility

One theory as to why toddlers are so drawn to cleaning (more than other imitative tasks that they could be performing) is that there's a lot of cleaning, naturally and actively happening around them and thus, they have more opportunities to observe it. Think about it! Caregivers are generally most paranoid about germs for the younger child is constantly tidying, mopping, and wiping surfaces. It makes sense that if babies and toddlers have an innate sense to imitate the people around them, once they are physically able to, they will want to.

### Developmental Benefits Of *Playing Pretend Cleaning*

Letting your child pretend clean to their heart's content is all fun and games until you realize that there are serious developmental benefits behind this type of play. It just might become the activity, you want them to engage in, the most. As brains develop, they drive certain behaviours naturally, that then help kids to acquire new skills. And with regard to *playing cleaning*, there's tremendous cognitive benefit to allowing space for that type of play, language, motor, creativity, flexible thinking, problem-solving and also that social, emotional piece of developing empathy.

### Linguistic

Essentially, imitation is the foundation for language and communication, giving us a glimpse into what's happening in a toddler's brain, when imitating. There's actually neural circuitry (mirror neurons in the brain) that drive imitative behaviour because of how it supports the development of language and communication. Both, verbal and non-verbal forms of communication, really start to be developed through imitation and in the context of a relationship where there's a lot of back and forth. And it's reinforced through the parent responding to *what really is first* in imitative behaviour.

### Social


"To a newborn, they and their caregivers are one entity, It's not until they move through infancy and into toddlerhood that children increasingly see themselves as beings separate from their caregivers," Phillips explains. Once this realization starts to manifest, it's then that they start to observe other people's behaviours and then, try on those behaviours. This is what lays the foundation for developing empathy.

### Physical

The most obvious benefit of this type of play is probably the *fine and motor skills benefits*. When you're sweeping, you're moving your body in a different way than you do, naturally. So, there's also a lot of physical development. Same for dusting, using a spray bottle, which happens to be something that my toddler actually does during occupational therapy sessions. Each of these actions utilize and exercise different muscle groups to build strength and coordination.




THE WALL





BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# युवती की हत्या के मामले में प्रेमी सहित दोस्त गिरफ्तार

## इस मामले में एक बाल अपचारी भी शामिल है, पुलिस तीनों से पूछताछ में लगी है

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शंभूगढ़ क्षेत्र के बरसनी में हुई अनु हत्याकांड का पुलिस में खुलासा किया है। एसपी श्याम सिंह ने बताया कि प्रेम प्रसंग में विवाद के बाद धारदार हथियार से अनु की निर्मम हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने साइबर सेल, डीएसटी टीम, गुलाबपुरा, प्रताप नगर और शंभूगढ़ थाना पुलिस ने दो आरोपियों कैलाश (20) पिता मदनलाल रेगर निवासी मोटरास थाना शंभूगढ़ गोविंद (21) पिता कल्याण रेगर निवासी मोटरास शंभूगढ़ को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक बाल अपचारी भी शामिल है। पुलिस ने आरोपी कैलाश को भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन से और गोविंद को जोधपुर से गिरफ्तार किया है।पुलिस तीनों से गहनता से पूछताछ में लगी है।




पुलिस ने हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**यह था वारदात का तरीका :-** मृतक अनु की कैलाश से पिछले सात आठ महीने से मित्रता थी और दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन कैलाश और अनु के बीच किसी बात को लेकर कुछ दिनों से अनबन चल रही थी। दोनों ने बुधवार रात फोन पर बात की और कैलाश अनु से मिलने अपने दोस्त गोविंद व एक अन्य नाबालिग के साथ बाइक से आया। दोनों ने कैलाश को गांव के बाहर स्कूल के पास छोड़ा यहां से वो अकेला पैदल अनु के घर गया। अनु के घर आपस में बोलचाल और बाद में विवाद बढ़ने पर कैलाश ने अनु के गले पर चाकू से वार कर दिया और भाग निकला। पुलिस ने मृतक के पिता प्रेमलाल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है।

**मांगों पर सहमति बनी सुबह होगा पोस्टमार्टम :-** तीन सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा धरना-प्रदर्शन देर रात सहमति बनने के बाद समाप्त कर दिया गया। हत्यारों को

- **कैलाश और अनु के बीच किसी बात को लेकर कुछ दिनों से अनबन चल रही थी**

गिरफ्तार कर फास्टट्रैक कोर्ट में केस चलाकर फांसी दिलाने, परिवार को 30 लाख रुपये का आर्थिक मुआवजा दिलाने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाये जाने की मांग रखने के बाद मौके पर पहुंचे विधायक जब्बर सिंह सांखला के साथ पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों द्वारा समझाइश के बाद देर रात वार्ता के बाद मुआवजे को लेकर सहमति बन गई। वहीं नौकरी के लिए पांच सदस्यों की कमेटी का गठन किया गया है। इसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों कें सुपुर्द कर मामले की गहनता से जांच शुरू की है।

## बालक के साथ कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** शहर में किशोरपुरा थाना इलाके में नौ वर्षीय बालक के साथ कुकर्म का मामला सामने आया है। इसमें पुलिस ने पहले पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया और उसके बाद पीड़ित परिवार की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसने बालक को मेला और फिश एक्वेरियम के डॉम दिखाने के नाम पर कुकर्म किया था। इस पूरे मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कोटा शहर एसपी शरद चौधरी ने बताया कि गत 10 जनवरी को किशोरपुरा थाने पर एक परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह थाना इलाके में ही चाय बेचने का व्यवसाय करते हैं। उनका नौ वर्षीय बालक मेला मैदान में अपने पिता के साथ गया था। जहां पर पिता तो वापस अपनी दुकान पर आ गए लेकिन बालक मेले में रह गया था। इसके बाद वहां पर मेले में मौजूद आरोपी उसे मछली दिखाने के बाद सुनसान जगह पर ले जाकर बालक के साथ कुकर्म किया। यह जानकारी बच्चों ने रोते हुए वापस घर पहुंच कर अपने परिजनों को दी। इस मामले में पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इस मामले में पुलिस ने घटना के तुरंत बाद अनुसंधान शुरू कर दिया। आरोपी महाराष्ट्र के हिंगोली जिला के देवड़ा नगर निवासी 21 वर्षीय हर्ष पुत्र अंबादास मातंग को गिरफ्तार किया गया है।


# जब्त जे.सी.बी. छीनकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी पुलिस ने गुरुवार देर रात को अवैध खनन करने पर जब्त की गई जेसीबी मशीनों को जबरन छुड़ाकर ले जाने व पुलिस पर

- **पुलिस ने अवैध खनन के दौरान जेसीबी मशीनों को जब्त किया था**
- **आरोपी छह साल से फरार चल रहा था, टॉप टेन अपराधियों में शामिल था**

पथराव करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले छह साल से फरार चल रहा था, जिसको पुलिस की ओर से थाना क्षेत्र के टॉप टेन अपराधियों में शामिल किया हुआ था।

सीआई आशाराम गुर्जर ने बताया कि थाना क्षेत्र के वांछित बदमाशों की धरपकड़ को लेकर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें थाना क्षेत्र के टॉप टेन बदमाशों को गिरफ्तार करने को लेकर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि वर्ष 2017 में नदी में अवैध खनन करने पर जब्त की गई मशीनों को जबरन छुड़ाकर ले जाने व पुलिस पर पथराव करने के मामले में फरार चल रहा आरोपी जाट की ढाणी तन रामकुमारपुरा का रहने वाला करणी राम पुत्र मातादीन अपने गांव



खेतड़ी पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है।


आया हुआ है। जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एक विशेष टीम का गठन कर उसके घर पर दबिश दी गई। जब पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने लगी तो उसके परिजनों ने विरोध किया, लेकिन पुलिस ने काफी समझाइस के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस की ओर से वर्ष 2017 में बसई नदी में अवैध खनन की सूचना पर दो मशीनों को जब्त कर किसी की निगरानी में खड़ा करवाया था। इस दौरान आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर कब्जेदार को जान से मारने की धमकी देखते हुए एलएनटी मशीनों को छुड़ाकर ले गया। जब पुलिस ने इन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने पुलिस पर पथराव करते हुए राजकार्य में बाधा पहुंचाई थी, इसके बाद आरोपी फरार हो गया था। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी करणी राम से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# अवैध बजरी व पत्थर से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**टोंक, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा द्वारा दिये निर्देशों पर महावीर सिंह शेखावत वृताधिकारी निवाई व जगदीश प्रसाद थानाधिकारी निवाई सदर द्वाराएक अवैध बजरी से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर एमएमआरडी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है।

इसी प्रकार घाड क्षेत्र में थानाधिकारी प्रभाती लाल द्वारा कस्बा घाड घाटी चौराह से एक बिना नम्बरी ट्रैक्टर मय ट्रॉली को जब्त किया, जो अवेध चैजा पत्थर से भरी हुई थी। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जिसके विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण कर अनुसंधान जारी है। इसके अलावा जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज द्वारा दिये निर्देशों पर चलाये विशेष अभियान के तहत थाना दत्तवास क्षेत्र में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के क्रम में महावीर सिंह वृत्ताधिकारी निवाई व मूलचन्द वर्मा थानाधिकारी दत्तवास ने विशेष टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दो वर्ष से फरार चल रहे स्थायी वारण्टी विष्णुसिहं पुत्र लक्ष्मण सिंह ज्को गिरफ्तार कर न्यायालय एसीजेएम निवाई में पेश किया जायेगा।



टोंक में पुलिस ने अवैध बजरी से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किया।

## बाइकों की भिंड़त में तीन घायल

**डूंगरपुर, (निसं)।** पालवाडा गांव में शुक्रवार सुबह दो बाइको की भिंडत में तीन जने गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के पालवाडा गाव निवासी बदा पुत्र मावजी रावल मोटरसाइकिल देवल गांव में अपने गांव पालवाडा की ओर जा रहा था। जैसी ही बाइक लेकर पालवाडा गांव में पहुंच इस दौरान एक अन्य बाइक सवार दो जनों से उसकी बाइक टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीन जने गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचाया। हादसे में पालवाडा निवासी बदा पुत्र मावजी रावल के हाथ और पैरों पर गंभीर चोटे आई। वही दूसरी बाइक पर सवार डूंगरपुर के आदर्श नगर निवासी अजय रंगास्वामी को तथा बाइके पीछे बेटे अन्य व्यक्ति को चोटे आई है।

# दशरथ गुर्जर हत्याकांड का नौ दिन बाद भी नहीं हुआ खुलासा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के रायपुर थाना क्षेत्र के सगरेव गांव में दशरथ गुर्जर की संदिग्ध मौत के मामले में नौ दिन बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर पाई। ऐसे में एक बार फिर ग्रामीण आक्रोशित होकर सड़क पर उतर आये। ग्रामीणों ने रायपुर एसडीएम ऑफिस के सामने स्टेट हाइवे पर चक्का जाम कर दिया और सड़क पर ही धरने पर बैठ गये। ये लोग मृतक आश्रितों को एक करोड़ का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी और हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सगरेव निवासी दशरथ (14) पुत्र गोपी गुर्जर

- **मामले में ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया**

3 जनवरी की सुबह 11 बजे बकरियां चराने के लिए घर से खेत के लिए गया, जिसकी लाश दोपहर में बंबूल के पेड़ से लटकी मिली थी। आस-पास बकरियां चराने वाले तीन लोगों ने लाश को फंदे से उतार लिया था। इसके बाद पुलिस व परिजनों को सूचना दी। तब ग्रामीणों ने यह कहते हुये कि दशरथ आत्महत्या नहीं कर सकता, उसे मारकर पेड़ से लटकाया गया है, कार्रवाई की मांग की। इसे लेकर हंगामा भी हुआ था।

मृतक के बड़े भाई रमेशचंद्र ने रायपुर पुलिस को दशरथ की हत्या की रिपोर्ट दी। रमेशचंद्र ने रिपोर्ट में शंका जाहिर की है कि उसके भाई दशरथ को किन्हीं अज्ञात लोगों ने बहला फुसलाकर पास में बुला कर उसका गला घोट दिया और जान से मारने के बाद रस्सी से बांधकर बंबुल पर लटका दिया और मौके से फरार हो गये। काफी समझाइश के बाद ग्रामीण शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद राजी हुये थे। साथ ही चेतावनी भी दी थी कि दोषियो को तुरन्तं प्रभाव से गिरफ्तार नहीं किया गया तो ग्रामीणों द्वारा उठा आंदोलन किया जायेगा।

उधर, दूसरी और इस घटना को नौ दिन बीत गये, लेकिन पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर पाई। इसी के चलते शुक्रवार को सगरेव व आस-पास के इलाकों से ग्रामीणों के साथ ही महिलायें रायपुर एसडीएम ऑफिस के सामने जमा हो गई। ये लोग दशरथ के हत्यारों की गिरफ्तारी, मृतक आश्रितों को एक करोड़ का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग करने लगे और रायपुर-बोराणा स्टेट हाइवे पर जाम लगा दिया और सड़क पर ही धरना देकर बैठ गये। सूचना पर रायपुर एसडीएम, गंगापुर एएसपी व डीएसपी के साथ ही रायपुर थाने का जाब्ता मौके पर पहुंच गया। देर शाम तक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी समझाइश के प्रयास कर रहे थे।

# सीमावर्ती क्षेत्र में महिलायें जन्म स्थान के आधार पर आरक्षण के हक से वंचित

## निदेशालय की हठ के आगे कोर्ट निर्णय व कार्मिक विभाग के नियम भी हो रहे बेकार, रीट भर्ती 2021 (लेवल-1) से जुड़ा मामला

**सादुलपुर, (निसं)।** चूरू जैसे अनेक सीमावर्ती जिलों में नजदीकी हरियाणा राज्य से यहां विवाहित सैकड़ों महिलाएं पिछले पांच वर्ष से जन्म स्थान के आधार पर आरक्षण के हक से वंचित हैं।

आरक्षित एससी, एसटी, ओबीसी महिलाओं का मामला जहां आज भी कोर्ट में विचाराधीन है, वहीं ईडब्लूएस श्रेणी की महिलाओं को हाईकोर्ट ने आरक्षण का हकदार मानते हुए इन्हें सरकारी नौकरी में आरक्षण देते हुए नियुक्ति के आदेश दे दिए हैं। लम्बी जद्दोजहद व टिका-टिप्पणी के बाद आखिरकार कार्मिक विभाग राजस्थान सरकार ने भी इन्हें आरक्षण का हकदार मान लिया है। लेकिन सरकार के विभिन्न भर्ती निकाय व नियुक्ति विभाग आज भी उक्त आदेशों को मानने को तैयार नहीं है। लापरवाही का आलम यह है कि रीट भर्ती 2021 लेवल-1 में सादुलपुर तहसील की दो महिला अभ्यर्थी पूजा रानी व अमन कुमारी पिछले दो वर्ष से नियुक्ति से वंचित हैं। इनकी नियुक्ति की फाइल पर निदेशालय के अधिकारी कुंडली मारकर बैठ गए हैं। इन महिलाओं के बार-बार प्रतिवेदन के बावजूद चीफ सेक्रेटरी व शिक्षा सचिवालय के आदेश भी निदेशालय स्तर पर दम तोड़ रहे हैं।

हरियाणा से सादुलपुर जैसे सीमावर्ती क्षेत्र में विवाहित महिलाओं को आरक्षण की निरंतर मांग उठा रहे सादुलपुर से विधायक मनोज न्यांगली ने इन दोनों पीड़ित महिलाओं को नियुक्ति हेतु सीएम को पत्र लिखा है। साथ ही निदेशक से दूरभाष पर मामले के सारे तथ्यों से अवगत करवाते हुए नियुक्ति में हो रही देरी के प्रति नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने निदेशालय के जिम्मेदार अधिकारियों को इस संबंध में आगाह किया कि वे इस मामले में आंदोलन को मजबूर ना करें।

इन महिलाओं को आरक्षण के लिए निरंतर कानूनी लडाई लड रहे एडवोकेट हरदीपसिंह सुंदरिया के मुताबिक संविधान की आर्टिकल 16 जन्मस्थान अथवा लिंग के आधार पर राज्य को नौकरी में भेदभाव की इजाजत नहीं देती है। ये महिलाएं विवाह के आधार पर राजस्थान की स्थायी निवासी हैं न कि अस्थायी प्रवासी नागरिक। उक्त प्रकरण में राजस्थान हाईकोर्ट इन महिलाओं को ईडब्लूएस श्रेणी में अध्यापक पद पर नियुक्ति का आदेश दे चुका है। सरकार ने उक्त आदेश को स्वीकारते हुए नो अपील का निर्णय भी ले लिया है तो निदेशालय स्तर पर इन महिलाओं की नियुक्ति को असीमित समय रोके रखना व्यवस्था की बड़ी लापरवाही है। राजस्थान सरकार के चीफ सेक्रेटरी के समक्ष लिखित तथ्यात्मक प्रस्तुतिकरण दे चुके वेदपाल धानोठी के अनुसार निरंतर पांच वर्ष के संघर्ष से उक्त मामले में महत्वपूर्ण सकारात्मक मोड आ चुका है। लेकिन भर्ती एजेंसियां सच्चाई स्वीकार करने की बजाय इन महिलाओं के प्रति संकुचित रवैया अपनाई हुई हैं। निदेशालय तो कार्मिक विभाग के ओपिनियन को भी दरकिनार कर वर्तमान में जारी रीट भर्ती में भी इन महिलाओं को नियुक्ति से बाहर रखने के संवेदनहीन दिशा निर्देश जारी कर चुका है।

## जमीन पर कब्जा करने वाला गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** पुलिस ने विधवा महिला की जमीन पर कब्जा करने और नेशनल हाईवे का मुआवजा हडपने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में आरोपी से पूछताछ कर रही है। डीएसपी तपेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि निर्मला पत्नी स्वर्गीय वेलाराम मीणा निवासी छगन कॉलोनी खेरवाडा जिला उदयपुर में रहती है। पति की 2 साल पहले मौत के बाद वह अकेली रहती है। बिछीवाडा में उसके खाते की कृषि भूमि है। उस जमीन पर तारावती पत्नी मोहन कलाल, तन्मय पुत्र मोहन कलाल निवासी बरोठी ने कब्जा करने की नियत से किराना की दुकान लगा दी। गाली-गलौच करते हुए धमकियां देते हैं। आरोपियों ने झूठे केस में फंसाने की भी धमकी दी है। इसी वजह से पति की भी मौत हो गई। मामले में डीएसपी की ओर से जांच की गई। जांच में कब्जेशुदा बिलानाम जमीन को हडपने के साथ ही नेशनल हाईवे 48 में मुआवजे के 47 हजार 374 रुपए हडपने की पुष्टि हुई। डीएसपी तपेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी मोहनलाल पुत्र मूलचंद कलाल निवासी बरोठी को गिरफ्तार कर लिया है।

# ट्रेन के परिवर्तित मार्ग के फेरे बढ़ाए गए

**कोटा, (निसं)।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के बारांबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जफराबाद खण्ड पर दोहरीकरण नॉन इंटरलाकिंग कार्य जफ़रगंज, मालीपुर एवं तुलसी नगर स्टेशनों पर नॉनइंटरलाकिंग कार्य किया जाना है जिस कारण पूर्व में एक दिशा में कोटा-पटना एक्सप्रेस उक्त कार्य अवधि में दो ट्रिप लखनऊ-वाराणसी के मध्य परिवर्तित मार्ग से चलाने जाना प्रस्तावित था जिसे बढ़ाकर दोनों दिशों में तीन-तीन ट्रिप किया गया है। यह गाड़ी दोनों दिशा में निर्धारित तिथियों में लखनऊ-वाराणसी के मध्यवर्ती स्टेशन अयोध्या कैंट, अयोध्या, अकबरपुर, शाहगंज एवं जौनपुर नहीं जाएगी। गाड़ी संख्या 13238 कोटा-पटना एक्सप्रेस पूर्व में जारी अधिसूचना के अनुसार 0 ट्रिप 18 एवं 19 जनवरी को अपने प्रारम्भिक स्टेशन प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग की ट्रिप को बढ़ाकर दिनांक 21 जनवरी भी किया गया है। गाड़ी संख्या 13237 पटना-कोटा एक्सप्रेस को दिनांक 16, 20, 21 जनवरी को परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी अर्थात यह गाड़ी अब दोनों दिशाओं में 03-03 ट्रिप इस मार्ग पर अपने पूर्व मार्ग के बजाय लखनऊ-सुल्तानपुर-जफराबाद होकर जायेगी।

## युवक ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में स्थित पिछोला में कूद कर युवक ने आत्महत्या कर ली। गुरूवार सवेरे नाथीघाट सिरोहीवाड़ा निवासी आकाश दवे (42) पुत्र छोटालाल दवे ने अम्बापोल स्थित पिछोला झील में कूद कर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई इशाक मोहम्मद ने मौके पर पहुंच कर मृतक को बाहर निकाल एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवा परिजनोंको सूचना दी। जिनके आने पर शुक्रवार को मृतक का पोस्टमाट्रम होगा। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि अकाश होटल में कीचन में काम करता था एवं मानसिक तनाव में था।

# होटल संचालक से मारपीट, अस्पताल में भर्ती कराया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के रायपुर थाना क्षेत्र की एक होटल संचालक पर कुछ लोगों ने लाठियों और तलवार से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती करवाया।

- **घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया**

क्षेत्र के आसपुर गांव में रहने वाले चांदमल सुवालका ने रायपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमें बताया कि 10 जनवरी देर रात को उसका भाई भाई मदनलाल पिता चांदमल सुवालका (38 ) एक रेस्टोरेंट पर था।

इसी दौरान वहां गाड़ियों में सवार होकर कमलेश पिता जमनालाल सुवालक, मुकेश सुवालका, मनीष जाट सहित पांच अन्य व्यक्तियों ने लाठियों और तलवार से हमला कर दिया, जिससे उसके भाई के शरीर पर गंभीर चोट आई है। उसे उपचार के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें कुछ व्यक्ति हवा में तलवार और लाठियां लहराने नजर आ रहे हैं। पुलिस ने चांदमल की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



हमले में घायल युवक को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती करवाया।

# सहायक प्रशासनिक अधिकारी को 22 माह से कार्य ग्रहण नहीं करवाने पर लिया प्रसंज्ञान

## हाईकोर्ट ने दायर रिट याचिका पर वन विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया

**जोधपुर, (कासं)।** वन विभाग जोधपुर में पोस्टेड सहायक प्रशासनिक अधिकारी पिछले 22 महीने से रोजाना ऑफिस आकर और गेट के बाहर बैठता और ड्यूटी टाइम पूरा होने पर निकल जाता, लेकिन उसको उप वन संरक्षण ने कार्यभार गृहण नहीं करवाया। इस पर उसने कोर्ट की शरण ली और याचिका दायर की। हाईकोर्ट की सिंगल बैंच के जस्टिस डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह भाटी ने उप वन संरक्षक (प्रशिक्षण) जोधपुर के कार्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पोस्टेड भोपाल सिंह सोलंकी की रिट याचिका पर वन विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया।

यह था मामला :-23 मार्च 2022 को भोपाल सिंह का प्रमोशन सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पोस्ट पर हुआ। प्रमोशन के साथ उसका ट्रांसफर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) जयपुर द्वारा उप वन संरक्षक जोधपुर के कार्यालय में किया गया।

याचिकाकर्ता के ट्रांसफर के आदेश में प्रधान मुख्य संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान जयपुर द्वारा आदेश 05 मई 2022 के आदेश से उप वन संरक्षक जोधपुर के स्थान पर उपवन संरक्षक (प्रशिक्षण) जोधपुर कर दिया गया। इस पर याचिका कर्ता ने 09 मई को अपनी उपस्थिति उप वन संरक्षक (प्रशिक्षण) जोधपुर के कार्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर प्रस्तुत की। लेकिन उप वन संरक्षक (प्रशिक्षण) जोधपुर द्वारा उसकी उपस्थिति लेने से इंकार कर दिया।

उप वन संरक्षण ने याचिकार्ता को यह आदेश दिया की वह उप वन संरक्षक जोधपुर के यहां 23 मार्च को जो आदेश दिया है उसके तहत पहले जोइनिंग दे। इसके बाद वहां से कार्य मुक्त होकर उप वन सरंक्षक (प्रशिक्षण) जोधपुर के यहां के आदेश जो कि 5 मई 2022 के तहत कार्यद्रहण करे। क्योंकि उसके आदेश 23 मार्च 2022 के तहत पहले ट्रांसफर उप वन संरक्षक जोधपुर के यहां हुआ व संशोधित आदेश दिनांक 5 मई 2022 के तहत पदस्थापन उप वन संरक्षक (प्रशिक्षण) जोधपुर में हुआ।

याचिकाकर्ता द्वारा उप वन सरंक्षक (प्रशिक्षण) जोधपुर को बार बार निवेदन किया गया कि उसने 23मार्च 2 के आदेश के तहत उपवंन सरंक्षक जोधपुर के यहां कार्यग्रहण किया ही नहीं व विभाग द्वारा 5 मई के आदेश से उसके पदस्थापन आदेश मे प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर द्वारा संशोधन करते हुए अब पदस्थापन उप वन सरंक्षक (प्रशिक्षण) जोधपुर में कर दिया है व अब यह यहां अपनी उपस्थिति 9 मई से लगातार दे रहा है। ऐसे में कार्यग्रहण करवाया जाए।

याचिकाकर्ता को उप वन सरंक्षक (प्रशिक्षण) जोधपुर द्वारा नियमित रूप से इस बाबत स्पष्टीकरण पूछा जा रहा है कि आप कार्यग्रहण नहीं कर रहे है व याचिकाकर्ता द्वारा यह लिखित जवाब दिया जा रहा है कि वह कार्यालय के बाहर रोजना 10 बजे से 5 बजे तक बैठा रहता है व उसी के द्वारा उसे कार्यठाहण नहीं करवाया जा रहा है। विभाग द्वारा पिछले 22 महीनों से कार्यग्रहण नहीं करवाने व केवल उसे तंग व परेशान करने की नीयत से नियमित नोटिस दिये जाने से उसने व्यथित होकर याचिकाकर्ता ने एक रिट याचिका उसे कार्यग्रहण करवाने व पिछले 22 महीनों से वेतन नहीं देने के कारण अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से प्रस्तुत की।

हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए उच्च न्यायालय की एकलपीठ के न्यायाधीश के याचिकाकर्ता की रिट याचिका को अंतरिम रूप से मानते हुए वन विभाग को नोटिस जारी करने हुए जवाब तलब किया।

## संक्षिप्त

### युवा दिवस व कैरियर डे मनाया

**पीपलू।** उपखंड क्षेत्र के विद्यालयों में शुक्रवार को विवेकानंद जयंती को युवा दिवस व कैरियर डे के रूप में मनाया गया। काशीपुरा में बैंक ऑफ बड़ौदा के रवि शर्मा, आयुष चिकित्सक डॉ. विमल जैन ने विद्यार्थियों को कैरियर विकल्प को लेकर जानकारी दी। प्रधानाचार्य डॉ. सुधा तंवर, दिनेशकुमार सुनार ने भी विद्यार्थियों को टीचर बनने के संबंध में जानकारी प्रदान की। इसी तरह जवाली विद्यालय में विकास अधिकारी हेमराज सोलंकी, प्रधानाचार्य उमा हाडा, संदेडा में प्रधानाचार्य पन्नालाल बैरवा, बनवाडा में प्रधानाचार्य पन्नालाल वर्मा ने आईटीआई, आईटी, कला, सेना आदि क्षेत्रों में कैसे कैरियर निर्माण करने की जानकारी दी। इसी तरह संस्कार शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में निदेशक दिनेशकुमार चौधरी, प्राचार्य डॉक्टर बीएन शर्मा, राजकुमार चौधरी ने विद्यार्थियों का कैरियर निर्माण के लिए विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से प्रेरित किया। साथ ही विद्यालयों में पोस्टर, निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

### कैरियर मेले का आयोजन किया

**चाकसू (निस)।** शासन सचिन (शिक्षा) के निर्देशानुसार शुक्रवार को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के उपलक्ष्य में स्थानीय विद्यालय में युवा दिवस एवं कैरियर मेले का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों एवं के स्वयंसेवकों को विभिन्न क्षेत्र में रोजगारोन्मुखी व्यवसाय चयन हेतु एसीबीईओ प्रकाश चंद मीना एवं तिरुपति कॉलेज जयपुर से पधारे विशेषज्ञ धनश्याम भारद्वाज के द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। साथ ही स्थानीय विद्यालय के विषय विशेषज्ञों द्वार कैरियर चयन को लेकर जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मोहन लाल चौधरी, राजेंद्र कुमार महावर, स्वाति यादव, विनय शर्मा रामकिशोर कुम्हार, नरेन्द्र शर्मा, नसीम मोहम्मद, प्रेरणा प्रिया, हेमलता शर्मा, कांता व्यास, कविता जठावाल, प्रीतिजैन, नीरू गुप्ता,दिनेश शर्मा, मनोज महावर, चित्रगुप्त नारोलिया आदि उपस्थित रहे।

### प्रदेशाध्यक्ष प्रत्याशी का स्वागत किया

**निवाई।** विश्वकर्मा मंदिर में अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा प्रदेश सभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष पद प्रत्याशी हरिशंकर जांगिड का स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष बद्रीलाल जांगिड, तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड, विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जांगिड, मंदिर अध्यक्ष सुरेश खारीकुई, युवा अध्यक्ष मनोज भांवता, पूर्व तहसील अध्यक्ष लल्लूलाल जांगिड, नारायण बिडोली, रामबिलास चैनपुरा, मनीष बहकवा, घनश्याम बासडा, दिनेश जांगिड, शंभू जांगिड, प्रेमप्रकाश खण्डवा, शंकरलाल, श्योदयाल, विष्णु बहकवा, श्योजीराम, हनुमान, कन्हैयालाल, रमेश मित्रपुरा, चौथमल, रमेश दतवास, राजू, राकेश, देवेन्द्र, शंभू सहित समाज के लोगों ने स्वागत किया।

### ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

**निवाई।** गांव के वार्ड नंबर 7 में पशु चिकित्सालय के समीप रास्ते पर कीचड़ व गंदा पानी भरा रहने से आवागमन अवरूद्ध होने से लोगों ने नाराज होकर रास्ते पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। बैरवा मोहल्ले के लोगों ने शुक्रवार को सुबह 8 बजे ही रास्ते पर बाड व कांटे लगाकर रास्ता रोक कर प्रदर्शन किया। ठामीणों ने बताया कि रास्ते में कीचड व गंदा पानी भरा रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। सूचना के बाद तहसीलदार अजीत कुमार बुंदेला व सरपंच शिवजी राम जाट ने मौके पर पहुंचकर रास्ते को सुधारने का आश्वासन देकर ठामीणों को समझाया और जाम खुलवाया।

### बजरी से भरा ट्रेक्टर ट्रॉली जप्त किया

**निवाई।** सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरा हुआ एक ट्रेक्टर-ट्रॉली जप्त किया है। थानाधिकारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि गश्त के दौरान एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जप्त किया और चालक के विरूद्ध एमएमआरडी एक्ट में मामला दर्ज कर लिया। इसी प्रकार दतवास थाना पुलिस ने दो वर्ष से फरार एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मूलचंद वर्मा ने बताया कि पुलिस ने दो वर्ष से फरार स्थाई वारंटी विष्णुसिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह दरोगा उम्र 37 वर्ष निवासी ठिकरिया थाना चाकसू को गिरफ्तार किया है।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की एकदिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**अलवर।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित हुई।

जिला कलक्टर आशीष गुप्ता एवं जिला परिषद की सीईओ सुश्री प्रतिभा वर्मा ने कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया। जिला कलक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनाएक महत्वपूर्ण योजना है जो कारीगरों व शिल्पकारों को स्वरोजगार स्थापित करने में संबल प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि इस योजना में अलवर जिले से अधिक से अधिक रजिस्टेऊशन कराए जाकर पात्र लोगों को लाभांवित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहली बार जनप्रतिनिधियों को किसीयोजना से जोड़ा है अतः जनप्रतिनिधि इस योजना का पात्र व्यक्ति को अधिक से अधिक लाभ दिलावे। उन्होंने कार्यक्रम में आए सरपंचों से कहा कि वे इस योजना में महत्वपूर्ण घटक की भूमिका निभाएंगे जिसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंचों की आईडी को ऑनबोर्ड कराने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस योजना का अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करावे ताकि जरूरतमंद कारीगर व शिल्पकार इस योजना का लाभ प्राप्त कर सके। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी प्रदान की गई।

भारत सरकार द्वारा नामित जिला स्तरीय समिति के सदस्य श्री अशोक गुप्ता ने योजना की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कारीगरों व शिल्पकारों को संबल प्रदान कर में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि दस्तकार जागरूक रहकर इस योजना का लाभ उठावे तथा इस योजना के दायरे में आने वाले पात्रा व्यक्ति को भी इस योजना की जानकारी प्रदान कर जागरूक करें। विकास कार्यालय के निदेशक वी.के. शर्मा ने बताया कि योजना का उद्देश्य परम्परागत व्यवसायों जैसे सुथारी, लुहारी, सुनारी, कुम्हारी, मूर्तिकारी, कलाकारी, नाई, धोबी, दर्जी आदि 18 प्रकार के ऋाफ्टों को वैश्विक पहचान प्रदान करके राष्ट्रीय आय में योगदान करना है। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक श्री एम.आर मीणा ने बताया कि योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्तर व नगरीय स्तर पर 6 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है जिनकी जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की सिफारिशों के आधार पर विश्वकर्मा प्रमाणन तथा परिचय पत्रा दिए जाएंगे।

- दस्तकार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जुड़कर अपने काम को विस्तार दे सकते हैं : जिला कलक्टर



जिला कलक्टर आशीष गुप्ता एवं जिला परिषद की सीईओ सुश्री प्रतिभा वर्मा ने कार्यशाला का दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया।

## सार-समाचार

### खेल सप्ताह के तहत खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में लिया भाग

**चाकसू (निस)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में खेल सप्ताह के तहत कैरम प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ. मानसिंह मीणा ने बताया कि महाविद्यालय में कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ए.एल. कुलहरी के द्वारा किया गया। कैरम प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं की चार टीमों ने भाग लिया। टीम ए में चंपा गुर्जर, दिलखुश कंवर, पायल सैनी, कल्पना रैगर ने, टीम बी में मोनिका प्रजापत, कुसुम प्रजापत, कोमल राजावत, मुस्कान सैनी ने, टीम सी में कोमल यादव, शीतल सांवरिया, निधि वर्मा, मनीषा शर्मा ने एवम् टीम डी में मनीषा गुर्जर, मनीषा चौधरी, इशिका मीना, आरती सैनी आदि ने भाग लिया। इन चारों टीमों में से विजयी चार छात्राओं पायल सैनी, कोमल राजावत, निधि वर्मा एवम् मनीषा चौधरी ने कैरम प्रतियोगिता के अंतिम चरण में भाग लिया। निधि वर्मा ने कैरम प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की। खेल समिति के सदस्य डॉ मंजू लता शर्मा एवं आशा सुनारीवाल के निर्देशन में प्रतियोगिता संपन्न हुई। डॉ. हीरालाल गुर्जर एवं अनीशा शर्मा ने निर्णायक एवं संचालन की भूमिका निभाई।

### अयोध्या से आई पूजित सामग्री पीले चावल मंदिरों में वितरित किए

**निवाई।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर निवाई शहर के प्रमुख मंदिरों में अयोध्या से आई पूजित सामग्री पीले चावल, श्री राम मंदिर का चित्र, पत्रक आदि प्रदान कर सभी मंदिरों में सामूहिक रूप से कीर्तन, सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, श्री राम विजय महामंत्र, मंदिरों को सजाना, दीपक प्रज्वलित करना, लाइव टेलीकास्ट बड़ी स्क्रीन पर 11 से 1 बजे अयोध्या का कार्यक्रम देखना व 22 जनवरी को बड़ी दीपावली मनाना, अंत में सभी मंदिरों में महा आरती के साथ प्रसाद का वितरण करना जिसमें विष्णु का मंदिर कृषि मंडी, दिगम्बर जैन का मंदिर, चिंताहरण गणेश जी का मन्दिर आदि मंदिरों में संपर्क करके उत्साह के साथ इस महापर्व को मनाने का आग्रह किया। निवाई राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति के रामभक्त सर्वेश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज इस शुभ अवसर पर सेवा में रहे राम प्रकाश विजय, सुरेश स्वामी, महेंद्र जैन, विष्णु मन्दिर के प्रबन्धक केदार खंडेलवाल, जैन मन्दिर के सचिव मुकेश जैन, त्रिलोकचन्द्र जैन, नेमीचंद जैन, महेंद्र जैन लावा वाले, चिंताहरण गणेश मन्दिर के प्रबन्धक ओमप्रकाश गुप्ता, कैलाश विजय सहित कई लोग मौजूद थे।

### सोने-चांदी के कीमती आभूषण सहित 60 हजार रूपये की नकदी चोरी

**निवाई।** स्थानीय दीनदयाल कालोनी की गली नम्बर 1 में एक सूने मकान से अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी कीमत आभूषण सहित 60 हजार रुपये की नकदी चुराकर ले गए। पीडित भोमपाल शर्मा निवासी पराणा हाल निवासी दीनदयाल कालोनी ने बताया कि वह दीनदयाल कालोनी में अपने नये मकान पर रहता था दो दिन से वह अपने पुराने मकान में रहने लग गया। शुक्रवार को कॉलोनीवासियों ने सूचना दी कि आपके मकान के ताले टूटे हुए है और गेट खुले है जिस पर भोमपाल ने मौके पर पहुंचकर कमरों की तलाशी ली जिस पर आलमारी के ताले टूटे हुए थे एवं सामान बिखरा हुआ था एवं आलमारी में रखे सोने की अंगुठी, मंगलसूत्र, सोने के आठ मोती, चांदी की चूड़ियां, चांदी के सिक्के, सोने की चेन, चांदी की कटोरी व गिलास सहित 60 हजार रुपये गायब मिले। जिसकी सूचना उसने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना करके मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवेकानंद जयंती पर पथ संचलन निकला

**चाकसू (निस)** शुक्रवार को कस्बे के टोंक रोड स्थित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कस्बे के मुख्य रास्तों से पथ संचलन निकाला। रैली को सत्यनारायण सांवरिया स्थानीय समिति के सदस्य ,संस्था प्रधान सुमेर सिंह शेखावत, सीमा शर्मा ,रामावतार जाट झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वामी विवेकानंद के विचारों से संबंधित नारे लिखित तख्तियों के साथ रैली चाकसू के मुख्य मार्गो से गुजरती हुई वापिस आदर्श विद्या मंदिर में समाप्त हुई। इस अवसर परके रूप में एक सभा का भी आयोजन किया गया। संस्था प्रधान ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने और उनके बताएं मार्ग चलने का किया ।युवाओं को साहसी ,बलशाली, चरित्रवान ,राष्ट्रवादी और धार्मिक होने के बारे में प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ एवं समिति के सदस्यों समेत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## रामायण व महाभारत में छिपा है कर्तव्य बोध का ज्ञान

**सांभरझील, (निसं)।** राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय सांभरलेक में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) के तत्त्वावधान में "कर्तव्य बोध दिवस " कार्यक्रम का आयोजन किया

- कार्यक्रम के आरम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व स्वामी विवेकानन्द एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्रों पर माल्यार्पण एवं संकाय सदस्यों द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ

कार्यक्रम का आरम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व स्वामी विवेकानन्द एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्रों पर माल्यार्पण एवं संकाय सदस्यों द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। भगवान सहाय शर्मा ने लौकिक मांगलचरण एवं काव्य पाठ प्रस्तुत किया । अतिथि परिचय एवं स्वागत के पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दीसी डूडी ने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेने का आ ान किया। संगठन की इकाई के सचिव रुबेन सरन माथुर ने संगठन का परिचय प्रस्तुत किया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा )के अध्यक्ष डॉ दीपक शर्मा ने विषय की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि वास्तविक धर्म मात्र पूजा पाठ नहीं अपितु अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन है उन्होंने प्रेरणादायी दृष्टांत के माध्यम से कर्तव्य बोध के विषय को स्पष्ट किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ओपी दायमा व पूर्व संयुक्त निदेशक, कॉलेज शिक्षा विभाग राजस्थान ने अपने उद्बोधन में रामायण एवं महाभारत के पौराणिक प्रसंगो के माध्यम से कर्तव्य बोध को स्पष्ट किया, उन्होंने कहा कि कर्तव्य पथ पर अडिग रह कर ही हम अपने ध्येय को प्राप्त कर सकते हैं, यही हमारी संस्कृति सिखाती है, उन्होंने कहा कि आज कि नई पीढ़ी को वृद्धजनों के प्रति अपना दायित्व और उनकी भावनाओं को समझना होगा, उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से श्री राम जीवनआदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन रुबेन सरन माथुर ने कियाइस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## युवा दिवस पर रक्तदान शिविर

**पावटा।** भारतीय इतिहास के गौरवमयी दिनों में से एक है। ये दिन करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद न सिर्फ भारत अपितु पूरी दुनिया में अपने विचारों के लिए याद किए जाते रहे है। इसी के तहत पावटा कस्बा स्थित राम पैलेस गार्डन मे आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान मे ऑल इंडिया सेवी समाज प्रदेश अध्यक्ष रामसिंह सैनी, प्रदेश कांग्रेस सचिव जगदीश मीणा के मुय आतिथ्य मे विवेकानंद जी जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस पर दुर्घटनाओं एवं गभीर बीमारियों से पीडित जरूरतमन्द लोगों को रक्त की आवश्यकता को देखते हुए होटल राम पैलेस पावटा मे आयोजित रक्तदान शिविर मे युवाओं ने बढ-चढकर भाग लिया। इस दौरान आयोजन कर्ताओ मालीराम यादव, अशोक यादव, युवा मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, विकास यादव बावडी ने बताया कि रक्त से पीडित परिजनों को भटकना ना पडे इसके लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आये दिन ब्लड के लिए काफी मरीज आते रहते हैं दुर्घटनाओं एवं गभीर बीमारियों से पीडित लोगों को ब्लड की जरूरत पडती है।

## उत्साह से मनेगा लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व

**पावटा।** लोहडी व दान और पुण्य का पर्व मकर संक्रांति क्षेत्रभर में उत्साह-उमंग से मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक ओर जहां घर-घर तिल के व्यंजन बनेंगे। वहीं गली-मोहल्लों में वा मारा वा काटा के शोर के साथ आसमान में रंग बिरंगी पतंगों की धूम रहेगी।

- कोई उडाएगा पतंग तो कोई खेलेगा पारपरिक खेल

वही सक्रांति पर लोग दान-पुण्य करेंगे। इस खास मौके पर श्रद्धालु विशेष रूप से तिल के व्यंजन प्रभु को अर्पण कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। वही लोहडी पर्व की तैयारियां चरमपर सिक्ख समाज की ओर से लोहडी पर्व 13 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर सिक्ख समाज ने कई दिनों पूर्व तैयारियां शुरू कर दी। मान्यता के अनुसार सिक्ख समाज के लोग इस दिन नयी फसल की खुशी भी मनाते है। पंजाब में लोहडी के कुछ दिन पहले लडके लडकियां समूह में एकत्र होकर घर-घर जाकर लोहडी मांगते है। जिन घरों में नयी शादी या बच्चे का जन्म हुआ हो उस घर में लोहडी विशेष रूप से मनाई जाती है। इस अवसर पर गुरुद्वारे के बाहर लोहडी प्रज्वलित की जाती है। बाद में सभी उसकी परिक्रमा करते हुए तिल, रेवडी, मूंगफली आदि लोहडी में डालकर माथा टेकते हुए सुख शांति व समृद्धि की कामना करते हैं। इस मौके पर बच्चे, युवा और महिलाएं भंगडा व गिद्दा कर खुशी का इजहार करते है। मकर सक्रांति पर मंदिर में सुबह से पूजा अनुष्ठान सहित अन्य धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वही मकर सक्रांति पर्व पर बडी धूमधाम से पांवटा कस्बे के वीर तेजाजी महाराज की बगीची में पावटा 14 जनवरी सुबह दस बजे से शाम 5 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें गायक कलाकार मुक्कड यूजिक पार्टी मुकेश मुक्कड, रिया राठी दिल्ली, 1 अनेकसांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। वही जल उपभोक्ता संगम छितौली बांध विराटनगर अध्यक्ष सुंदर सिंह शेखावत ने बताया कि 14 जनवरी 2०24 रविवार को प्रात 1० बजे से संक्रांति महापर्व पर श्री कृष्ण गौशाला बडनगर में एक धार्मिक प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गायक कलाकार चोटकिया वाले होंगे।

## थाना प्रभारी ने की प्रेस वार्ता

**पावटा।** बुधवार को प्रागपुरा थाना परिसर मे डीवाईएसपी विराटनगर रोहित सांखला व नव नियुक्त प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा द्वारा संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रेस वार्ता की बैठक में डीवाईएसपी विराटनगर रोहित सांखला व नव नियुक्त प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने, दुर्घटनाओं की संभावनाओं को खत्म करने तथा आवागमन को सुचारू रूप से संचालित करने, कस्बे की यातायात बिगडती व्यवस्था को लेकर वाहनों के लिए पार्किंग स्थलों को चिन्हांकित कर जाम से निजात दिलाने, विद्यालयो के बाहर छुट्टी के समय असमाजिक तत्वों व मनचलो पर कार्यवाही, कस्बे की तीसरी आँख सीसीटीवी कैमरो को दुरुस्त कर कस्बे की गतिविधियों पर नजरे बनाये रखने, बिना नंबरों की बाइको की जांच सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार विपिन पारीक, प्रह्लाद सैन सहित पत्रकार मौजूद रहे।

# कैरियर-डे के रूप में मनाई विवेकानंद जयंती

**निवाई-** शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस एवं कैरियर डे के रूप में धूमधाम से मनाया गया।

स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में मुख्य अतिथि कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. आरपी चौधरी, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट कौशलकुमार चौधरी, मदनलाल चौधरी एवं पूर्व छात्रा फहीम बानो रही। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि विवेकानंद ने कहा था कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य हासिल ना हो जाए। मंच संचालन विकास गुर्जर एवं रमेशचंद मीणा ने किया। इसी प्रकार स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विवेकानंद जयंती पर कैरियर मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कैरियर संबंधि विभिन्न स्टाल और प्रदर्शनी लगाई। इस दौरान प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बडौदा से कमल, पुलिस थाने के पराग, मोदी यूनिवर्सिटी से हरिओम शर्मा, महावीर, कीर्ति व मंजिल परियोजना से ओमप्रकाश उपस्थित रहे। प्राचार्य देवेंद्रपाल सिंह ने बताया कि विद्यालय में एक रोजगार प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इसी प्रकार रामकृष्ण विवेकानन्द सेवा समिति निवाई के तत्वावधान में विवेकानन्द सार्धशती समारोह के तहत युवा दिवस पर पांचजन्य सभागार में समारोह का आयोजन हुआ जिसमें विवेकानन्द के जीवन पर छात्र-छात्राओं बायोग्राफी दिखाई गई। आयोजक बंसत कुमार आसोपा ने बताया कि इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित जिसमें सही जवाब देने वाले 25 विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवस पर प्रधानाचार्य सुरेशचन्द पारीक, गिर्राज गुर्जर, टीकमचन्द, अवधेश राजवंशी, नाथूलाल गुर्जर सहित अनेक लोग मौजूद थे। इसी प्रकार राजकीय महाविद्यालय में एनवाईएफ में प्रधान मंत्री के भाषण का सीधा प्रसारण सत्र मोबाईल पर लिंक के माध्यम से की। समारोह में स्वागत भाषण, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन ने दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन ने की। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरिया में आयोजित कैरियर डे पर छात्राओं ने नर्स, वकील, डॉक्टर, टीचर, पुलिस, इंजिनियर की पौशाक पहनकर प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य कनेश मीणा व कार्यक्रम प्रभारी कन्हैयालाल ने जानकारी दी। इसी प्रकार आराधना विद्या मंदिर सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य वक्ता प्रो. जीपी वर्मा रहे।

## कलेक्टर का अभिनंदन

**पावटा।** अग्रवाल समाज पावटा के पदाधिकारियों द्वारा गुरुवार को नवनियुक्त कोटपूतली बहरोड जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को प्रतीक चिन्ह व पुष्प गुच्छ भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अभिनंदन किया। इस मौके पर अग्रवाल समाज पावटा अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल, पूर्व अध्यक्ष घनश्याम गोयल, विमल गर्ग, पूर्व उपाध्यक्ष सांवरमल बंसल आदि लोग उपस्थित रहे।

# गोविन्दगढ़ में शराब ठेकेदारों की राठौड़ी पुलिस पर भी भारी

**अलवर।** राजस्थान में भाजपा सरकार के आते ही मुख्यमंत्री सहित सभी नव निर्वाचित मंत्रियों ने आम जन को आश्वस्त किया कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी,आमजन की सुरक्षा होगी लेकिन ऐसा लगता है कि अलवर के गोविन्दगढ कस्बे में पुलिस का अलग कानून है यहां शराब ठेकेदारों की राठौडी पड रही है पुलिस पर भारी क्योंकि यहां कस्बे के अलावा गांव का ठेका भी कस्बे के स्टेण्ड पर खोल दिया गया है जो कि अवैध है वही ठेकेदारों ने कस्बे के गांव-गांव में अवैध शराब की सप्लाई खोल रही है जिन्हें उनकी भाषा में ब्रांच कहा जाता है यह सब घालमेल पुलिस की मिलीभगत से हो रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोविन्दगढ में दो शराब के ठेके है एक तो कस्बा का है व दूसरा ग्रामीण क्षेत्र रामबास में आता है लेकिन ठेकदारों ने गांव रामबास को प्रस्तावित नगर पालिका क्षेत्र में बता कर उसका ठेका भी बस स्टेण्ड पर खोल दिया जबकि रामबास अभी नगर पालिका क्षेत्र में नहीं आया है उसका अलग से सरपंच है लेकिन ठेकेदारों ने प्रस्तावित


अवैध ब्रांच की खुली दुकान।

- कस्बे में अवैध ब्रांचों का ठेकेदारों ने बिछाया जाल

होने की आड में यह कारनामा कर लिया है इसमें उन्होंने पुलिस अधिकारियों को भी गुमराह किया है वही इन ठेकेदारों से पुलिस की मिलीभगत है जिसके चलते गांव-गांव में अवैध शराब की बं्राच चल रही है जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्र की महिलाए परेशान है लेकिन मोटी मंथली के कारण संबधित थाना पुलिस भी इस और से आंख बंद करके बैठी है अगर ऐसे ही मोटी मंथली लेकर यहा इस प्रकार की अवैध कार्यवाही होती रही तो भाजपा का रामराज्य का सपना बैमानी सिद्व होगा हलाकि गोविंदगढ कस्बा रामगढ विधानसभा में आता है और यहां से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जुबेर खान विधायक है लेकिन जुबेर खान भी इस प्रकार के गोरखधंधे को बढावा देने के पक्ष में नही रहते वे भी नही चाहते कि इस प्रकार का कारोबार उनके क्षेत्र में चलेअब देखना यह है कि इस गोरखधंधे पर पुलिस लगाम लगाती है या फिर विधायक या फिर मंत्री पुलिस अधीक्षक को आदेश देकर इन पर नकेल कसते है।

इधर ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस को अब अपना टारगेट दिखाना होता है तो वे शराब के आदी लोग जो शराब खरीदने ठेके पर जाते है उन्हें उठा कर अपना टारगेट पूरा कर लेती है लोगों का कहना है ठेके पर शराब खरीदकर लाना जुर्म में नही आता जुर्म तब बनता है जब सार्वजनिक स्थान पर शराब पी जाए लेकिन पुलिस उन लोगों को पकडती है जो अण्डे के ठेले पर या फिर ठेके पास बनी अवैध होटलो पर रसपान करते मिलते है उन्हें पकड कर अपना टारगेट पूरा कर लेती है जबकि वास्तविक अपराधी अवैध ब्रांचों को हाथ भी नही लगाती है।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर** www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-5/2024/डी-126 दिनांक-12.01.2024

**प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन आम सूचना**

राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन नियम 2010 व राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम-2021 के प्रावधानो के अन्तर्गत निम्न भूखण्ड के आवेदक द्वारा अपनी सम्पत्ति का भू-उपयोग परिवर्तन करवाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका विस्तृत विवरण जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.urban.rajasthan.gov.in एवं जोन कार्यालय में देखा जा सकता है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था आदि को कोई आपत्ति/सुझाव यदि हो तो 7 दिवस में मय दस्तावेज सम्बन्धित उपायुक्त जोन कार्यालय अथवा सचिव, जविप्रा को प्रस्तुत करें।

**क्र.सं.**-1, **जोन**-05, **आवेदक का नाम**-श्री कैलाश चन्द तलवारिया पुत्र श्री जगदीश लाल एवं श्रीमती सुधा सैनी पत्नी श्री कैलाश चन्द सैनी, **भूखण्डधारी का नाम**- श्री कैलाश चन्द तलवारिया पुत्र श्री जगदीश लाल एवं श्रीमती सुधा सैनी पत्नी श्री कैलाश चन्द सैनी, **पुनर्गठित भूखण्ड संख्या**- 2,16 व 17, **पट्टा विलेख में वर्णित भू-उपयोग**-आवासीय, **योजना का नाम (गृ.नि.सं.स./निजी खातेदारी योजना)**- श्री छत्रपति शिवाजी गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना देवी नगर, **भूखण्ड क्षेत्रफल**-1126.16, **मास्टर प्लान**-2025/जोनल विकास योजना अनुसार **भू-उपयोग**-सड़क की चौड़ाई का डेढ गुणा अथवा एकल भूखण्ड की गहराई (जो भी कम हो) व्यावसायिक भू-उपयोग, **उपयोग जिसके लिए आवेदन किया गया**-व्यावसायिक भू-उपयोग हेतु

उपायुक्त जोन-5, जयपुर विकास प्राधिकरण

**कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज**

क्रमांक :- एफ-56 ( ) सि0ला0जो0/ननिज/2023/6783 दिनांक :- 10/01/2024

प्रारूप-5

नियम-6 (2)

**अनापत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखे गये व्यक्ति द्वारा आयोजना द्वितीय/राजस्व द्वितीय शाखा में संधारित योजनाओं में उपविभाजन/नाम हस्तान्तरण/फ्री होल्ड पट्टे हेतु आवेदन किया गया है। इस उपविभाजन/नाम हस्तान्तरण/फ्री होल्ड पट्टे बाबत् कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपनें आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी को कोई आक्षेप नहीं है और मामलें का तद्नुसार निपटारा किया जायेगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | आवेदन स्थल का पता | आवेदित क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती वीरबाला पुरोहित एवं प्रदीप कुमार पारीक | स्व. श्री प्रभूलाल पुरोहित | ए–153, नेहरू नगर, बस्सी सीतारामपुरा, जयपुर | 388.88 व0ग0 |

उपायुक्त, सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज

राज.संवाद/सी/23/12153

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)

IDFC FIRST Bank

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

विधि अधिकारी-आंचल शर्मा, संपर्क नम्बर-7737204242 ई-मेल आईडी-aanchal.sharma@idfcbank.com

**परिशिष्ट-IV-ए**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 31.01.2024 को "जहाँ है जैसी हैं", जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड) के खाता संख्या 18831931, 8522199 में 19.04.2022 को बकाया राशी रूपये 11,88,035.33/- की नित्यानन्द पांडे, शिवाजी पांडे, दुर्गावती पांडे, नित्यानन्द पांडे (द्वारा उमराव पोलीमर्स) ऋण ग्रहिता (ओ) एवं सह-ऋणग्रहिता (ओ) से वसूली के लिये की जायेगी।

**ऑक्शन स्टेट्स**

| | |
|---|---|
| सम्पत्ति का विवरण | फ्लैट नं. 404, क्षेत्रफल 700 वर्गफिट, दूसरी मंजिल, प्लाट नं. ए-71 रॉयल सिटी, ग्राम माचवा, कलवाड रोड, झोटवाडा, जयपुर, राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-रोड 40 फिट चौडी, पश्चिम-प्लाट नं. ए-85, उत्तर-प्लाट नं. ए-72, दक्षिण-प्लाट नं. ए-70 |
| आरक्षित मूल्य | रूपये 6,37,000/- (रूपये छह लाख सैंतीस हजार मात्र) |
| बयाना राशि जो जमा होगी | रूपये 63,700/- (रूपये तिरेसठ हजार सात सौ मात्र) |
| सम्पत्ति के निरीक्षण का दिन व समय | 24.01.2024 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक |
| बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की अंतिम तिथि | 30.01.2024 सायं 5.00 तक |
| नीलामी की तिथि एवं समय | 31.01.2024 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC

**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

स्थान - जयपुर
दिनांक- 12.01.2024

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)



मैं माही भाई से लगातार बात करता हूं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। वह मुझे बताते हैं कि कैसे अलग-अलग परिस्थिति का सामना करना है। उन्होंने मुझे दो से तीन सुझाव दिए हैं और मेरी बल्लेबाजी को रेट किया है। - शिवम दुबे

भारतीय टीम के ऑलराउंडर, महेन्द्र सिंह धोनी के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## फिन ऐलन



**फिन ऐलन** और कप्तान केन विलियमसन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट पर 49 रनों की साझेदारी की। पांचवें ओवर में फिन ऐलन के रूप में न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट गिरा। ऐलन तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से 15 गेंदों में 34 रन बनाये। इसके बाद 12वें ओवर में केन विलियमसन भी 57 रन बनाकर आउट हो गये। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके लगाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डेरिल मिचेल ने चार चौके और चार छक्कों की मदद से 27 गेंदों में 61 ठोक डाले। ग्लेन फ़िलिप्स 19 रन, मार्क चैपमैन 26 रन और ऐडम मिलन 10 रन बनाकर आउट हुये।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

### हनुमा विहारी की कप्तानी जाने पर विवाद

## एसोसिएशन ने कहा- खुद इस्तीफा दिया



नई दिल्ली, 12 जनवरी। भारतीय खिलाड़ी हनुमा विहारी गुरुवार को कप्तानी से हटने के बाद मौजूदा रणजी ट्रॉफी में आंध्र प्रदेश का नेतृत्व नहीं करेंगे। शुक्रवार को मुंबई के खिलाफ आंध्र के ग्रुप बी मैच के दौरान शुक्र रिकी भुई ने टीम की कप्तानी की।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विहारी को स्टेट एसोसिएशन ने जबदस्ती कप्तानी से हटाया है। हांलाकि, आधिकारिक बयान में टीम के हेड सेलेक्टर आरवीसीएच प्रसाद ने बताया, हनुमा ब्रेक लेना चाहते थे ताकि वो सिर्फ अपनी बल्लेबाजी पर फोकस कर पाए। उनके कप्तानी से हटाने का कोई दबाव नहीं था। हनुमा का यह फैसला निजी था और वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना चाहते थे।

विहारी ने पहले मुकाबले में बंगाल के खिलाफ शुरुआती गेम में 51 रन बनाए, जो ड्रॉ पर समाप्त हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक विहारी ने इस मुकाबले में रिजर्व

**हनुमा विहारी ने भारत के लिए 16 टेस्ट खेले है**

खिलाड़ी पर अपना गुस्सा निकाला था। खिलाड़ी के पिता की शिकायत के बाद विहारी पर एक्शन लिया गया। दूसरे मुकाबले पहले दिन आंध्र ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने पहले दिन 6 विकेट खो कर 281 रन बनाए।

विहारी ने भारत की ओर से अब तक 16 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने नेशनल टीम के लिए 33.56 की औसत से 839 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। 2019 में किंग्स्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ 111 रन उनका टॉप स्कोर हैं। 2018 में द ओवल में अपना टेस्ट डेब्यू करने के बाद, उनकी आखिरी पारी भी इंग्लैंड में बर्मिंघम 2022 में आई। आंध्र प्रदेश के नए कप्तान रिकी भुई ने 64 रणजी मैच खेले है। इसमें उन्होंने कुल 4083 रन बनाए, जिसमें 15 शतक और 15 अर्धशतक शामिल हैं। 27 वर्षीय भुई ने 2013 में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ डेब्यू किया था।

मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन 6 विकेट खो कर 281 रन बना लिए है। टीम की ओर से इकलौत अर्धशतक भूपेन ललवानी ने बनाया। उन्होंने 119 गेंद में 61 रन की पारी खेली। वहीं, टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे पहली ही बॉल पर आउट हो गए। श्रेयस अय्यर अर्धशतक चूक गए। वे 48 रन बना रन नीतिश रेड्डी का शिकार बने। आंध्र की ओर से नीतिश रेड्डी ने 3 विकेट लिए। वहीं, शोएब खान ने 2 और ललिथ मोहन ने 1 विकेट लिया।

## अखिल श्योराण को पुरुषों की 50 मीटर थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक

जकार्ता, 12 जनवरी। भारत के अखिल श्योराण ने शुक्रवार को एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। आज यहां हुये फाइनल मुकाबले में अखिल ने 460.2 के स्कोर कर स्वर्ण पदक जीता, वहीं ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 459.0 के साथ रजत पदक अपने नाम किया। थाईलैंड के निशानेबाज थोंगफाफम वोंगसुकडी को 448.8 अंक के साथ कांस्य पदक मिला। अखिल श्योराण और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप की पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में भारत को 1-2 से बराबरी दिला दी है। क्वालीफाइंग राउंड में तीन भारतीयों ने जकार्ता मीट में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जो राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर है।

ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर क्वालीफायर में 588 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे जबकि श्योराण 586 अंक और स्वप्निल कुसाले 584 अंक क्रमश: छठे और नौवें स्थान पर रहे। कुसाले ने फाइनल में शॉट लगाया और छठा स्थान हासिल किया। नीरज कुमार और चैन सिंह भी क्वालीफायर में शीर्ष पांच में रहे, लेकिन दोनों निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।

इस बीच, पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम स्पर्धा में अखिल श्योराण, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और स्वप्निल कुसाले के कुल 1758 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन ने 1744 अंकों के साथ रजत पदक जीता, दक्षिण कोरिया को 1735 अंक अर्जित करते हुए कांस्य पदक मिला।

### ट्रैकिंग मार्गों पर शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान करने का निर्णय : सुक्खू

शिमला, 12 जनवरी। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशों के अनुसार धर्मशाला वन वृत्त ने त्रिउंड और अन्य ट्रैकिंग मार्गों के लिए प्रवेश शुल्क और टेंटिंग शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी वन विभाग के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यहां दी। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा प्रवेश शुल्क दो सौ रुपये से कम कर 100 रुपये प्रति व्यक्ति प्रतिदिन किया गया है। वहीं दो व्यक्तियों के लिए प्रवेश शुल्क सहित टेंटिंग शुल्क 1100 रुपये से घटाकर 550 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विविध साहसिक गतिविधियां नियम, 2021 के तहत पर्यटन विभाग से मान्यता प्राप्त विविध साहसिक गतिविधियां संचालकों के पंजीकृत स्थानीय गाइडों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से पंजीकृत गाइडों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

## रिदम सांगवान ने भारत के लिए पेरिस ओलंपिक कोटा किया हासिल

जकार्ता, 12 जनवरी। रिदम सांगवान ने गुरुवार को एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2024 में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। इसी के साथ भारत ने पेरिस में आयोजित होने वाले आगामी ओलंपिक के लिए 16 निशानेबाजी कोटा हासिल टोक्यों ओलंपिक के 15 कोटा के रिकार्ड को पीछे छोड़ते हुए एक नया रिकार्ड बनाया है। आज यहां खेले गये मुकाबले में रिदम सांगवान ने 25 मीटर पिस्टल फाइनल में 28/45 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं दक्षिण कोरिया की निशानेबाज जिन यांग और येजी किम को क्रमश: 41/50 और 32/50 का स्कोर अर्जित करते हुए स्वर्ण और रजत पदक मिला। रिदम सांगवान ने रैपिड और प्रिसिजन राउंड में 588 के संयुक्त स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया था। दिव्या टीएस जो केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, वह कुल 578 स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रहीं। एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ईशा सिंह ने पहले महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक के साथ भारत के लिए ओलंपिक कोटा हासिल किया था। वह 578 अंकों के साथ 14वें स्थान पर रहीं। ईशा सिंह के बाद सिमरनप्रीत कौर बराड़ (577) और राही सरनोबत (576) क्रमश: 15वें और 17वें स्थान पर रहीं। क्वालीफाइंग राउंड में रिदम सांगवान, ईशा सिंह और सिमरनप्रीत कौर बराड़ के संयुक्त स्कोर 1743 ने भारत को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक दिलाने में मदद की। दक्षिण कोरिया ने स्वर्ण पदक जीता जबकि चीनी ताइपे को कांस्य पदक मिला।

## मार्क बाउचर बोले- भविष्य में भारत में लीग करना शानदार कदम हो सकता है

नई दिल्ली, 12 जनवरी। पूर्व साउथ अफ्रीकी विकेटकीपर मार्क बाउचर का मानना है कि भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स के न खेलने से 20 लीग को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। 47 साल के बाउचर ने भास्कर के सवाल पर कहा- इंडिया के प्लेयर किसी भी लीग में नहीं खेलते हैं, जबकि ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग के कारण इस लीग में हिस्सा नहीं ले रहे हैं।

बाउचर लीग के भविष्य के सीजन में भारतीय खिलाड़ियों की भागीदारी की उम्मीद जताते हुए कहा 'नहीं पता कि भारतीय 20 में क्यों नहीं खेल रहे हैं। मैं इसका जवाब नहीं दे सकता। हो सकता है कि भविष्य में हमें वे खेलते हुए दिखें, लेकिन हम इसके लिए (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) को दोषी नहीं ठहरा सकते और सवाल नहीं पूछ सकते। उन्होंने जैसा टूर्नामेंट तैयार किया है।' मार्क बाउचर भारतीय फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के साथ जुड़े



हैं। -2024 के ऑक्शन के दौरान वे मुंबई की टीम के साथ दिखे।

भारत में खेलने में चुनौतियां होंगी, लेकिन यह शानदार फैसला भविष्य में साउथ अफ्रीकी लीग भारत में कराने के सवाल पर बाउचर ने कहा- लीग को भविष्य में भारत में आयोजित करना अच्छा कदम हो सकता है, भले ही इसके लिए 'लॉजिस्टिकल' चुनौतियों का सामना करना पड़े। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह शानदार विचार है। मैं इसके खिलाफ नहीं हूं। साउथ अफ्रीका में हो चुका है और हम भी ऐसा ही कर सकते है क्योंकि दोनों क्रिकेट देशों के बीच शानदार रिश्ते हैं, हालांकि भारत में खेलने की चुनौतियां अलग होंगी, लेकिन फिर भी यह शानदार होगा। ग्रीम स्मिथ (लीग के कमिश्नर) इस पर काम कर सकते हैं।'

बता दें कि भारत में चुनावों के कारण इंडियन प्रीमियर लीग ( ) के 2009 चरण का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में कराया गया था। बाउचर ने स्वीकार किया कि एसए20 भी निकट भविष्य में क्रिकेट के प्रति जुनूनी एशियाई देश में किया जा सकता है। बाउचर ने कहा है कि लीग शुरुआती चरण एक ट्रायल था, लेकिन यह  को फॉलो करता है। इसका उद्देश्य युवा क्रिकेटरों को खुद को अभिव्यक्त करने का मंच देना है। पहला चरण सफल था, जबकि यह एक ट्रायल था। काफी बड़ी संख्या में लोग इसे देखने आए।

## शिवम दुबे की अर्द्धशतकीय पारी, भारत ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया

मोहाली, 12 जनवरी। शिवम दुबे की नाबाद 60 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ने तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में गुरुवार को अफगानिस्तान को छह विकेट से हराया दिया है। शिवम दुबे ने पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 40 गेंदों में नाबाद 60 रन ठोकते हुए भारत को 17.3 ओवर में जीत दिला दी। 159रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर कप्तान रोहित शर्मा शून्य पर रन आउट हो गये। हालांकि इसके बाद शुभमन गिल और तिलक वर्मा की जोड़ी ने भारतीय पारी को संभालने का प्रयास किया लेकिन चौथे ओवर की पांचवीं गेंद पर शुभमन गिल को मुजीब ने गुरबाज के हाथों स्टंप आउट करा दिया।

गिल ने पांच चौकों की मदद से 12 गेंदों में 23रन की पारी खेली। इसके बाद नौवें ओवर में उमरजई ने तिलक वर्मा को नईब के हाथों कैच आउट करा दिया। तिलक वर्मा ने दो चौके एक छक्के की मदद से 22 गेंदों में 26 रन बनाये। 14वें ओवर में जितेश शर्मा को मुजीब ने इब्राहिम जदरान के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। जितेश ने पांच चौकों की मदद से 20 गेंदों में 31 रन बनाये। रिंकू सिंह 16 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 17.3 ओवर में चार विकेट पर 159 रन बनाकर मैच जीत लिया। इसी के साथ भारत टी-20 श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। अफगानिस्तान की ओर से मुजीब उर रहमान को दो विकेट मिल। वहीं उमरजई ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज मोहम्मद नबी के शानदार 42 रन, अजमतउल्लाह उमरजई के 29 रन, कप्तान इब्राहिम जदरान के 25 रन और रहमानउल्लाह गुरबाज के 23 रनों की पारी की बदौलत अफगानिस्तान ने गुरुवार को पहले टी-20 मुकाबले में पांच विकेट पर 158 रन का स्कोर खड़ा किया है। भारत ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है।

## राजेन्द्र नाथ को अमेरिका के अकोंकागुआ के सफल आरोहण के लिए मिला फ्लैग ऑफ

देहरादून, 12 जनवरी। उत्तराखंड के देहरादून स्थित पुलिस मुख्यालय से आरक्षी राजेन्द्र नाथ को दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट अकोंकागुआ(6961 मीटर) को फतह करने के लिए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अभिनव कुमार द्वारा पुलिस प्रतीक चिन्ह देकर रवाना किया गया। आरक्षी राजेन्द्र नाथ द्वारा इसी एक्सपीडिशन के माध्यम से गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर माउंट अकोंकागुआ को फतह करने का प्रयास किया जाएगा।

नाथ को डीजीपी ने सफल पर्वतारोहण अभियान के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्वतारोहण एक साहसिक खेल है और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के प्रत्येक सदस्य के लिए ऐसे साहसिक खेलों का विशेष महत्व है। इसलिए समय समय पर ऐसे साहसिक खेलों में प्रतिभाग करने हेतु कर्मियों को प्रोत्साहित किया जाता है।

अभिनव ने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) कर्मियों द्वारा क्याकिंग, राफ्टिंग, ट्रैकिंग, पर्वतारोहण इत्यादि साहसिक खेलों में प्रतिभाग कर अपनी व्यवसायिक दक्षता बढ़ाने का निरन्तर प्रयास किया जाता है।

फ्लैग ऑफ सेरेमनी के दौरान, मौजूद एसडीआरएफ की पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिमा अग्रवाल ने भी राजेन्द्र को शुभकानाएं दी। उन्होंने विचार साझा करते हुए बताया कि एसडीआरएफ में पर्वतारोहण का विशेष महत्व है। जिसके कार्मिकों ने सतोपंथ, भागीरथी,त्रिशूल व एवेरेस्ट का सफल आरोहण किया है। इन पर्वतारोहण अभियानों के माध्यम से मिले कौशल से एसडीआरएफ द्वारा ग्लेशियरों एवम ट्रेक रूटों में फंसे देश-विदेश के अनेक पर्वतारोहियों,ट्रैकरों एवम पर्यटकों को सकुशल रेस्क्यू किया गया है। अग्रवाल ने बताया कि एसडीआरएफ द्वारा विदेशी नागरिकों व पर्वतारोहियों के सफल रेस्क्यू कार्यों की कोरिया, अमेरिका इत्यादि देशों के दूतावासों द्वारा मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई है।

इस दौरान, एसडीआरएफ के सेनानायक मणिकांत मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य आरक्षी राजेन्द्र नाथ फोर्स की हाई एल्टीट्यूड रेस्क्यू टीम का एक अभिन्न अंग है। राजेन्द्र द्वारा विभिन्न पर्वत श्रंखलाओं पर किये गए सफल आरोहण से उच्च तुंगता क्षेत्रों में अपनी कार्यक्षमता में गुणात्मक सुधार किया गया बल्कि एसडीआरएफ के अन्य कर्मियों को भी प्रेरित किया गया है। मुख्य आरक्षी राजेन्द्र नाथ के इस पर्वतारोहण अभियान के माध्यम से फोर्स में एक साहसिक वातावरण का निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे अन्य जवान भी अभिप्रेरित होंगे व उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, जो निश्चय ही भविष्य में उच्च तुंगता रेस्क्यू के दौरान विषम परिस्थितियों में भय व अवरोधों का डटकर सामना करने का साहस प्रदान करेगा ।

उल्लेखनीय है कि आरक्षी राजेन्द्र नाथ द्वारा पूर्व में भी अनेक कीर्तिमान हासिल किये गए है। इनके द्वारा विगत वर्षों में चंद्रभागा-13 (6264 मीटर), डीकेडी-2 (5670 मीटर), माउंट त्रिशूल (7120 मीटर) माउंट गंगोत्री प्रथम (6672 मीटर), माउंट श्रीकंठ (6133 मीटर), माउंट बलज्यूरी (5922 मीटर), माउंट बंदरपूंछ (5500 मीटर), यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुश (5642 मीटर), अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (5895 मीटर) का सफलतापूर्वक आरोहण किया गया है। यह उतराखंड पुलिस के प्रथम कर्मी है, जिन्होंने माउंट एलब्रुस को छः दिवस के अंतराल में डबल समिट और माउंट किलिमंजारो को तीन दिवस के अंतराल में डबल समिट करने का अद्वितीय कीर्तिमान अपने नाम किया है।

## न्यूजीलैंड ने पाक को 46 रन से हराया



ऑकलैंड,12 जनवरी। केन विलियमसन के 57 रन और डेरिल मिचेल के 61 रनों अर्धशतकीय पारियों और उसके बाद टिम साउदी के चार विकेटों की बदौलत न्यूजीलैंड ने पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में शुक्रवार को पाकिस्तान को 46 रन से हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है।

पाकिस्तान ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में डेवन कॉन्वे शून्य का विकेट गंवा दिया। इसके बाद फिन ऐलन और कप्तान केन विलियमसन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट पर 49 रनों की साझेदारी की। पांचवें ओवर में फिन ऐलन के रूप में न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट गिरा। ऐलन तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से 15 गेंदों में 34 रन बनाये।

इसके बाद 12वें ओवर में केन विलियमसन भी 57 रन बनाकर आउट हो गये। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके लगाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डेरिल मिचेल ने चार चौके और चार छक्कों की मदद से 27 गेंदों में 61 ठोक डाले। ग्लेन फ़िलिप्स 19 रन, मार्क चैपमैन 26 रन और ऐडम मिलन 10 रन बनाकर आउट हुये। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट 226 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी और शाहीन शाह अफरीदी ने तीन-तीन विकेट लिये। हारिस रउफ ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत भी अच्छा नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज सैम अयूब का विकेट खो दिया। उन्होंने दो चौके, तीन छक्के की मदद से आठ गेदों में 27 रन बनाये।

मोहम्मद रिजवान ने दो चौके और दो छक्के की मदद से 14 गेंदों में 25 रन ठोक डाले। लेकिन इनके आउट होने के बाद पाकिस्तान के लगातार विकेट गिरते रहे। हालांकि पूर्व कप्तान बाबर आजम ने पारी को संभालने का प्रयास किया। उन्होंने छह चौके और दो छक्कों की मदद से 35 गेंदों में 56 रन की पारी खेली, लेकिन वह टीम की हार नहीं बचा सके। पाकिस्तान की पूरी टीम 18 ओवर में 180 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने 25 रन देकर चार लिये। वहीं एडम मिल्ने और बेन सीर्स के नाम 2-2 विकेट मिले। ईश सोढ़ी को एक बल्लेबाज को आउट किया।

## माही से मैच खत्म करने के बारे में सीखा : शिवम दुबे

मोहाली, 12 जनवरी। पहले टी-20 मुकाबले में भारत की जीत के हीरो रहे ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कहा कि मैंने महेन्द्र सिंह धोनी (माही भाई) से मैच को खत्म करने के बारे में सीखा है। प्लेयर ऑफ द मैच दुबे ने कहा, मैं लंबे समय से मौके का इंतजार कर रहा था। मैं स्वयं को तैयार रख रहा था, जिससे जब भी मौका मिले तो मैं अच्छा करूं। जब मैं बल्लेबाजी के लिए आया तो वही किया जो मैंने माही भाई (एमएस धोनी) से मैच को खत्म करने के बारे में सीखा था।

बल्लेबाजी में बदलाव के बारे में दुबे ने कहा, मैं माही भाई से लगातार बात करता हूं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। वह मुझे बताते हैं कि कैसे अलग-अलग परिस्थिति का सामना करना है। उन्होंने मुझे दो से तीन सुझाव दिए हैं और मेरी बल्लेबाजी को रेट किया है। तो मुझे लगता है कि अगर वे मेरी बल्लेबाजी को रेट कर रहे हैं तो मैं लगातार अच्छा करूंगा। मेरा आत्मविश्वास इस वजह से बहुत बढ़ा है। मैं अपनी गेंदबाजी पर भी लंबे समय से काम कर रहा हूं। यह बदलाव एकदम से नहीं आया हैं। मैं मौके का इंतजार कर रहा था और आज मुझे मौका मिला तो मैंने अच्छा किया।

उन्होंने कहा, रोहित भाई ने मुझे मैच के हिसाब से बल्लेबाजी करने को कहा और मुझ पर विश्वास जताया कि मैं मैच को किसी भी स्थिति में जिता सकता हूं। मोहाली में बहुत ठंड थी तो जब मैं बल्लेबाजी करने गया तो बल्ला भी नहीं पकड़ा जा रहा था लेकिन दो तीन गेंद खेलने के बाद मैं पूरी तरह से रम गया।

उन्होंने कहा, मैं लबे समय से गेंदबाजी कर रहा था और महसूस कर रहा था कि मैं अच्छा कर रहा था। ऑफ सीजन में भी मैंने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया और इससे मुझे मदद मिली। इसके बाद मैंने घरेलू क्रिकेट में भी अपनी गेंदबाजी में काफी सुधार किया। मैंने आज सही जगह पर गेंदबाजी की और मुझे अच्छी गति भी मिली। उन्होंने कहा कि रोहित भाई ने मुझसे कहा था कि मैच की स्थिति को देखते हुए वह मुझे गेंद देंगे। मौका मिलने पर मुझे अच्छा लगा। आगामी टी-20 विश्वकप के बारे में उन्होंने कहा, विश्वकप खेलना और जीत में योगदान देना हर क्रिकेटर का सपना

## वाटिका ने दिल्ली एफसी और सुदेवा एफसी ने अहबाब को हराया

नयी दिल्ली, 12 जनवरी। प्लेयर ऑफ द मैच महिप अधिकारी, विजोय गोसाईं और अर्जुन शरीन के शानदार गोलों की बदौलत वाटिका एफसी ने दिल्ली एफसी को 3-1 से हरा दिया है, वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में सुदेवा एफसी ने अहबाब को 2-1 से हराया। पहली प्रीमियर लीग की विजेता वाटिका को दिल्ली एफसी ने पहले हाफ में जैसे तैसे रोके रखा लेकिन 63 वें मिनट में महिप अधिकारी के गोल के बाद वाटिका ने ग्यारह मिनट में तीन गोल जमा कर मैच कब्जा लिया। दिल्ली एफसी के लिए सैमसन ने गोल किया। सुदेवा के लिए प्लेयर ऑफ द मैच सिदारथ नोंगमिएकपम और रमेश क्षेत्री ने गोल दागे। पराजित अहबाब का गोल इजाज अहमद ने किया।

## इंडिया गठबंधन की शनिवार को अहम बैठक

नयी दिल्ली, 12 जनवरी। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है, जिसमें जनता दल (यूनाइटेड)के नेता नीतीश कुमार को संयोजक और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गठबंधन का अध्यक्ष बनाने के साथ कई अहम फैसले होने की संभावना जताई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, बैठक सुबह 11.30 बजे होगी। वर्चुअल आधार पर हो रही इस बैठक में राष्ट्रवादी कांग्रेस के शरद पवार, डीएमके के एम के स्टालिन सहित कई प्रमुख नेताओं के भाग लेने की संभावना है, जिसमें सीटों के बंटवारे को लेकर भी रणनीति पर विचार किया जा सकता है।

- कहा जा रहा है कि, इस बैठक में जनता दल (यूनाइटेड) के नेता नीतीश कुमार को संयोजक और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गठबंधन का अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

गठबंधन की अब तक पटना, बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली में बैठक हो चुकी हैं। यह पहली बैठक है जो ऑन लाइन की जा रही है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक की अध्यक्षता वाली, पार्टी की राष्ट्रीय गठबंधन समिति की अब तक कई घटक दलों के नेताओं के साथ बैठक हो चुकी है। शनिवार की बैठक में इस मुद्दे पर अहम चर्चा होने की भी उम्मीद जताई जा रही है।

# पश्चिम बंगाल: मंत्री और टी.एम.सी. विधायक के ठिकानों पर ई.डी. के छापे

- विभिन्न नगर निकायों में नौकरियों के लिए कथित नकदी के मामले में शुक्रवार को ई.डी. ने मंत्री सुजीत बोस, टी.एम.सी. विधायक तापस रॉय और पार्षद सुबोध चक्रवर्ती के ठिकानों पर एक साथ रेड शुरू की।
- ज्ञातव्य है कि, टी.एम.सी. नेता सहजान शेख के घर पिछले शुक्रवार को उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में छापेमारी के लिए गए सी.आर.पी.एफ. जवानों और ई.डी. अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया था।

कोलकाता, 12 जनवरी। पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विभिन्न नगर निकायों में नौकरियों के लिए, कथित नकदी के मामले में शुक्रवार को मंत्री सुजीत बोस, टीएमसी विधायक तपस रॉय और पार्षद सुबोध चक्रवर्ती के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि, केंद्रीय सशस्त्र बलों की सहायता से ईडी के अधिकारियों ने आज सुबह उत्तर 24 परगना के लेक टाउन में पश्चिम बंगाल के अग्निशमन और आपातकालीन सेवा मंत्री बोस की दो संपत्तियों, टीएमसी विधायक तापस रॉय के आवास और कार्यालय पर छापेमारी शुरू की। तलाशी अभियान के अलावा ईडी ने छापेमारी के दौरान राजनेताओं और उनके करीबी रिश्तेदारों से भी पूछताछ की।

रॉय बारानगर का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायक हैं और राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी के प्रवक्ताओं में से एक भी हैं। ईडी निदेशक राहुल नवीन द्वारा राज्य का दौरा करने और पांच जनवरी को उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में ईडी अधिकारियों पर हमले के मामले में कुछ केंद्रीय जांच एजेंसियों के साथ राहुल नवीन की उच्च स्तरीय बैठक के ठीक दो दिन बाद राजनेता की संपत्ति पर एक साथ छापेमारी हुई।

सूत्रों ने बताया कि मौजूदा छापेमारी राज्य भर के विभिन्न नागरिक निकायों में भर्तियों में कथित अनियमितताओं की ईडी की जांच के सिलसिले में है। इस बार केंद्रीय जांच एजेंसी के साथ आए सीआरपीएफ के जवान हेलमेट, शील्ड, हथियार से लैस होकर आए थे।

ज्ञातव्य है कि, टीएमसी नेता सहजान शेख के घर पर पिछले शुक्रवार को उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में छापेमारी के लिए गए सीआरपीएफ जवानों और ईडी अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया था। ईडी को छापामारी कार्यवाही छोड़नी पड़ी और अपने तीन अधिकारियों के घायल होने के बाद जान बचाकर भागना पड़ा।

## समुद्र की गहराइयों में मिला आठ वर्ष पहले दुर्घटनाग्रस्त विमान का मलबा

नयी दिल्ली, 12 जनवरी। संकेत मिले हैं कि, करीब आठ वर्ष पहले बंगाल की खाड़ी के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हुए वायु सेना के मालवाहक विमान, एएन-32 का मलबा चेन्नई से लगते समुद्री क्षेत्र में करीब साढे तीन किलोमीटर नीचे समुद्र की तलहटी में पड़ा है।

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि, 22 जुलाई 2016 को दुर्घटना के कारण यह विमान लापता हो गया था, उस समय इसमें 29 लोग सवार थे। इस विमान तथा इसमें सवार लोगों का पता लगाने के लिए वायु सेना के विमानों तथा समुद्री जहाजों द्वारा बड़े पैमाने पर खोज एवं बचाव अभियान चलाया गया था लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तत्वाधान में कार्य करने वाले राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान ने हाल ही में एक ऑटोनोमस अंडरवाटर व्हीकल के जरिये इसकी खोज शुरू की थी। यह खोज सोनार के माध्यम से 3400 मीटर की गहराई तक की गयी।

# 'वकील एक माह की हड़ताल मामले में पुन: शपथ पत्र पेश करें'

- सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिये।

जयपुर, 12 जनवरी (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन को पिछले वर्ष एक माह की वकीलों की हड़ताल में भाग लेने के लिये दिये गये नोटिस के मामले में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने बार एसोसियेशन को हरीश उप्पल केस में हुए निर्णय का हवाला दिया जिसके तहत किसी भी सूरत में एक दिन से ज्यादा की हड़ताल नहीं हो सकती है। इस आधार कोर्ट ने वकीलों से निर्धारित अवधि से ज्यादा समय तक हड़ताल करने के कारण पुन: शपथ पत्र मांगा। बार एसोसियेशन की ओर से पैरवी कर रहे वकील अभिनव शर्मा ने कहा कि पूर्व में ही उच्चतम न्यायालय में शपथ पत्र देहरादून बनाम एसोसियेशन मामले में दायर कर दिया था। उन्होंने आगे कहा कि तब के बाद से वकीलों द्वारा कोई स्ट्राइक नहीं की गई है।

उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश अभय ओका और न्यायाधीश उज्जल भान की खंडपीठ ने बार को फिर से एक ओर शपथ पत्र दायर करने को कहा है और इसके लिए तीन हफ्ते का समय दिया है। जैसा कि विदित है कि जोधपुर स्थित राजस्थान हाईकोर्ट में पिछले वर्ष मार्च माह में वकीलों की हड़ताल के दौरान एक मामले में न्यायालय ने यह टिप्पणी की थी कि वकील अदालत में पेश नहीं हुए थे। इस आदेश को जब सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई तब सुप्रीम कोर्ट ने भी राजस्थान में वकीलों की हड़ताल पर नाराजगी जताई थी। इस संदर्भ में गुरूवार को सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसियेशन, जयपुर, से जवाब तलब किया था।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 जनवरी। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में कड़ाके की ठंड पड़ी। शुक्रवार इस वर्ष सर्दी के मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा, तापमान गिरकर 3.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह सर्द मौसम में रहने वाले औसत तापमान से 3 डिग्री नीचे था। यह जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दी है।

पिछले पांच दिनों में दर्ज किए गए तापमानों में यह न्यूनतम तापमान था। घने कोहरे ने दिल्ली के अनेक क्षेत्रों को अपने आगोश में ले लिया। पालम हवाई अड्डे की मौसमशाला के अनुसार वहां सुबह 5.30 बजे शून्य दृश्यता थी।

- शुक्रवार की रात दिल्ली में मौसम की सबसे सर्द रात रही। शनिवार के लिए मौसम विभाग ने दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में रैड अलर्ट घोषित किया है।

रेल विभाग की खबरों के अनुसार कोहरे के कारण दिल्ली जाने वाली 23 ट्रेनों एक से 6 घंटे की देरी से चल रही हैं।

दिल्ली, पंजाब व हरियाणा प्रदेशों के लिए शनिवार रेड अलर्ट जारी किया गया है और उसके बाद इन क्षेत्रों में 14 जनवरी (रविवार) तक के लिए मौसम विभाग ने ओरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम कार्यालय ने सूचित किया है कि देश के उत्तरी, पूर्वी और उत्तर पूर्व के भागों में शीत लहर की स्थिति में कमी होने के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते है। घने कोहरे के चलते अनेक स्थानों पर शून्य मीटर तक दृश्यता हो रही है।

## जद (यू) ने बिहार की 17 लोकसभा सीटों पर फिर दावेदारी की

पटना, 12 जनवरी। जनता दल यूनाइटेड जद (यू) ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए बिहार की 17 सीटों पर अपना दावा दोहराया और उम्मीद जताई कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के बीच बातचीत के दौरान सीट बंटवारे का मुद्दा सुलझ जाएगा।जद (यू) के वरिष्ठ नेता और भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि, उनकी पार्टी का बिहार में 17 सीटों पर वास्तविक दावा है। उन्होंने कहा कि, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में जद(यू) ने 17 सीटों पर चुनाव लड़ा और 16 सीटों पर विजयी हुई थी। हालांकि किशनगंज सीट मामूली अंतर से हार गई थी।

# प्र.मंत्री मोदी ने नाशिकधाम पंचवटी से विशेष अनुष्ठान शुरू किया

- प्र.मंत्री ने ट्वीट कर कहा कि, अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में मात्र 11 दिन बचे हैं, मैं आज से विशेष अनुष्ठान प्रारंभ कर रहा हूँ।
- मोदी ने कहा, मेरा सौभाग्य है कि, मैं इस पुण्य अवसर का साक्षी बनूंगा, प्रभु ने मुझे भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है।

नई दिल्ली, 12 जनवरी। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर बहुप्रतीक्षित भव्य राममंदिर के उदघाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष अनुष्ठान की शुरुआत की है।

मोदी ने शुक्रवार को ट्वीट कर यह जानकारी साझा की है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि, "अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में केवल 11 दिन ही बचे हैं। मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस पुण्य अवसर का साक्षी बनूंगा। प्रभु ने मुझे प्राण प्रतिष्ठा के दौरान, सभी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने का निमित्त बनाया है।

इसे ध्यान में रखते हुए मैं आज से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ कर रहा हूं। मैं आप सभी जनता-जनार्दन से आशीर्वाद का आकांक्षी हूं। इस समय, अपनी भावनाओं को शब्दों में कह पाना बहुत मुश्किल है, लेकिन मैंने अपनी तरफ से एक प्रयास किया है...।"

प्रधानमंत्री ने अनुष्ठान शुरु करने से पहले एक्स पर लिखी अपनी पोस्ट में कहा कि वो नाशिक धाम-पंचवटी से अनुष्ठान की शुरुआत करेंगे, जहाँ भगवान राम ने बहुत समय बिताया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि, यह सुखद संयोग है कि आज (12 जनवरी को) स्वामी विवेकानंद तथा माता जीजाबाई की जयंती है। उन्होंने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि दी। इस क्षण प्रधानमंत्री ने अपनी माँ को भी याद किया जिनकी सीता-राम में अपार श्रद्धा थी।

## कर्नाटक में कांग्रेस की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भाजपा के स्थानीय पार्टी सूत्रों ने संकेत दिए हैं कि, इस बार कई नए चेहरे चुनाव मैदान में उतारे जा सकते हैं। इन नए चेहरों में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं विदेश मंत्री एस. जय. जयशंकर के नाम चर्चा में हैं। भाजपा के लिए, दक्षिण भारत में कर्नाटक एक महत्वपूर्ण राज्य है, जहाँ 2014 में 17 सीटें और फिर 2019 में 25 सीटें जीतकर उसने कांग्रेस व जनता दल (एस) को धूल चटाई थी।

लेकिन, इस बार भाजपा ने जनता दल (एस) के साथ चुनावी समझौता किया है और राज्य में अपने जूनियर पार्टनर के लिए पांच सीटें छोड़ी हैं। इसलिए, प्रभावी रूप से भाजपा को 24 सीटों पर लड़ना और जीतना है- इस तरह वो राज्य में अपनी 25 सीटों की पूर्व संख्या से, पहले ही एक सीट नीचे है।

- भाजपा के स्थानीय सूत्रों ने कहा कि, आधे से ज्यादा प्रत्याशी बदले जा सकते हैं। पार्टी कर्नाटक से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को उतार सकती है।

कुछ भाजपा नेता, जिन्होंने कथित रूप से 2024 के चुनाव नहीं लड़ने की अपनी इच्छा ज़ाहिर की है, में पूर्व मुख्यमंत्री डी.वी. सदानंद गौड़ा, दावणगेरे सीट से चार बार सांसद रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री जी.एम. सिद्देश्वर तथा छः बार सांसद रहे रमेश जिगाजिनागी के नाम मुख्य हैं। चिकवल्लापुर के बच्चे गौड़ा, टुमकुर के जी.एस. बसवराज, चमाराजा नगर के श्रीनिवास प्रसाद और बालार के वाय. देवेन्द्रप्पा जैसे कुछ नेता भी संभवत: उम्र के कारण चुनाव नहीं लड़ेंगे। ये सभी 70 के ऊपर हैं।

उत्तरा कन्नड़ से चार बार चुनाव जीते, अनंत हेगडे ने भी खराब स्वास्थ्य की बात कही है तथा हावेरी सीट से जीते शिवकुमार उदासी भी बाहर हो गए हैं।

# 'रेड के दौरान शारीरिक प्रताड़ना दी थी'

### व्यापारी ने सी.बी.डी.टी. की टीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए केस दर्ज किया

- मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने घटना का वीडियो क्लिप सील बंद लिफाफे में पेश करने के आदेश दिए।

जयपुर, 12 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट में सैंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेज़ (सी.बी.डी.टी.) के अधिकारियों द्वारा एक छापे के दौरान व्यापारी को बुरी तरह पीटने और शारीरिक यातना देने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान पीड़ित व्यापारी, रामकुमार सोनी, के वकील सिद्धार्थ रांका ने अदालत को उनके मुवक्किल की ओर से शपथ पत्र देते हुए कहा कि उन पर शारीरिक हमले की वीडियो क्लिप मौजूद है, जिसके बाद अदालत ने इस वीडियो क्लिप की दो कॉपी बंद लिफाफे में पेश करने को कहा। इस वीडियो की एक कॉपी वित्त मंत्रालय को मुहैया कराने के आदेश भी दिये गए हैं।

अदालत ने कहा कि राज्य के वित्त विभाग को भी इस याचिका की एक कॉपी सभी साक्ष्य समेत दी जाये और वर्तमान अतिरिक्त महाधिवक्ता, आर.पी. सिंह, को भी उपलब्ध कराई जाये। कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश एम.एम.श्रीवास्तव और न्यायाधीश शुभा मेहता ने इस मामले की अगली तारीख 19 फरवरी तय की है। आदेश के अनुसार अगली तारीख से पहले वित्त मंत्रालय अपनी ओर से जवाब दायर कर सकता है और याचिकाकर्ता भी अपना प्रतिउत्तर पेश कर सकते हैं।

## नकवी को मिला "प्राण प्रतिष्ठा" का निमंत्रण

नयी दिल्ली, 12 जनवरी। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी को भी आमंत्रित किया गया है।

विश्व हिन्दू परिषद् के दिल्ली प्रान्त अध्यक्ष कपिल खन्ना एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त संपर्क प्रमुख चंदर वाधवा ने शुक्रवार को यहां नकवी को भगवान राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' का निमंत्रण पत्र दिया।

नकवी ने कहा,तारीखी लम्हे, ऐतिहासिक पल का सौभाग्यशाली गवाह बनने का मुझे आमंत्रण मिला है।

# 2024 का सबसे बड़ा खतरा है...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कि "यह सब कुछ कैसे किया जाएगा, यह देखना हमारे लिए महत्वपूर्ण है।"

इससे भी आगे देखा जाए तो अगले दशक के जोखिम होंगे- मौसम की चरम स्थितियां और विश्व की राजनैतिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण बदलाव। सर्वेक्षण से गुजर चुके करीब एक तिहाई लोगों का मानना था कि एक नए बहुध्रुवीय अथवा खण्डित विश्व का स्वरूप सामने आएगा।

- रिपोर्ट में ए.आई. के खतरे के बाद, मौसम के उलटफेर, सामाजिक ध्रुवीकरण, साइबर असुरक्षा और सशस्त्र संघर्ष को प्रमुख खतरा बताया गया है।

जूरिख इश्योरेंस ग्रुप के साथ मिलकर तैयार की गई डब्ल्यु.ई.एफ. रिपोर्ट सितम्बर 2023 में किए गए सर्वे से संबंधित है। उसमें 1,400 से अधिक ग्लोबल रिस्क एक्सपर्ट्स, पॉलिसीमेकर्स और अग्रणी उद्योगपतियों से पूछा गया था कि उनकी सबसे बड़ी वैश्विक चिन्ता कौनसी है।

रिपोर्ट के लेखकों ने बताया कि संयुक्त जोखिमों में "दुनिया कि संयुक्त अनुकूलन क्षमताओं का अपने चरम पर पहुंचना है।"

उन्होंने अग्रणी लोगों का आव्हान किया कि वे वैश्विक समन्वय पर ध्यान केन्द्रित करें और सर्वाधिक विध्वंसकारी आसन्न जोखिमों को लेकर सुरक्षा उपाय करें।"

उन्होंने कहा कि "ध्रुवीकृत धारणा एवं असुरक्षा की भावना के कारण वैश्विक व्यवस्था अस्थिर है। इसके अलावा एक्स्ट्रीम वैदर कंडीशन्स के हानिकारक प्रभाव और आर्थिक अनिश्चितता, दुष्प्रचार एवं गलत जानकारी आदि कई जोखिम हैं।"

अगले दो वर्षों में निम्न बातों का जोखिम सर्वाधिक है: दुष्प्रचार एवं भ्रामक जानकारी, मौसम की चरम स्थितियां, सामाजिक ध्रुवीकरण, साइबर असुरक्षा और अन्तर्राष्ट्रीय सशस्त्र संघर्ष। कुल 10 जोखिमों में आर्थिक अवसर की कमी, महंगाई, अनैच्छिक प्रवास, आर्थिक तंगी और प्रदूषण भी हैं।

अगले 10 वर्षों के लिए सर्वाधिक संभावित जोखिमों में मौसम की चरम स्थितियां, पृथ्वी की जलवायु में होने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन, जैव विविधता की हानि, इकोसिस्टम का ध्वस्त होना, प्राकृतिक संसाधनों की कमी और दुष्प्रचार शामिल हैं। एक दीर्घकालिन चिंता के रूप में ए.आई. तकनीकों के विपरीत प्रभावों का भी नाम लिया गया है।

इससे पहले "यूरेशिया ग्रुप" ने वर्ष 2024 के वैश्विक जोखिमों को लेकर एक अन्य रिपोर्ट जारी की थी जिसमें अमेरिका में होने जा रहे चुनावों को वर्ष का सबसे बड़ा जोखिम माना गया था और शीर्ष पांच जोखिमों में "अनियंत्रित ए.आई." भी शामिल था। यूरेशिया ग्रुप के संस्थापक एवं अध्यक्ष इयान ब्रेमर ने एक प्रैस ब्रीफिंग में कहा कि रूस-यूक्रेन व इज़रायल-हमास के मुद्दों से पूर्व तथा चुनाव परिणाम के बाद के व्यापक प्रभावों के मद्देनज़र जोखिम बताने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था।

## 'क्या शंकराचार्य ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अध्यक्ष व प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि "जो चापलूस लोग पिछली शाम से कांग्रेस के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे हैं उन्हें इस बात को लेकर भी बहस करनी चाहिए कि देश के सभी चार प्रमुख शंकराचार्य इस समारोह में क्यों उपस्थित नहीं हो रहे हैं।"

श्रीनेत ने इस बात को लेकर आलोचना करने वालों से सवाल पूछा कि "निर्मोही अखाड़ा जिसने कई दशकों तक भगवान राम लला की पूजा अर्चना की है, उसे क्यों उपेक्षित किया गया?"

कांग्रेस के अनेक नेताओं ने इस पर आश्चर्य प्रकट किया कि क्या आर.एस.एस. -भाजपा के द्वारा "वफादारी की परीक्षा" का जो मानदंड तय किया गया है उसको पास करना जरुरी है तो इसका मतलब यह हुआ कि हिन्दू होना साबित करने के लिए अब यह एक आवश्यक योग्यता बन गया है। कांग्रेसी नेताओं ने पूछा कि क्या अब संघ परिवार उसकी राजनीतिक शक्ति का प्रयोग देश के शंकराचार्यों को "हिन्दू विरोधी" घोषित करने में इस्तेमाल करेगा जो कि 22 जनवरी को अयोध्या में सम्पन्न होने वाले प्राण -प्रतिष्ठा समारोह से स्वयं को अलग रखेंगे क्योंकि यह समारोह अपूर्ण मंदिर होने की स्थिति में सम्पन्न हो रहा है।

कांग्रेस की ओर से निमंत्रण अस्वीकार करने के बाद भाजपा व मीडिया संस्थानों ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधा है और उस पर आरोप लगाया कि वह हिन्दू-विरोधी है और मुस्लिमों समर्थक पार्टी है। इन्होंने कांग्रेसी नेताओं के इफ्तार समारोह में शामिल होते हुए फोटो खबरों के साथ दिखाए हैं।

## आकाश-एनजी मिसाइल का सफल परीक्षण

नयी दिल्ली, 12 जनवरी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से नयी पीढी की आकाश-एनजी मिसाइल का सफल परीक्षण किया। मिसाइल के परीक्षण के दौरान कम ऊंचाई पर अधिक गति वाले एक मानव रहित लक्ष्य पर निशाना साधा गया। मिसाइल ने लक्ष्य पर अचूक निशाना साधते हुए उसे ध्वस्त कर दिया। इससे मिसाइल की हथियार प्रणाली के सुचारू कामकाज की पुष्टि हुई। मिसाइल की हथियार प्रणाली में देश में ही विकसित रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर, लांचर, मल्टी फंक्शन रडार और कमान, नियंत्रण एवं संचार प्रणाली शामिल हैं। इन प्रणालियों के प्रदर्शन को रडार, टेलीमिट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रेकिंग सिस्टम के जरिये परखा गया। परीक्षण के समय डीआरडीओ, वायु सेना, भारत डायनमिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# 'श्रृंगेरी और द्वारका ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- शंकराचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल नहीं होने के लिए कारण यह बताया है कि, प्राण प्रतिष्ठा शास्त्र के नियमों के अनुसार नहीं हो रही है।
- पुरी शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि, भाजपा-आर.एस.एस. फर्जी शंकराचार्य अधोक्षानंद को प्रोजैक्ट कर रही है, इन्हें प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भी बुलाया गया है।

शंकराचार्यों की तरफ से किये गये दावों और प्रतिदावों ने, भाजपा और कांग्रेस के बीच अयोध्या मुद्दे पर चल रहे कटु युद्ध में आग में घी डालने का काम कर दिया है।

हिन्दू धर्म के उत्थान के लिये समर्पित एक प्रकाशन, "द स्ट्रगल फॉर हिन्दू एग्ज़िसटैंस" ने शंकराचार्यों की आपत्तियों का विवरण प्रकाशित किया है।

प्रकाशन के अनुसार, पुरी के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने से इसलिए मना कर दिया क्योंकि उनको लगता है कि, केन्द्रीय सरकार अयोध्या में एक पवित्र मंदिर नहीं बल्कि एक मकबरा बना रही है।

उनका समारोह में न जाने का मानस उनकी राम में आस्था को नकारता नहीं है बल्कि ये कुछ अवसरवादी और षड़यंत्रकारी नेताओं के विरूद्ध एक सिद्धांतवादी दृष्टिकोण है। पुरी के शंकराचार्य ने भाजपा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और विश्व हिन्दू परिषद पर एक नकली शंकराचार्य, स्वामी अधोक्षजानन्द प्रोजैक्ट करने का आरोप लगाया है, जिनको समारोह में सम्मिलित होने का निमंत्रण भेजा गया है।

इसी दौरान, श्रृगेरी के शंकराचार्य भारती तीर्थ जी ने मंदिर के निर्माण के प्रति अपनी खुशी व्यक्त की है लेकिन ऐसे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को अनुचित मानते हैं जिसका निर्माण अभी अधूरा है। उनका मानना है कि सरकार राजनैतिक फायदे के लिये हिन्दुओं की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है।

द्वारका के शंकराचार्य सदानन्द सरस्वती जी ने भी पौष के अशुभ महीने में समारोह के आयोजन और इसके राजनीतिकरण पर सवाल उठाए हैं। इसके साथ ही उन्होंने मंदिर के पूर्ण निर्माण से पहले प्राण प्रतिष्ठा के औचित्य पर आपत्ति जताई है।

ज्योतिष पीठ के प्रमुख शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने कहा की वेदों के अनुसार, सिर्फ ब्राह्मण ही पुजारी बन सकते हैं और सदियों से चली प्रथाओं का अनुकरण करना चाहिए, वास्तव में उन्होंने एक शूद्र को पुजारी बनाने की आलोचना की है।

# नेता प्रतिपक्ष के नाम पर कांग्रेस अभी भी उलझन में

- आधा दर्जन नामों पर सबसे अधिक चर्चा है।
- 19 जनवरी से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र से पहले नाम की घोषणा की संभावना।

जयपुर 12 जनवरी (का.प्र.)। राजस्थान विधानसभा का सत्र 19 जनवरी से शुरू होने वाला है और अभी तक कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं किया है, हालांकि, विधायक दल की बैठक के बाद एक लाइन का प्रस्ताव आलाकमान के नाम भेज दिया गया था, लेकिन अभी तक राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष को लेकर फैसला नहीं हुआ है। दूसरी तरफ राजस्थान के साथ ही चुनाव हारने वाले राज्यों, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के बारे में फैसला उसी समय कर लिया गया था।

इस बारे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से पूछने पर उन्होंने कहा था कि, नेता प्रतिपक्ष की जरूरत विधानसभा में होती है और जल्द ही फैसला हो जाएगा। राजस्थान में कांग्रेस की हार के बाद अब 70 विधायकों का नेतृत्व सदन में कौन करेगा, इसे लेकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को फैसला लेना है। अभी तक तो ऐसा माना जा रहा था कि हरीश चौधरी को पंजाब प्रदेश के प्रभारी पद से हटकर राजस्थान में कोई जिम्मेदारी दी जाएगी, लेकिन हरीश चौधरी को लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए दक्षिणी भारत के चार राज्यों का जिम्मा दे दिया गया है। राजस्थान में लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए चुनाव समिति बनाकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को जिम्मेदारी दे दी गई है। इससे यह तो तय हो गया है कि, इन दोनों में से कोई नेता प्रतिपक्ष नहीं बन रहा और गोविंद सिंह डोटासरा लोकसभा चुनाव तक तो प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रहने वाले हैं। सचिन पायलट को भी पार्टी महासचिव व छत्तीसगढ़ का प्रभारी बना दिया गया है, इसलिए वो प्रतिपक्ष के नेता नहीं होंगे।

अब सवाल यह उठता है कि, आखिरकार राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष कौन बनेगा। इस पद के लिए कई नेताओं के नाम लिए जा रहे हैं। सबसे पहले महेंद्रजीत सिंह मालवीय का नाम सामने आया था, लेकिन सदन में वाकपटुता और बेहतर भाषण देने वाले नेता की जरूरत होती है और मालवीय इस मामले में फिट नहीं बैठते। वो कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य भी हैं। ऐसे में उनकी संभावनाएं कम हो गई हैं।

मालवीय के बाद वरिष्ठ विधायकों की बात करें,तो सीकर से विधायक राजेंद्र पारीक का नाम भी प्रमुखता से नेता प्रतिपक्ष के लिए लिया जा रहा है। राजेंद्र पारीक को सदन का अनुभव भी है और वे सभापति पैनल में भी रह चुके हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि, पार्टी उन्हें नेता प्रतिपक्ष बन सकती है।

हरिमोहन शर्मा के नाम की भी चर्चा है, जो बूंदी से चुनाव जीतकर आए हैं और पूर्व में मंत्री भी रह चुके हैं। हालांकि उनकी उम्र और स्वास्थ्य उनके आड़े आ सकता है।

यदि पार्टी ने किसी नए नेता के नाम पर चर्चा की तो दो नाम उभर कर सामने आ रहे हैं। पहला नाम है अशोक चांदना का, जो तीसरी बार विधायक बने हैं और गहलोत सरकार में युवा और खेल मामलों के मंत्री थे। इनकी भाषण शैली आक्रामक है और सदन में मंत्री के तौर पर ये बेहतर जवाब देते थे साथ ही जब विपक्ष में थे तो मुद्दों पर चर्चा किया करते थे। इसलिए इनका नाम भी चर्चाओं में आया है।

दूसरी तरफ यदि पार्टी के किसी अनुसूचित जाति के नेता को नेता प्रतिपक्ष बनाने की बात होती है, तो पूर्व मंत्री टीकाराम जूली ,जो अलवर ग्रामीण से लगातार चुनाव जीत रहे हैं को इस पद के लिए चुना जा सकता है। जूली भंवर जितेंद्र सिंह की पसंद हैं, जो दिल्ली दरबार के नजदीकी नेता माने जाते हैं।

हालांकि, पुराने चेहरों में मुरारी लाल मीणा और बृजेंद्र ओला जैसे भी नेता हैं लेकिन बृजेंद्र ओला आक्रामक नहीं हैं और चूँकि शेखावाटी से गोविंद सिंह डोटासरा प्रदेश अध्यक्ष हैं, तो ओला के नेता प्रतिपक्ष बनने की संभावना कम हो जाती है। मुरारी लाल मीणा को लेकर कहा जाता है कि वे सचिन पायलट खेमे के हैं और उनके नाम पर अशोक गहलोत और उनके समर्थक विधायक तैयार नहीं होंगे। अब देखना यह है कि क्या अगले एक-दो दिन में नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा हो जाएगी। क्योंकि सदन 19 जनवरी से शुरू होगा, लेकिन उससे पहले विपक्षी पार्टी के विधायकों की रणनीतिक बैठक होती है, जिसमें सदन में होने वाली कार्यवाही के दौरान विधायकों को टास्क दिया जाता है, उसे बैठक से पहले नेता प्रतिपक्ष बनाया जाना जरूरी होता है। इसलिए पूरी संभावना है कि, अगले दो-तीन दिन में नेता प्रतिपक्ष को लेकर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व अंतिम फैसला कर देगा।

## 9 राज्यों के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कांग्रेस ने शुक्रवार को दिल्ली में सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा की। दोनों पार्टियां दिल्ली की सात सीटों में से चार-चार सीटें चाहते हैं। आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर उनके गठबंधन की आगे की राह तय करने के लिए यह उनकी दूसरी बैठक हुई है। हरियाणा में कांग्रेस से आप पार्टी सात सीटें बंटवारे में चाहती है।

लोकसभा के आम चुनावों के लिए अब लगभग तीन माह का समय शेष रह गया है और इंडिया ब्लॉक के सहयोगी दलों को अपनी सीटों की भागीदारी को लेकर अपनी चर्चा को अंतिम अंजाम तक पहुंचाने के लिए बहुत कम समय बचा है।

## 'आम जनता ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रदेशभर में भाजपा की ओर से रामलला बिराजमान होने का उत्सब बड़े स्तर पर मनाने की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। सरकार संभवत: एकाध दिन में सरकारी स्तर के कार्यक्रमों की घोषणा कर सकती है। शनिवार को भाजपा ऑफिस में फिर बड़ी बैठक प्रस्तावित है, जिसमें बैठक में हुए निर्णयों को मूर्तरूप देने के लिए जिम्मेदारियां तय होंगी।

बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह, अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी, छत्तीसगढ़ के प्रभारी ओमप्रकाश माथुर, डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा, मंत्री जोगाराम पटेल, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, अशोक परनामी, अरुण चतुर्वेदी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, तिजारा विधायक बाबा बालकनाथ, सांसद सुखबीर सिंह जोनापुरिया सहित प्रदेश पदाधिकारी मौजूद थे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908